CMYK

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 19°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 10 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 272 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 22 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार आज!

पेज 2



केएल राहुल ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर रहे बरकरार

खेल टाइम्स



ईरान में प्रमुख ताकत बनकर उभरे मुजतबा खामेनेई

पेज 11



भोपाल में 16 मई को होगा 'पेड्डी' का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च

बॉलीवुड

# सुवेंदु अधिकारी बने बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री

**कोलकाता, वार्ता**

**सुवेंदु अधिकारी** शनिवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बन गए। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री को झुककर प्रणाम किया। सुवेंदु अधिकारी के साथ 5 और विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे। कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। एनडीए और भाजपा शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में पहुंचे। पीएम रोड शो करते हुए कार्यक्रम में पहुंचे, मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर



**■ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू, निषिथ प्रमाणिक मंत्री बने, बांग्ला में शपथ ली**

### मुख्यमंत्री सुवेंदु ने 'सोनार बांग्ला' और सुरक्षा का संकल्प दोहराया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने बतौर मुख्यमंत्री अपने संदेश में कहा है कि उनकी सरकार सोनार बांग्ला के निर्माण के लक्ष्य को लेकर राज्य के प्रत्येक नागरिक के प्रति उत्तरदाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास, रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, सांस्कृतिक गरिमा और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना ही उनके शासन के प्राथमिक स्तंभ होंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि बंगाल की जनता ने उन्हें 'सेवक' के रूप में चुना है और जनता ने जो अवसर प्रदान किया है, वह उसके लिए सदैव ऋणी रहेंगे।

### मोदी ने 98 वर्षीय कार्यकर्ता के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर एक भावुक और ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सबसे पुराने और सम्मानित कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार का पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। 98 वर्ष की आयु में भी माखनलाल सरकार स्वतंत्रता के बाद के भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन की जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं। उनका राजनीतिक और सामाजिक योगदान दशकों पुराना है।

# TVK को 121 विधायकों का समर्थन

## तमिलनाडु में विजय के सीएम बनने का रास्ता साफ

**चेन्नई, वार्ता**



**तमिलनाडु में** सरकार बनाने के लिए टीवीके प्रमुख विजय ने शनिवार को 121 विधायकों के समर्थन का पत्र राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर को सौंपा। इसी के साथ राज्य में सरकार गठन को लेकर जारी सस्पेंस अब लगभग खत्म हो गया है।

रिपोर्ट्स की मानें, तो रविवार शाम को विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। वीसीके ने आधिकारिक तौर पर टीवीके प्रमुख विजय को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। साथ ही आईयूएमएल के दो विधायकों ने भी समर्थन दे दिया है। इसके साथ ही टीवीके राज्य विधानसभा में बहुमत के जादुई आंकड़े 118 के पार पहुंच गई है। वीसीके अध्यक्ष थोल. थिरुमावलवन ने टीवीके की ओर से चुनाव अभियान प्रबंधन संभाल रहे महासचिव आधव अर्जुना को समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी तमिलनाडु में टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार के गठन का समर्थन करेगी।

**■ टीवीके को वीसीके व आईयूएमएल ने भी दिया समर्थन, रविवार शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं विजय**

वीसीके के समर्थन के बाद विजय के नेतृत्व में सरकार गठन का रास्ता आसान हो गया है। एक्टर विजय शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात करके सरकार बनाने का दावा पेश किया था। हालांकि उनके पास महज 116 विधायकों का ही समर्थन पत्र था। इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। तब राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते। कांग्रेस उन्हें सबसे पहले समर्थन देने वाले दलों में से एक। इनके पास 5 विधायक हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने स्थिर और लोकतांत्रिक शासन के लिए अपना समर्थन दिया है। इनके पास 2 विधायक हैं। माकपा ने भी आधिकारिक तौर पर टीवीके को समर्थन पत्र सौंपा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्नि की एडवांस मिसाइल का सफल परीक्षण



**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के डा. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल परीक्षण सेंटर से अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मिसाइल में मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) सिस्टम लगाया गया है, जिससे एक साथ कई परमाणु हथियारों को ले जाया जा सकता है। साथ ही एक बार में कई टारगेट को निशाना बनाया जा सकता है।

### अगले हफ्ते पाक में वार्ता करेंगे अमेरिका-ईरान!

**वाशिंगटन/तेहरान।** व्हाइट हाउस द्वारा ईरान से संघर्ष समाप्ति संबंधी प्रस्ताव पर जवाब की प्रतीक्षा के बीच खबरें सामने आई हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता अगले सप्ताह पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर शुरू हो सकती है। दोनों पक्ष मध्यस्थों के साथ मिलकर एक पृष्ठ के 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार कर रहे हैं।

### ईडी की रेड के बाद पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब की राजनीति में शनिवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। पंजाब सरकार के मंत्री और 'आप' के नेता संजीव अरोड़ा को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि लंबे समय तक पूछताछ और छापेमारी के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की। सूत्रों के मुताबिक, संजीव अरोड़ा के कई करीबी लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।

# लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि होंगे नए CDS

**नई दिल्ली।** रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि देश के अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) होंगे। केंद्र ने शनिवार को इसका ऐलान किया। सुब्रमणि रक्षा मामलों के विभाग के सचिव की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। सरकार ने वॉइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। दोनों 31 मई को कार्यभार संभालेंगे।

मौजूदा सीडीएस अनिल चौहान का कार्यकाल 30 मई को खत्म हो रहा है। एनएस राजा सुब्रमणि देश के तीसरे सीडीएस होंगे। एनएस राजा सुब्रमणि करीब 39 साल की सर्विस के बाद 31 जुलाई 2025 को वॉइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के पद से रिटायर हुए थे। एनएस राजा सुब्रमणि ने दिसम्बर 1985 में गढ़वाल राइफल्स से सेना में कमीशन लिया था। उन्होंने नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) से सैन्य प्रशिक्षण हासिल किया। इसके बाद वे ब्रिटेन के ब्रैकनेल स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज भी गए। भारत लौटने के बाद उन्हें माउंटेन ब्रिगेड में ब्रिगेड मेजर की जिम्मेदारी दी गई। बाद में उन्होंने दिल्ली के नेशनल डिफेंस कॉलेज से पढ़ाई की। उनके पास लंदन के किंग्स कॉलेज से मास्टर ऑफ आर्ट्स और मद्रास यूनिवर्सिटी से डिफेंस स्टडीज में एमफिल की डिग्री भी है। सुब्रमणि वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। यह पद उन्होंने सितम्बर 2025 से संभाला हुआ है। इससे पहले उन्होंने जुलाई 2024 से जुलाई 2025 के बीच सेना उप-प्रमुख के रूप में कार्य किया था। 35 साल से ज्यादा लंबे सैन्य करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनल और रणनीतिक पदों पर कार्य किया है।



**■ वॉइस एडमिरल स्वामीनाथन एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की जगह नए नौसेना प्रमुख नियुक्त किए गए**

# अनिल अंबानी की कंपनियों पर ताबड़तोड़ छापे

**नई दिल्ली।** देश के बैंकिंग सेक्टर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाने वाले कथित घोटाले में सीबीआई ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए ग्रुप की कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ मुंबई में 17 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई कॉर्पोरेट गवर्नेंस और बैंक फंड की हेराफेरी के बड़े मामलों पर जांच एजेंसियों के कड़े रुख को दर्शाती है।

सीबीआई के प्रवक्ता के अनुसार, यह सर्च आपरेशन रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन अलग-अलग मामलों के तहत किया गया है। इसके साथ ही उन बिचौलिया कंपनियों के दफ्तरों को भी खंगाला गया, जिनके खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर बैंक फंड को डायवर्ट (हेराफेरी) करने के लिए किया गया था। शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से सर्च वारंट हासिल करने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इस पूरे कथित घोटाले का वित्तीय प्रभाव बेहद व्यापक है। अधिकारियों के मुताबिक, इन मामलों में सरकारी बैंकों और एलआईसी को कुल मिलाकर लगभग 27,337 करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि फंड डायवर्ट करने के लिए इस्तेमाल की गई कई बिचौलिया कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं।



**■ 27337 करोड़ के घोटाले में सीबीआई ने की कार्रवाई**

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
NAAC A++ UGC
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
Welcome to the WORLD of
Admission Open
SRGC - SHRI RAM GROUP OF COLLEGES



Scholarship more than ₹ 10 Crores Available
Shri Ram College of Pharmacy Diploma Ranked 15th with 'A' Grade by SIRF UP Govt Muzaffarnagar

Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CSE, AI & ML, Data Science, CE, ME, EE, ECE) | BArch | MCA
MBA (Agribusiness Management)
MBA (Banking & Financial Services)
MBA (Business Analytics) | MBA
DPharm | Polytechnic (CE, ME, EE)
'A' Grade by SIRF

Shri Ram Polytechnic
'A' Grade by SIRF
Polytechnic (CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm

Shri Ram College of Law
LLB (3 Years Course)
BALLB | BComLLB (5 Years Courses)

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc- Agronomy, Agri Chemistry & Soil Sc | BSc- Phy, Chem, Mathematics, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chemistry Zoology, Botany | BSc- Biotech | BSc- Microbio MSc- Biotech, | MSc-Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing &Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | MPEd | BEd | MEd | BABEd | BScBEd | BComBEd (under ITEP) Apprenticeship Embedded Degree Programms (AEDP)- BCom - Banking, Financial Services & Insurance, BSc - Tourism & Hospitality Management

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927079966, 9927074735; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agri: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Journalism: 9927668855; Home Sc & AEDP: 8800538281

For Admission/ Registration in college, Click on below link: https://srgcerp.in/studentapplication.aspx or Scan QR Code

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जनसेवा का संकल्प और मजबूत हुआ: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने स्वास्थ्य लाभ के बाद सक्रिय राजनीति और जनसेवा के कार्यों में वापसी कर ली है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की दुआओं और बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा से वह पूरी तरह स्वस्थ होकर पुनः कांग्रेस मुख्यालय पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेदांता अस्पताल में उपचार के दौरान उन्हें प्रदेशभर से अपार स्नेह, शुभकामनाएं और समर्थन मिला, जिसने उन्हें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया। अजय राय ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यालय पहुंचने पर साथियों और समर्थकों का उत्साह देखकर वह भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी की आंखों में आए खुशी के आंसू कार्यकर्ताओं के इसी प्रेम और विश्वास का प्रमाण हैं।

### मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल के नए मंत्रियों को दी शुभकामनाएं

**लखनऊ/कोलकाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री और मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने संदेश में नए मंत्रियों से जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए 'सोनार बांग्ला' के गौरव को पुनर्स्थापित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में लिखा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी मंत्री जनसेवा को सर्वोच्च मानकर कार्य करेंगे और पश्चिम बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे।

## इलेक्शन माफिया से लड़ना होगा: अखिलेश

### महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिन का अवकाश घोषित करेंगे: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऐलान किया कि महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिन का अवकाश घोषित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा।

अखिलेश ने बीजेपी को दरारवादी करार दिया और कहा कि बीजेपी के लोग दरारवादी हैं, आपस में झगड़ा करवाने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के पास कोई काम नहीं है, ये लोग बस नकारात्मकता फैलाते हैं और एक-दूसरे के बीच लड़ाई लगवाते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि हमको



■ बीजेपी दरारवादी पार्टी आपस में करवाती है झगड़ा

मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया का मुकाबला करना होगा। जिन्हें लोकतंत्र और संविधान को बचाना है, उन्हें इससे लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पूरे इंग्लैंड ने कल बैलेट से वोट डाला है, क्या हम आगे हैं इंग्लैंड से?। उन्होंने कहा कि चुनाव बैलेट पेपर से हो, यह समाजवादी पार्टी की पुरानी मांग है। उन्होंने कहा कि हम ईवीएम से भी इनको हराएंगे और जीतने के बाद ईवीएम हटाएंगे। उन्होंने कहा कि कल एक विकसित देश में बैलेट से वोट डाले गए, बैलेट से वोट पड़े, ये मांग हमारी रहेगी। वहीं एनसीआरबी के आंकड़ों पर अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के जो आंकड़े हैं एनसीआरबी के वो सरकार के ही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं और बेटियां प्रदेश में असुरक्षित हैं, उनमें डर का माहौल है। उन्होंने कहा कि जो जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं उन्होंने ला एंड ऑर्डर जीरो कर दिया। सपा प्रमुख ने कहा कि आने वाले समय में जब भी समाजवादी पार्टी की सरकार होगी, तो महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिन का अवकाश घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गोमती रिवर फ्रंट पर पार्टी महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा लगाएगी, जिसमें चेतक भी होगा, सोने का भाला भी होगा।

## मई के पहले हफ्ते में उप्र में सामान्य से 730 फीसदी अधिक बारिश

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश में मई के पहले सप्ताह में सामान्य से कई गुना अधिक बारिश ने मौसम वैज्ञानिको को हैरान कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार एक से सात मई के बीच प्रदेश में सामान्य 3.3 मिमी के मुकाबले 27.4 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से लगभग 730 प्रतिशत अधिक है।

बेमौसम बारिश और लगातार बादल छाए रहने के कारण प्रदेशभर में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई तथा कई शहरों में मई माह के न्यूनतम अधिकतम तापमान के पुराने रिकॉर्ड टूटने की स्थिति बन गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सामान्य 2.7 मिमी के मुकाबले 23.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य 3.8 मिमी के मुकाबले 30.1 मिमी बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मई के पहले सप्ताह में इतनी अधिक वर्षा सामान्य स्थिति नहीं मानी जाती। बारिश और ठंडी हवाओं का असर तापमान पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। पांच मई को



■ 14 मई तक सामान्य से कम बारिश होने की संभावना

लखनऊ का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 11.4 डिग्री कम था। यह मई माह में लखनऊ का दूसरा सबसे कम अधिकतम तापमान माना गया। इससे पहले मई 2021 में 27.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था। इसी दिन आगरा में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पूर्वांचल में भी मौसम का प्रभाव असामान्य रूप से देखने को मिला। एक मई को गोरखपुर में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 11.7 डिग्री कम था। यह मई माह में गोरखपुर का तीसरा सबसे कम अधिकतम तापमान रहा। वहीं बलिया में अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 9.8 डिग्री कम रहा और इसे मई माह का पांचवां सबसे कम अधिकतम तापमान माना गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में बेमौसम बारिश का सिलसिला एक मार्च से लगातार जारी है। एक मार्च से सात मई के बीच पूरे उत्तर प्रदेश में सामान्य 18.2 मिमी के मुकाबले 48.8 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 168 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 46.9 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य आंकड़ा 19.4 मिमी है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य 17.4 मिमी के मुकाबले 50.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार आठ से 14 मई के बीच प्रदेश में कुल मिलाकर सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है, हालांकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है।

### 2027 से पहले उप्र भाजपा में बड़े बदलाव की तैयारी, राज्यपाल से मिले योगी

## यूपी मंत्रिमंडल का विस्तार आज, छह बनेंगे मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद अब भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व उत्तर प्रदेश पर फोकस करने जा रहा है। ऐसे में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले यूपी भाजपा में बड़े राजनीतिक और संगठनात्मक बदलावों की तैयारी तेज हो गई है। दरअसल पार्टी और सरकार स्तर पर होने वाले ये बदलाव भाजपा के लिए सामाजिक, क्षेत्रीय समीकरणों को साधने का अहम अवसर माने जा रहे हैं।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक संगठन में फेरबदल, योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट विस्तार तथा विभिन्न आयोगों, निंगमों और बोर्डों में खाली पदों



■ कैबिनेट विस्तार और संगठन में फेरबदल तथा आयोगों, निगमों और बोर्डों में खाली पदों पर नियुक्तियां जल्द

पर नियुक्तियां जल्द हो सकती हैं। इस संबंध में सीएम योगी शनिवार शाम राज्यपाल आनंदीपाल पटेल से मुलाकात की और उन्हें मंत्रिमंडल विस्तार की जानकारी दी। पार्टी का मानना है कि 2027 के चुनाव से पहले यह आखिरी बड़ा मौका होगा, जब विभिन्न जातीय और क्षेत्रीय समूहों को संतुलित तरीके से प्रतिनिधित्व दिया जा सके। भाजपा के एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार पश्चिम बंगाल में सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी होते ही केंद्रीय नेतृत्व उत्तर प्रदेश की ओर ध्यान देगा। संगठनात्मक बदलाव, कैबिनेट विस्तार और विभिन्न निंगमों-बोर्डों में नियुक्तियों को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी पहले ही हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि योगी सरकार में बहुप्रतीक्षित कैबिनेट फेरबदल 10 से 15 मई के बीच कभी भी हो सकता है।

भाजपा सांसद ने बताया कि भाजपा इस फेरबदल को केवल प्रशासनिक बदलाव तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसके जिरए स्पष्ट राजनीतिक संदेश देने की भी तैयारी है। लोकसभा चुनाव के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों और भाजपा के सामाजिक गठबंधन में आई चुनौतियों को देखते हुए पार्टी विभिन्न जातीय समूहों, क्षेत्रों और समुदायों के प्रतिनिधित्व का नए सिरे से आकलन कर रही है।

### कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी की होगी ताजपोशी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सूत्रों का दावा है कि छह मंत्री शपथ लेंगे। इससे पहले शनिवार को शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। हालांकि इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है। दरअसल यूपी में फिलहाल 54 मंत्री हैं। छह मंत्रियों की जगह खाली है। यहां पर कुल 60 मंत्री हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक जिन छह नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है, उनमें कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी का नाम शामिल है। बीते अप्रैल महीने में भी मंत्रिमंडल विस्तार के दावे किए जा रहे थे। खबरों के अनुसार प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही संगठन में भी फेरबदल किए जाएंगे।

## ममता के नेतृत्व में अपनी लड़ाई जारी रखेगी टीएमसी: अभिषेक

नई दिल्ली, वार्ता

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को कहा कि पार्टी सुश्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में 'बिना डरे और बिना किसी समझौते के' अपनी लड़ाई जारी रखेगी। अभिषेक ने अपने व्हॉटसऐप चैनल पर एक पोस्ट में पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया की तीखी आलोचना करते हुए बड़े पैमाने पर मतदाताओं को वोट देने से रोकने, संवैधानिक अधिकारियों के पक्षपातपूर्ण व्यवहार तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ चुनाव के बाद हिंसा का आरोप लगाया। उन्होंने वा किया कि लगभग '30 लाख असली मतदाताओं' को कथित तौर पर मतदाता सूची से हटा दिया गया था, जिसे उन्होंने 'बहुत मुश्किल चुनाव' बताया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत चुनाव आयोग के साथ-साथ कई सरकारी एजेंसियों ने पूरे चुनाव के दौरान 'बहुत ज्यादा पक्षपातपूर्ण व्यवहार' दिखाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं जो निष्पक्ष रूप से काम करने के लिए हैं, वे समझौता करती हुई दिखीं, जिससे पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा हुईं। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए ईवीएम को संभालने और उनकी मूवमेंट और जिसे उन्होंने 'कंट्रोल यूनिट्स का मिसमैच' कहा कि उससे जुड़े आरोपों का जिक्र किया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77958.52
निफ्टी 24330.95

सोना 152870 प्रति 10 ग्राम
चांदी 275100 प्रति किलो

## मई महीने से निकाल सकेंगे एटीएम से पीएफ का पैसा

नई दिल्ली, वार्ता

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ जल्द ही अपने करोड़ों खाताधारकों के लिए बड़ी सुविधा शुरू करने जा रहा है। मई के आखिर तक पीएफ का पैसा एटीएम और यूपीआई के जरिए निकालने की सुविधा शुरू हो सकती है। इससे करीब 7.8 करोड़ सब्सक्राइबर्स को बिना ज्यादा कागजी कार्रवाई के तुरंत पैसा मिल सकेगा।

नई सुविधा ईपीएफओ- 3 प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इसका मकसद पीएफ से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को आसान, तेज और पूरी तरह डिजिटल बनाना है। माना जा रहा है कि 2026 के मध्य तक यह सिस्टम पूरी तरह लागू हो जाएगा। इसके बाद पीएफ क्लेम, अकाउंट ट्रांसफर और पैसे निकालने जैसी सुविधाएं पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएंगी। ईपीएफओ-3 के तहत 5 लाख तक

■ नौकरी बदलने पर पीएफ अपने आप ट्रांसफर होगा

के क्लेम ऑटोमेटिक तरीके से सेटल किए जाएंगे। इससे क्लेम प्रोसेस का समय 10-20 दिन से घटकर सिर्फ 2 से 5 दिन रह सकता है। आधार से वेरिफाइड अकाउंट्स के लिए पासबुक या चेक की फोटो अपलोड करने की जरूरत भी नहीं होगी, पूरा प्रोसेस पेपरलेस रहेगा। नई व्यवस्था में ईपीएफओ अपने सदस्यों को एक खास एटीएम कार्ड देगा, जो सीधो उनके पीएफ अकाउंट से लिंक होगा। इस कार्ड की मदद से यूजर एटीएम मशीन से कैश निकाल सकेंगे। वहीं फोनपे, गूगलपे जैसे यूपीआई ऐप्स के जरिए भी पीएफ का पैसा बैंक खाते में ट्रांसफर किया जा सकेगा। शुरुआती चरण में 1 लाख रुपए तक की निकासी की सुविधा मिलने की संभावना है।

## सोने की तेजी पर लगा ब्रेक, लेकिन चांदी चमकी

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर शहरों में सोने की कीमतों में तेजी पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। शनिवार 9 मई की सुबह दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में सोने के दाम हल्के नरम हुए देखे गए हैं, जबकि चेन्नई में कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोने के मुकाबले चांदी की कीमतों में लगातार मजबूती बनी हुई है। 9 मई की सुबह चांदी का भाव बढ़कर 2,75,100 प्रति किलोग्राम पहुंच गया है। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,870 प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,670 प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में एक दिन पहले यानी शुक्रवार को सोने की कीमत 100 रुपये गिरकर 1,55,900 प्रति 10 ग्राम हो गई थी। वैश्विक बाजार की बात करें, तो हाजिर सोना फिलहाल 4,721 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार के उतार-चढ़ाव का असर घरेलू बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में एक दिन पहले चांदी की कीमत 200 रुपये गिरकर 2,61,300 प्रति किलोग्राम रह गई थी। हालांकि अब फिर इसमें तेजी देखने को मिल रही है।

## चावल नरम, गेहूं, चीनी में तेजी खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव टूट गया। गेहूं और चीनी में तेजी का रुख रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ देखी गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 89 रुपये गिरकर 3,761 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,785 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटा भी 33 रुपये चढ़ गया। दाल.दलहनों में उड़द दाल को छोड़कर अन्य में गिरावट रही। उड़द दाल 27 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 53 रुपये और मसूर दाल की 32 रुपये टूट गई। चना दाल 12 रुपये और मूंग दाल 10 रुपये सस्ती हो गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 20 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया, जबकि दूसरे तेलों में बढ़त देखी गई। मूंगफली तेल 96 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल और सोया तेल के दाम 51.51 रुपये बढ़ गए। सूरजमुखी तेल 31 रुपये और वनस्पति 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का



औसत भाव तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी 21 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7643.91 रुपये, मसूर काली 8081.76 रुपये, मूंग दाल 10161.75 रुपये, उड़द दाल 10849.80 रुपये, तुअर दाल 11193.35 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.54 रुपये और चावल 3760.80 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3290.45 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4335.64 रुपये और गुड़ 5038.48 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17911.69 रुपये, मूंगफली तेल 18968.57 रुपये, सूरजमुखी तेल 17536.84 रुपये, सोया तेल 14966.98 रुपये, पाम ऑयल 13577.73 रुपये और वनस्पति 14968.37 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## भाजपा के अत्याचारों के आगे पंजाब नहीं झुकेगा:केजरीवाल

**नई दिल्ली।** पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर शनिवार सुबह ईडी की रेड के बाद उन्हें गिरफ्तार किए जाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संजोयक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पंजाब के साथ अत्याचार हो रहा है। मोदी राज में एजेंसियों के दम पर विपक्षी नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल करवाने की राजनीति हो रही है। भाजपा के अत्याचारों के आगे पंजाब नहीं झुकेगा। केजरीवाल ने कहा, डराओ, खरीदो, तोड़ो और पार्टी में शामिल करवाओ, भाजपा अब सिर्फ इसी सिद्धांत पर काम कर रही है।अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जैसे ही बंगाल चुनाव खत्म हुए, मोदी ने पंजाब में रोज ईडी की रेड करना शुरू कर दिया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुवेंदु अधिकारी...** और मंत्रियों की शपथ पूरी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से घुटनों के बल झुककर बंगाल की जनता को प्रणाम किया। सुब्रत गुप्ता को सीएम सुवेंदु अधिकारी का सलाहकार बनाया गया है। वे चुनाव में विशेष पर्यवेक्षक थे। शपथ के बाद हरियाणा सीएम नायब सैनी, बिहार सीएम सम्राट चौधरी, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग, अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू और मेघालय सीएम कॉनराड संगमा ने एयरपोर्ट पर नजर आए। उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाया। शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के दिवंगत कार्यकर्ताओं देबाशीष मंडल, सौमित्र घोषाल और आनंद पाल के परिवारों से मुलाकात की।

## रशीदी की पुस्तक संविधान व कानून की जानकारी देगी

लखनऊ, वार्ता

मदरसों में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने के बीच एक खास पहल के तहत इन संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भारत के कानून और संविधान की जानकारी देने के लिए एक किताब तैयार की गई है।

जमीयत उलमा-ए-हिद उत्तर प्रदेश के विधिक सलाहकार मौलाना काब रशीदी द्वारा लिखित यह किताब भारत के संविधान और विभिन्न कानूनों की मूलभूत जानकारी को खुद में समेटे है। लेखक का दावा है कि इस पुस्तक से मदरसा छात्रों को कानूनी तथा संवैधानिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के बारे में भी जानकारी मिलेगी जिससे वह बेहतर नागरिक भी बनेंगे। 'भारतीय संविधान, एक वैचारिक अध्ययन' शीर्षक वाली इस किताब में कुल सात अध्याय हैं और इस किताब को

■ मदरसा छात्रों के लिए होगी ज्ञानवर्धक, देश के मदरसों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा

मनोवैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया है, ताकि मदरसों के बच्चे इसमें शामिल सामग्री को बेहतर ढंग से समझ सकें और उसे अपने जीवन में उतार सकें। इस किताब को मदरसों के 'सौम' दर्जे से पढ़ाया जाएगा जो आमतौर पर इंटरमीडिएट के समकक्ष माना जाता है। यह किताब पांच खंडों में होगी और इसका 10 भारतीय भाषाओं में अनुवाद भी कराया जाएगा, ताकि यह पूरे मुल्क में पहुंचे।

मौलाना ने कहा कि भारत की आजादी से लेकर सामाजिक क्षेत्र में भी मदरसों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मदरसे स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र रहे हैं। हालांकि देश के मदरसों में लागू पाठ्यक्रमों में संविधान और कानून को एक विषय में के रूप में पढ़ाए जाने के उदाहरण लगभग ना के बराबर हैं। लिहाजा मौजूदा हालात में बहुत जरूरी है कि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को और अच्छा तथा ज्यादा जागरूक नागरिक बनाने के लिए उन्हें मुल्क के कानून और संविधान के बारे में भी पढ़ाया जाए। यह पुस्तक इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए ही तैयार की गई है।

मौलाना रशीदी ने बताया कि इस किताब को देश के सभी मदरसों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, इसके लिए व्यापक अभियान चलाते हुए मुल्क के तमाम मदरसों तथा दीनी तालीम देने वाले अन्य इदारों से संपर्क किया जाएगा। इसके अलावा तमाम मस्जिदों में भी जाकर इस सिलसिले में जिम्मेदार लोगों को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही इसके लिए देश की विभिन्न मदरसा शिक्षा परिषदों से भी संपर्क किया जाएगा कि वे अपनी निंगरानी वाले मदरसों के पाठ्यक्रम में इस किताब को भी शामिल करें। यह किताब दरअसल मदरसों में सुधार (रिफॉर्म्स) की एक शुरुआत है। मदरसों के संस्थापकों ने जिस मकसद से इन संस्थानों की नींव रखी थी, अगर सुधार के नाम पर उसी मकसद को नजरअंदाज कर दिया गया, तो ऐसे सुधार आने वाली पीढ़ियों के लिए अच्छे संकेत नहीं होंगे।

सही सुधार वही है, जो परंपरा और मूल उद्देश्यों को बचाते हुए समय के साथ आगे बढ़े। मौलाना रशीदी ने कहा कि वर्तमान हालात में 'संविधान परक चेतना' अब सिर्फ एक एकेडमिक जरूरत ही नहीं, बल्कि मदरसों से जुड़े लोगों के लिए एक अनिवार्य कर्तव्य भी बन गई है। यही सोच इस पुस्तक की रचना की प्रेरक बनी।

## सुभेंदु मंत्रिमंडल में समुदायों व पार्टी के बीच संतुलन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के मंत्रिमंडल में संगठनात्मक गुटों, क्षेत्रीय आकांक्षाओं एवं सामुदायिक प्रतिनिधित्व के बीच संतुलन स्थापित किया गया है।

कोलकाता के विशाल ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के कई मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में अधिकारी ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली जिससे राज्य में भाजपा को मिले भारी जनादेश के बाद कई दिनों से चल रही अटकलों का अंत हो गया। अधिकारी के साथ, पांच वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली जिसमें दिलीप घोष, अग्निमित्र पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू और निसिथ प्रमाणिक शामिल हैं। इन

■ जनादेश के बाद अटकलों पर लगा विराम

पांच मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल करना भाजपा के शासन मॉडल को व्यापक बनाने के लिए एक सुविचारित राजनीतिक रणनीति को दर्शाता है, साथ ही पार्टी में क्षेत्रों, समुदायों एवं गुटों के बीच एक नाजुक संतुलन स्थापित करने की कोशिश भी करता है।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि दिलीप घोष को मंत्रिमंडल में शामिल करने का उद्देश्य पार्टी के पुराने और नए गुटों के बीच लंबे समय से चली आ रही खाई को पाटना है। घोष 30 वर्षों से अधिक समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक (पूर्णकालिक प्रचारक) रहे जिसके बाद उन्हें भाजपा में शामिल किया गया।

# केदारनाथ धाम पहुंचे राज्यपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** राज्यपाल उत्तराखंड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि.) शनिवार को केदारनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा केदार के दिव्य दर्शन कर यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं विश्व कल्याण, मानवता की समृद्धि तथा उत्तराखण्ड के सतत विकास की कामना की।

राज्यपाल ने अत्यंत अल्प समय में ही बाबा के दर्शन किए, जिससे श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई।

उनके आगमन के दौरान एक पल के लिए भी श्रद्धालुओं को दर्शन को लेकर नहीं रोका गया तथा पूरी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रही। राज्यपाल ने इस व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों की सराहना की।

अपने भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने मुख्य रूप से श्रद्धालुओं से संवाद स्थापित कर यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर उनका फीडबैक एवं सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनके यात्रा अनुभव जाने तथा प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही



■ श्रद्धालुओं से किया संवाद, स्वच्छता एवं सुगम यात्रा व्यवस्था पर दिया विशेष जोर ■ बाबा केदार के दर्शन कर पुनर्निर्माण कार्यों एवं यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। श्रद्धालुओं ने यात्रा मार्ग, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता एवं दर्शन व्यवस्था को लेकर संतोष व्यक्त किया।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि बाबा केदार के दर्शन प्राप्त होना अत्यंत सौभाग्य एवं आध्यात्मिक अनुभूति का विषय है।

उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम में विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं से संवाद स्थापित कर उनके सुझावों एवं समस्याओं को सुनने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुचारू, सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने को लेकर पूरे वर्षभर सभी विभाग, स्थानीय लोग, प्रशासन, पुलिस, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं सेवा से जुड़े लोग निरंतर मेहनत करते हैं।

इस अवसर पर केदार सभा के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद तिवारी, वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित उमेश चन्द्र पोस्ती, विनीत पोस्ती, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, उप जिलाधिकारी/यात्रा मजिस्ट्रेट कृष्णा त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सीएम ने विकास योजनाओं के लिए दी 256 करोड़ की स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं के साथ ही कुम्भ मेला-2027 से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए 256 करोड की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग की अवशेष धनराशि से प्रत्येक जनपद को राहत एवं बचाव मद में 3.00 करोड, पुनर्प्राप्ति एवं पुनर्निर्माण मद में 5.00 करोड़ तथा तैयारी एवं क्षमता विकास मद में 2.00 करोड़, इस प्रकार प्रति जनपद 10.00 करोड़, कुल धनराशि 130 करोड़ अवमुक्त किये जाने के साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक में उत्तराखण्ड राज्य में समस्त जिलाधिकारियों को नोन एसडीआरएफ (जिलाधिकारियों के लिए आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण) में प्राविधानित धनराशि 39.00 करोड़ के सापेक्ष प्रति जनपद धनराशि

■ मुख्यमंत्री ने सुनहरा मार्ग चौराहा, रुड़की का नाम शहीद चौक रखे जाने का किया अनुमोदन

2.00 करोड़, कुल धनराशि 26.00 करोड़ स्वीकृति दी है।

सीएम ने कुम्भ मेला 2027 के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-58 से औद्योगिक क्षेत्र तक चार लेन मार्ग के नवीनीकरण के लिए 2.72 करोड, पथुलोक बैराज मार्ग के किमी0 0.00 से 5.00 तक बी०सी० द्वारा सुधार कार्य के लिए 2.13 करोड तथा बहादराबाद रोहाल्की तिराहे से अलीपुर सुकरा. सा पथरी अम्बूवाला मार्ग के नवीनीकरण कार्य के लिए 1.36 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद देहरादून की पित्थूवाला शाखा में कमला पैलेस एवं जीएमएस रोड क्षेत्र में नलकूप निर्माण, राईजिंग मेन और वितरण प्रणाली एवं तत्संबंधी कार्यों के लिए 20.37 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। सीएम ने एसएएससीआई कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद रुद्रप्रयाग के तिलवाडा नगर पंचायत पेयजल योजना के लिए 39.86 करोड, जनपद चमोली की पीपलकोटी नगर पंचायत पेयजल योजना के लिए 24.38 करोड तथा जनपद टिहरी गढ़वाल की हिण्डोलाखाल पम्पिंग पेयजल योजना को 9.73 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। सीएम ने रुड़की नगर निगम में सुनहरा मार्ग चौराहे का नाम शहीद चौक रखे जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

## शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार के गठन के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

भाजपा विधायक दल के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। साथ में मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। मुख्यमंत्री धामी ने सीएम शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल की कमान संभालने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।



शपथ ग्रहण के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्री व विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री समारोह में उपस्थित रहे।

## विकसित भारत निर्माण के लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ता संकल्प के साथ भाजपा प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

# राष्ट्र व समाज के सपनों को साकार कर रहे मोदी: मौर्य

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विकसित भारत निर्माण में प्रत्येक नागरिक का योगदान सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ता संकल्प के साथ भाजपा महानगर प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप बोलते हुए राज्यसभा सांसद और प्रशिक्षण महाअभियान के क्षेत्रीय प्रभारी अमरपाल मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र और समाज के सपनों को देशवा. सियों के सहयोग से साकार कर रहे हैं। राष्ट्रहित में नित नई नई चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें मजबूत पार्टी और मजबूत पार्टी के लिए समर्थ कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है। इस अवसर पर अंत्योदया सिद्धांतों को धरातल पर उतारते, डबल इंजन सरकार के प्रयासों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई।

शनिवार को देहरादून भारतीय जनता पार्टी, देहरादून महानगर इकाई द्वारा आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान -2026' का शुभारम्भ पटेल नगर स्थित एक होटल में विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। इस दो दिवसीय वर्ग में 12 सत्रों में अलग अलग विषयों पर



■ दो दिन चलेगा प्रशिक्षण, अंत्योदया सिद्धांतों को धरातल पर उतारते डबल इंजन सरकार के प्रयासों पर प्रदर्शनी आयोजित

कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख पार्टी का सैद्धांतिक अधिष्ठान, पार्टी का इतिहास एवं विकास, कार्यकर्ता विकास, कार्य पद्धति, देश समाज के समक्ष समसामयिक चौनौतियां, व्यवहारिक सत्र, संगठन के स्थाई कार्यक्रम, मीडिया और सोशल प्रबंधन और केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां आदि। प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विषयों पर गंभीरता एवं उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस प्रशिक्षण महाअभियान में बिहार, उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखण्ड क्षेत्रीय प्रमुख एवं राज्यसभा सांसद एवं यूपी के प्रदेश महामंत्री डॉ. अमर पाल मौर्य द्वारा मार्गदर्शन किया गया। उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का एक व्यापक वैचारिक अभियान है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित होती है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है। उन्होंने कहा, राष्ट्र और समाज जीवन के सपनों को मोदी के नेतृत्व आज देश पूरा कर रहा है।

प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए, भाजपा की संगठनात्मक कार्यपद्धति, वैचारिक आधार, अनुशासन, सेवा भाव एवं "राष्ट्रहित सर्वोपरि" के मूल मंत्र पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने अपने प्रशिक्षक संविधान में सक्षम, कुशल और समर्पित कार्यकर्ता निर्माण को लेकर विस्तार से जानकारी दी। वर्ग के प्रथम सत्र की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने की। प्रशिक्षण वर्ग में अभियान के प्रदेश प्रमुख एवं देहरादून जिला वर्ग प्रभारी, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, कैबिनेट मंत्री खजान दास, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महानगर प्रभारी राकेश गिरी, महानगर सह प्रभारी संजय गुप्ता, धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, कैंट विधायक सविता कपूर, रायपुर विधायक उमेश शर्मा 'काऊ', मेयर सौरभ थपलियाल सहित अनेक राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, महानगर, मंडल, मोर्चा पदाधिकारी, पार्षद, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीन दिन प्रदेशभर में विपक्षी दलों का पुतला दहन करेगा भाजपा महिला मोर्चा

■ चंपावत प्रकरण में कांग्रेस एवं विपक्षी दलों की साजिश के खिलाफ 11 मई तक प्रदेश भर में होगा विरोध प्रदर्शन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, उत्तराखंड ने चंपावत में भाजपा की छवि धूमिल करने एवं प्रदेश का माहौल खराब करने के उद्देश्य से कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा किए जा रहे षड्यंत्रों के विरोध में प्रदेशभर में प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में यह कार्यक्रम 09 मई से 11 मई तक विभिन्न जनपदों में आयोजित होंगे।

प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि कांग्रेस एवं विपक्षी दल लगातार महिलाओं, युवाओं एवं समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। चंपावत प्रकरण को राजनीतिक रंग देकर भाजपा सरकार एवं संगठन की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे प्रदेश की मातृशक्ति कभी सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव महिला सम्मान, सुरक्षा एवं न्याय के पक्ष में खड़ी रही है, जबकि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं की भावनाओं का राजनीतिक लाभ लेने का काम किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल सुनियोजित तरीके से प्रदेश में अराजकता का वातावरण बनाना चाहते हैं, लेकिन उत्तराखंड की जनता उनके षड्यंत्रों को भलीभांति समझ चुकी है। महिला मोर्चा प्रदेशभर में प्रेस वार्ता कर जनता को वास्तविक तथ्यों से अवगत कराएगा तथा कांग्रेस के दो. हरे चरित्र को उजागर करेगा।रुचि भट्ट ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश की महिलाओं की आवाज बनकर कांग्रेस एवं विपक्ष की नकारात्मक राजनीति का मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति से इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

### जनपदों में इन्हें मिली जिम्मेदारी

महिला मोर्चा के आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत उत्तरकाशी में डॉ स्वराज विद्वान, चमोली में पुष्पा पासवान एवं दमयंती रतूड़ी, रुद्रप्रयाग में आशा नौटियाल, टिहरी में गीता रावत, देहरादून ग्रामीण में मधु चौहान एवं नीरू देवी, ऋषिकेश में नेहा जोशी, हरिद्वार में किरण जैसल एवं अन्नू कक्कड़, रुड़की में श्रीमती विनोद अग्रवाल एवं अनीता अग्रवाल, कोटद्वार में मधु भट्ट, पौड़ी में सुषमा रावत, पिथौरागढ़ में कल्पना देवलाल एवं कमला चुफाल, बागेश्वर में प्रभा गाड़िया एवं पार्वती दास, रानीखेत में विमला रावत एवं ज्योति शाह, अल्मोड़ा में किरण पंत एवं गंगा बिष्ट, चंपावत में रुचि भट्ट और हेमा जोशी, नैनीताल में रुचि भट्ट एवं शांति मेहरा, काशीपुर में सीमा चौहान एवं ऊषा चौधरी एवं ऊधमसिंह नगर में रुचि भट्ट एवं रश्मि रस्तोगी प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में रहेगी। साथ ही विभिन्न जिलों में पुतला दहन के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में महिला मोर्चा की वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# काशीपुर से आए कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय देहरादून में प्रदेश महामंत्री कुंदन सिंह परिहार की मौजूदगी में काशीपुर विधानसभा क्षेत्र से आए दो दर्जन से अधिक लोगों ने कांग्रेश छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की ।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राम महरोत्रा के नेतृत्व में कॉंग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वालो में गुलजार पुर के प्रधान हरमन सिंह , कॉपरेटिव समिति कुंद्रेश्वरी के उपाध्यक्ष संदीप चौधरी सहित परम जोत सिंह , गुरुपाल सिंह, जसदीप सिंह, बलदेव सिंह , गुरप्रीत सिंह, शिवराज सिंह आदित्य सिंह , साबी निज्जर , कल्पित सिंह, मनदीप सिंह सुखपाल सिंह,



■ भाजपा प्रदेश मुख्यालय में महामंत्री कुंदन परिहार ने किया पार्टी में स्वागत

परविंदर सिंह, परमजीत सिंह पम्मा, करणवीर सिंह, सीमा कुंद्रा मनदीप सिंह सुखविंदर सिंह, उदित शर्मा , जगदीप सिंह पन्नू, मोहम्मद आसिफ , मुबारक खां आदि लोगो ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की ।

# यमुनोत्री मार्ग पर हार्ट अटैक से बुजुर्ग श्रद्धालु की मौत

**शाह टाइम्स संवाददता**

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम यात्रा के दौरान शनिवार को तमिलनाडु निवासी 82 वर्षीय श्रद्धालु शम्भू केवल की पैदल मार्ग पर नौ कैंची के पास अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताया गया कि दर्शन कर लौटते समय उन्हें घबराहट और सीने में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद वे बेहोश होकर गिर पड़े।

मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों और यात्रा ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने तत्काल प्राथमिक उपचार देते हुए उन्हें स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अखिल राणा ने पुष्टि करते हुए बताया कि वृद्ध श्रद्धालु की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है।

घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है और आवश्यक कार्रवाई की

■ दर्शन कर लौटते समय बिगड़ी तबीयत

जा रही है। यमुनोत्री धाम में यात्रा शुरू होने के बाद अब तक तीन श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। अधिकांश मामलों में हार्ट अटैक और अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने की वजह सामने आ रही है। लगातार बढ़ती भीड़, कठिन पैदल मार्ग और ऊंचाई वाले क्षेत्र में ऑक्सीजन की कमी बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने यात्रियों, खासकर बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों से स्वास्थ्य जांच कराने, पर्याप्त आराम लेने और यात्रा के दौरान सावधानी बरतने को कहा है। यात्रा मार्ग पर मेडिकल टीमें और स्वास्थ्य शिविर भी तैनात किए गए हैं ताकि आपात स्थिति में तत्काल सहायता मिल सके।




# हौसला: उम्र 66 की, जवान पति के जाने के बाद भी नहीं टूटी रघुली देवी

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के खूबसूरत शहर नैनीताल की ठंडी वादियों में हर रोज एक ठेला सजता है। उस ठेले से उठती मोमो की खुशबू सिर्फ लोगों की भूख नहीं मिटाती, बल्कि एक मां के संघर्ष, हिम्मत और जिम्मेदारी की कहानी भी बयां करती है। शहर के स्टाफ हाउस, सात नंबर निवासी 66 वर्षीय रघुली देवी आज उन हजारों महिलाओं के लिए मिसाल बन चुकी हैं, जो जिंदगी की मुश्किलों के सामने हार मानने के बजाय डटकर खड़ी रहती हैं।

मूल रूप से अल्मोड़ा की रहने वाली रघुली देवी पिछले करीब

**मदर्स डे पर विशेष**

■ परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए आज भी रोज सजाती हैं मोमो का ठेला

22-23 वर्षों से नैनीताल में रह रही हैं। उनकी जिंदगी कभी आसान नहीं रही, लेकिन उन्होंने और उनके पति मोहन राम ने मेहनत को ही अपनी ताकत बनाया। करीब 12-13 साल पहले दोनों ने मिलकर मोमो का ठेला लगाना शुरू किया। धीरे-धीरे यही छोटा सा ठेला परिवार की रोजी-रोटी बन गया। दोनों पति-पत्नी सुबह से शाम तक



मेहनत करते और अपने बच्चों का भविष्य संवारने में जुटे रहते लेकिन एक साल पहले बीमारी के चलते पति मोहन राम का निधन हो गया, जिंदगी का सबसे बड़ा सहारा छिन जाने के बाद किसी भी इंसान का टूट जाना स्वाभाविक है। परिवार के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया लेकिन रघुली देवी ने हार मानने के बजाय अपने आंसुओं को ताकत बना लिया। उन्होंने ठेला बंद नहीं होने दिया और परिवार की जिम्मेदारी खुद अपने कंधों पर उठा ली।

आज भी रघुली देवी रोज सुबह उठकर मोमो तैयार करती हैं और सिर पर मोमो का बक्सा लिए अपना ठेला सजाने निकल पड़ती हैं। उनकी उम्र 66 साल की हो चुकी है, लेकिन उनके हौसले आज भी जवान हैं। रघुली देवी हर परिस्थिति में मेहनत करती नजर आती हैं। उन्होंने बताया कि उनका एक बेटा है, जिसका नाम जगन्नाथ है। जो नैनीताल के एक रेस्टोरेंट में काम करता है, जबकि परिवार में बहू, तीन पोतियां और एक पोता हैं।

# औचक निरीक्षण: राशन परिवहन में पकड़ी अनियमितता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी के अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने शनिवार को चंबा-धनोल्टी सड़क पर कनाताल के पास चलती गाड़ियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अभियान के दौरान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से संबंधित दो वाहनों को चेक किया गया, जिनमें क्रमशः 50 बोरी एवं 40 बोरी गेहूं एवं चावल सरकारी राशन वितरण हेतु ले जाया जा रहा था।

जांच के दौरान पाया गया कि वाहनों में राशन किस स्थान एवं किस गांव में वितरण हेतु भेजा जा रहा है, इसकी कोई स्पष्ट सूचना उपलब्ध नहीं थी। साथ ही खाद्यान्न गोदाम से निकलने का गेट पास, खाद्यान्न कहां से आया एवं कहां जा रहा है, उससे संबंधित कोई दस्तावेज मौके पर नहीं पाए गए तथा वाहनों में संबंधित चालान भी उपलब्ध नहीं था। मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल एवं



**सरकारी खाद्यान्न से भरे दो वाहन सीज**

खाद्यान्न निरीक्षक को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए। साथ ही कानूनगो महिपाल सिंह पुंडीर, पटवारी धनपाल सिंह एवं सप्लाई इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह नेगी को भी मौके पर बुलाया और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के साथ जांच करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित दो वाहनो को सीज किया गया तथा अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को मामले में लापरवाही बरतने वाले संबंधित कार्मिक एवं ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रभारी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल को भी पूरे प्रकरण की जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु नियमित निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे। इस मौके पर आईएएस अधिकारी (प्रशिक्षु) ज्योति भी उपस्थित रही।

## सभी राशन कार्ड, यूनिटों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी की जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा राशन कार्ड धारकों, यूनिटों की ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए श्मेरा केवाईसी ऐप जारी किया गया है।मेरा केवाईसी ऐप के माध्यम से ई-केवाईसी करने के लिए शर्तें निर्धारित की गई हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य है जिनमें राशन कार्ड में दर्ज सभी लोगों की ई-केवाईसी होनी अनिवार्य है।

जिस सदस्य की ई-केवाईसी की जायेगी उसका आधार नंबर होना आवश्यक है। राशन कार्ड धारक, सदस्य के पास आधार के साथ पंजीकृत सक्रिय मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है, क्योंकि उस मोबाइल नंबर पर ओटीपी आयेगा।स्मार्टफोन का कैमरा फेस ऑथेंटिकेशन के लिए अच्छा होना चाहिए। ई-केवाईसी करते समय इंटरनेट कनेक्टिविटी अच्छी होनी आवश्यक है। इसके अतिरिक्त राशन कार्ड धारक अथवा सदस्य ष्राशन कार्डष, ष्आधार कार्डष, ष्फोन नंबरष् इत्यादि लेकर अपनी नजदीक की उचित दर की दुकान पर जाकर भी ई-केवाईसी करा सकते हैं।

भारत सरकार द्वारा जारी ष्मेरा केवाईसी ऐप के माध्यम से ई-केवाईसी करने हेतु सबसे पहले गुगल प्ले स्टोर, एप स्टोर या आधिकारिक वेबसाइट से श्मेरा केवाईसी ऐप डाउनलोड कर इंस्टॉल कर सकते हैं। उसके बाद गुगल प्ले स्टोर, एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। ऐप पर 12 अंकों की आधार संख्या दर्ज कर, आधार कार्ड से जुड़े हुए फोन पर एक ओटीपी आएगा, उसको अंकित करने पर आपकी जानकारी आपके सामने होगी, वहीं फेस केवाईसी पर क्लिक करें। क्लिक करते फोन का कैमरा चालू हो जाएगा।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किए बदरीनाथ धाम के दर्शन, सुख समृद्धि की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदरीनाथ।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने शनिवार को भू-वैकुंठ बदरीनाथ धाम पहुँचकर भगवान बदरीविशाल के दर्शन किए। राज्यपाल ने मंदिर में सूक्ष्म पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने धाम में चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का निरीक्षण किया और यात्रा व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन व पुलिस की पीठ थपथपाई।

बदरीनाथ धाम पहुँचने पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने राज्यपाल का स्वागत किया। मंदिर परिसर पहुँचने पर बदरी-केदार मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती और मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने उनकी अगवानी की। राज्यपाल ने मंदिर के रावल अमरनाथ नंबूदरी से भेंट कर



उनका आशीर्वाद भी लिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए राज्यपाल ने 'सूक्ष्म पूजा' की परंपरा का निर्वहन किया ताकि आम तीर्थयात्रियों को असुविधा न हो। उन्होंने रिवर फ्रंट और मंदिर परिसर में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों (मास्टर प्लान) का स्थलीय निरीक्षण किया और मुख्य विकास अधिकारी से प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने परिसर में मौजूद तीर्थयात्रियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने यात्रियों के अनुशासन को 'अनुकरणीय' बताते हुए उनकी प्रशंसा की। साथ ही, उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपनी यात्रा की स्मृति के रूप में स्थानीय उत्पादों की खरीद जरूर करें, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ज्योतिर्मठ चंद्रशेखर वशिष्ठ, यात्रा मजिस्ट्रेट रविन्द्र ज्वांठा, एसडीएम चमोली राजकुमार पांडे, पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह बिष्ट सहित मंदिर समिति और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेकाबू पिकअप ने मारी टक्कर सहायक उद्योग अधिकारी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री हाईवे पर चिन्यालीसौड़ स्थिति नागणी निकट एक बेकाबू पिकअप चालक ने मॉर्निंग वॉक कर रहे सहायक उद्योग अधिकारी को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना शनिवार तड़के सुबह की है तेज रफ्तार पिकअप पिकअप संख्या यूके 07 सीए 3919 ने हाईवे पर मॉर्निंग वॉक कर रहे मामराज (31) को पीछे से मुर्गों से भरी थी । मृतक चिन्यालीसौड़ के टिपरी बिष्ट के निवासी थे और टिहरी गढ़वाल के कंडीसौड में सहायक उद्योग अधिकारी के पद पर तैनात थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चिन्यालीसौड़ अस्पताल भेज दिया है और पंचायतनामा की कार्रवाई भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है।

हादसे में शामिल यूटिलिटी वाहन चालक की पहचान रोहित निवासी कुंड, नौगांव बड़कोट के रूप में हुई है। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में वाहन के ब्रेक फेल होने की बात सामने आई है, वहीं चालक को झपकी आने की संभावना भी जताई जा रही है।

इस दुखद घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने ऑल वेदर रोड पर तेज रफ्तार वाहनों और लापरवाही पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जूनियर शिक्षक संगठन का आंदोलन रहेगा जारी

**शाह टाइम्स संवाददता**

**नई टिहरी।** सचिव विद्यालय शिक्षा श्री रविनाथ रमन के कक्ष में प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन के आंदोलन को देखते हुए शिक्षकों की 13 सूत्रीय मांगों पर प्रदेशीय संगठन के साथ त्रिस्तरीय वार्ता की गई ।

वार्ता में संयुक्त निदेशक नागेन्द्र बर्थवाल, उप निदेशक शैलेन्द्र चौहान, अशोक मिश्रा अनुभाग अधिकारी तथा संगठन की ओर से विनोद थापा प्रदेश अध्यक्ष, जगवीर सिंह खरोला प्रदेश महामंत्री,उमेश चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष, सतीश घिल्डियाल प्रदेश संरक्षक तथा सुरेश भट्ट प्रदेश संयुक्त मत्री उपस्थित थे।

संगठन की 13 सूत्रीय मांगों के

**सचिव विद्यालय शिक्षा, विभाग एवं संगठन के मध्य वार्ता विफल**

सभी बिंदुओं पर सचिव शिक्षा से विस्तार से बातें हुई विभाग की ओर से सभी बिंदुओं पर शासन को प्रस्ताव प्रेषित किए गए हैं, सचिव विद्यालयी शिक्षा के द्वारा बताया गया है कि शिक्षा की त्रिस्तरी व्यवस्था,अंग्रेजी विषय के अध्यापक की नियुक्ति करने, पूरी सेवा काल में तीन पदोन्नति देने, इनमें से कुछ प्रस्ताव कार्मिक को भेजे जा चुके हैं और जो अभी प्रेषित नहीं किए गए हैं उन्हें शीघ्र प्रेषित किये जाने हेतु सचिव के द्वारा अनुभाग अधिकारी को निर्देशित किया गया है। सचिव के द्वारा विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि एक बार अपने जनपद में स्थानांतरण का प्रस्ताव सहित चयन, प्रोन्नत वेतनमान तथा पदोन्नति पर एक वेतनवृद्धि दिये जाने का प्रस्ताव भी आप पुनः प्रेषित करें साथ ही 5400 ग्रेड वेतन वाले शिक्षकों को बोनस अथवा राजपत्रित अधिकारी घोषित किए जाने का प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आगे बताया कि वित्त से संबंधित प्रस्ताव जिसमें 17140 वेतनमान से प्रभावित शिक्षकों से वसूली न करने , सात जनपदों के शिक्षकों जिनकी एक ही विज्ञप्ति की आधार पर विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण करवाया गया इन जनपदों में नियुक्ति अलग-अलग तिथि में होने के कारण कुछ जनपदों के शिक्षक पुरानी पेंशन से छूट गए हैं। इन शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने तथा विभागीय खेलों हेतु धनराशि बढ़ाने के प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित किए गए हैं जिन पर अभी वित्त विभाग से निर्णय नहीं हो पाया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री के द्वारा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में बात रखने पर सचिव महोदय ने अवगत कराया कि यह सरकार से संबंधित प्रकरण है,संगठन के द्वारा सीपीएड योग्यता धारी शिक्षकों को एलटी व्यायाम के लिए 30 प्रतिशत विभाग समायोजन की मांग पर सचिव ने विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए।

## एक नजर .......

### लैब ने बिना टेस्ट के दी बच्चों की जांच रिपोर्ट, परिजनों ने काटा हंगामा

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार में एक लैब की लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है परिजनों का आरोप है कि लैब संचालक ने बिना सैंपल के उन्हें, उनके बच्चों की जांच रिपोर्ट सौंप दी है । जहां रिपोर्ट मिलने के बाद परिजनों ने लैब में जमकर हंगामा काटा ।

सिम्भलचौड निवासी दिनेश टम्टा ने बताया कि शुक्रवार सुबह उनके बच्चे सौरभ कांत 8 साल की तबीयत खराब होने पर वह एक प्राइवेट चिकित्सक के पास उपचार के लिए ले गए । चिकित्सक ने उन्हें बच्चे की कुछ जांच करने के लिए कहा जिस पर वह देवी रोड स्थित एक लैब में बच्चों की जांच कराने पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों की खून की जांच के लिए सैंपल दिया साथी मल जांच के लिए शनिवार को सैंपल दिया जाना था शाम को परिजन जब बच्चों की खून की जांच की रिपोर्ट लेने पहुंचे तो रिपोर्ट देखकर हक्का-बक्का रह गए ।

लैब संचालक द्वारा उन्हें बच्चों की खून की जांच के साथ ही मल जांच की रिपोर्ट भी सौंप दी गई । जिस पर उन्होंने अपने परिजनों और स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी । स्थानीय लोगों के साथ पहुंचे परिजनों ने इसके बाद लैब में जमकर हंगामा काटा । उधर लैब संचालक ने अपनी गलती स्वीकार की है कहा कि सैंपल लेने वाली लड़की के द्वारा क्रॉस न किए जाने से यह गलती हुई है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में करोड़ों रुपये के वादों का हुआ निस्तारण

**उत्तरकाशी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर उत्तरकाशी , बाह्य न्यायालय पुरोला और बड़कोट में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मलिक मजहर सुल्तान ने की। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के दीवानी, पारिवारिक, मोटर दुर्घटना एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर सफल निस्तारण किया गया। जिला जज की पीठ संख्या में कुल 30 वादों का निस्तारण हुआ, जिनमें 9 पारिवारिक वाद तथा एक मोटर दुर्घटना दावा वाद शामिल रहा। इस पीठ में 55 लाख 11 हजार 13 रुपये की समझौता धनराशि तय की गई। अभय सिंह की पीठ संख्या-02 में 28 वादों का निस्तारण हुआ, जिसमें 9 लाख 38 हजार 960 रुपये की समझौता राशि निर्धारित की गई। वहीं करिश्मा डंगवाल की पीठ संख्या-03 में 21 वादों का सफल निस्तारण हुआ और 8 लाख 48 हजार 900 रुपये की समझौता धनराशि तय हुई। इसी पीठ में प्री-लिटिगेशन के 20 मामलों का भी सुलह के आधार पर निस्तारण किया गया, जिसमें 1 लाख 53 हजार 500 रुपये की राशि निर्धारित की गई। विवेक शर्मा की पीठ संख्या-04 में 19 मामलों का निस्तारण करते हुए 18 लाख 53 हजार 500 रुपये की समझौता राशि तय की गई। साथ ही प्री-लिटिगेशन के 4 मामलों का निस्तारण कर 13 लाख 9 हजार रुपये की समझौता धनराशि निर्धारित की गई।

### नशे को लेकर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार में आयोजित नशा मुक्ति भाषण प्रतियोगिता में युवाओं का गुस्सा खुलकर सामने आया। प्रतियोगिता के मंच से युवाओं ने बढ़ते नशे के कारोबार और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

युवाओं का कहना है कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ी बर्बादी की ओर बढ़ सकती है। इस भाषण प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और युवाओं और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया । प्रतियोगिता के दौरान कई युवाओं ने सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए। युवाओं का कहना था कि स्कूलों और कॉलेजों के आसपास नशे का कारोबार बढ़ रहा है, लेकिन कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित दिखाई देती है। प्रतिभागियों ने कहा कि सिर्फ अभियान चलाने से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सख्त कार्रवाई से ही नशे पर रोक लग सकती है।

आज का युवा अगर नशे में डूब गया, तो उत्तराखंड का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। सरकार को केवल भाषण नहीं, ठोस कार्रवाई करनी होगी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने युवाओं की सोच और जागरूकता की सराहना की। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों ने उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने का संकल्प भी लिया।

## पत्रकारिता व जनसंचार विभाग की विभागीय परिषदीय प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की विभागीय परिषद के तत्वाधान में आयोजित भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा चार्ट प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किये गए। इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ एसके गुप्ता ने सत्र 2025-26 में विभागीय परिषद द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। डॉ एसके गुप्ता ने बताया कि सत्र 2025-26 में बीजेएमसी विभाग द्वारा 23 मार्च

**विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

2026 को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तनुजा ने प्रथम, अंशिका बुड़ाकोटी ने द्वितीय एवं आंचल कुकरेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं 24 मार्च 2026 को मीडिया कवरेज आफ इलेक्शन विषय पर आयोजित चार्ट प्रतियोगिता में अंशिका बुड़ाकोटी ने प्रथम, आंचल कुकरेती ने द्वितीय एवं हिमांशु देव. रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में 28 मार्च 2026 को टीआरपी की दौड़ में गिरती पत्रकारिता विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अंशिका बुड़ाकोटी ने प्रथम, कृष्णकांत कुकरेती ने द्वितीय तथा आंचल कुकरेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।उक्त समस्त विजयी प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर नेगी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक हैं। कार्यक्रम का संचालन अनुपम भारद्वाज एवं धन्यवाद ज्ञापन अरविंद दुदपुड़ी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिविर में 41 का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड भिलंगना के ग्राम पंचायत भौणा तल्ला में शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर कठुड हिदांव की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जांच के साथ ही ग्रामीणों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। साथ ही आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया।

शिविर में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई तथा मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में कुल 41 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 11 लोग




शुगर, 8 लोग उच्च रक्तचाप तथा 3 लोग रक्ताल्पता से पीड़ित पाए गए। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राजीव कुमार ने उपस्थित लोगों को संतुलित खान-पान, स्वस्थ जीवनशैली एवं नियमित दिनचर्या अपनाने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से कई गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान संभव हो पाती है।

शिविर के सफल आयोजन में सुरेश कुमार जोशी, प्रताप असवाल सहित अन्य कर्मियों का विशेष सहयोग रहा। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

### बांध प्रभावितों का क्रमिक अनशन 12 वें दिन भी जारी

**नई टिहरी।** टिहरी बांध प्रभावितों और विस्थापितों का बौराड़ी स्थित गणेश चौक पर क्रमिक अनशन शनिवार को 12 वें दिन भी जारी रहा। अभी तक उनकी मांगों पर गौर नहीं किए जाने से प्रभावितों व विस्थापितों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जब तक मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। आंदोलनकारियों ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वे पिछले दो माह से अधिक समय से शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं और बारह दिनों से क्रमिक अनशन पर बैठे है लेकिन उनकी आवाज को लगातार अनसुना किया जा रहा है। इसी के चलते उन्हें अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा।

# बार व बैंच के समन्वय से न्याय की मंशा हो सकती है पूरी: न्यायमूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बार और बैंच के समन्वय से ही न्याय की मंशा को पूरा किया जा सकता है। यह बात जिला बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को हाईकोर्ट नैनीताल के न्यायमूर्ति और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के कार्यपालक अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने शपथ दिलाई। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ता के हितों में कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वादकारियों को सुलभ और समय पर न्याय मिले, इसके लिए बार और बेंच को समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए।

शनिवार को आयोजित बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के



शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति तिवारी ने कहा कि न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ता परिवार की तरह रहें और आगे बढ़ें। जीवन में यदि तरक्की करनी है तो अनुशासन को जरूर अपनाएं। कहा कि हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रहते जब भी टिहरी की कोई समस्या आएगी, तो उसका प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक माहरा ने कहा कि अधिवक्ताओं को वादकारियों के न्याय के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। कहा कि हाईकोर्ट में यदि कोई वाद संबंधी समस्या हो, तो उन्हें बताएं। उसका समाधान करवाया जाएगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जयवीर सिंह रावत ने कहा कि अदालतें बढ़ रही है, लेकिन वाद घट रहे हैं। जिला जज नितिन शर्मा ने कहा कि सभी का लक्ष्य होना चाहिए कि जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर न्याय मिल सके। कार्यक्रम में बार अध्यक्ष जयवीर सिंह रावत, सचिव चंद्रभान सिंह राणा, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र उनियाल, सह-सचिव कविता भट्ट, कोषाध्यक्ष पवना, आडिटर प्रेम सिंह बनगांई, पुस्तालयाध्यक्ष राम स्वरूप जोशी सहित कार्यकारिणी सदस्य केशर सिंह राणा, महावीर उनियाल, पराग जैन, शांति भट्ट, बीना सजवाण व यशपाल रावत को पदभार ग्रहण कराया गया। इस मौके पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार मणि, अपर जिला जज नसीम अहमद, कुटुंब न्यायाधीश अब्दुल कयूम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रिंकी साहनी, जिला विधिक प्राधिकार के सचिव दयाराम, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ऐश्वर्या बोरा, मितलेश पांडे, न्यायिक मजिस्ट्रेट पुनीत कुमार, स्थाई लोक अदालत की अध्यक्ष कुसुम साहनी, अधिवक्ता जयप्रकाश पांडेय, पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, दिनेश सेमवाल आदि मौजूद रहे।

# ऊखीमठ के अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज को मिली नई सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में विकासखंड ऊखीमठ स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ऊखीमठ में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र की विधायक आशा नौटियाल ने शिक्षा विभाग की राज्य योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया।

इस दौरान विधायक आशा नौटियाल ने विद्यालय में 4



अतिरिक्त कक्षा-कक्षों एवं चाहरद. ीवारी निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इन कार्यों पर कुल 120.12 लाख रुपये की लागत आई है। इसके अलावा विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए शैड एवं रेनोवेशन कार्यों का भी उद्घाटन किया गया, जिसकी लागत 73.81 लाख रुपये बताई गई है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशा नौटियाल ने

**विधायक आशा नौटियाल ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण**

कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्यालयों में आधुनिक संसाधन और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जिससे उनका भविष्य अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नई योजनाओं के माध्यम से विद्यालयों के विकास को प्राथमिकता दे रही है।

लोकार्पण कार्यक्रम में नगर पंचायत ऊखीमठ की अध्यक्ष कुब्जा धर्म्वाण, मुख्य शिक्षा अधिकारी अजय कुमार चौधरी, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, सहायक अभियंता सुशील कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य विष्णु प्रसाद किमोठी, अभिभावक संघ अध्यक्ष संदीप पुष्पवाण, अपर सहायक अभियंता इं. प्रदीप सजवाण एवं कनिष्ठ अभियंता इं. आलोक सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हर्षिल की वादियों में लौटे 'जोनी' के कदम पर्यटकों के लिए बना नया आकर्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** हर्षिल की खूबसूरत वादियाँ इन दिनों पर्यटकों को अपनी ओर खासा आकर्षित कर रही हैं। गंगोत्री नेशनल पार्क अन्तर्गत देवदार से घिरे घने जंगल, शांत वातावरण, मनमोहक बुग्याल और चारधाम यात्रा के प्रमुख पड़ावों के बीच अब हर्षिल में एक नया आकर्षण ष्याक ष्की सवारी और फोटो गैलरी ।

स्थानीय भाषा में "जोनी" कहलाने वाला याक कभी हर्षिल क्षेत्र की पारंपरिक पहचान हुआ करता था। समय के साथ यह दृश्य विलुप्त हो गया था कम , लेकिन अब स्थानीय युवा सुनील रौतेला ने एक बार फिर इस परंपरा को जीवित करने की पहल

**गंगोत्री धाम के आ रहे श्रद्धालुओं को याक की सवारी से उत्साहित**

की है। गंगोत्री धाम पर आ रहे चारधाम श्रद्धालुओं भी हर्षिल पहुंच कर याक को देखने और उसके साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए पर्यटकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पर्यटक न केवल याक के साथ यादगार तस्वीरें ले रहे हैं, बल्कि पहाड़ की पारंपरिक संस्कृति और पुराने पशुपालन जीवन से भी करीब से परिचित हो रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई इस अनोखे अनुभव को अपने सफर की खास याद बना रहा है। लगातार बढ़ रहे पर्यटन ने हर्षिल घाटी के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोले हैं। कोई होमस्टे चला रहा है, तो कोई ट्रेकिंग गाइड बनकर पर्यटकों को पहाड़ की खूबसूरती से रूबरू करा रहा है। स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक गतिविधियों को भी अब नई पहचान मिल रही है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसी पहलें सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा नहीं देतीं, बल्कि पहाड़ कीच पुरानी संस्कृति, परंपराओं और लोकजीवन को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम करती हैं। हर्षिल में लौटे "जोनी" के कदम अब घाटी की पहचान को फिर से जीवंत कर रहे हैं।

# राज्यपाल ने किया पूर्व सैनिक पर्यावरण उद्यान का उद्घाटन



■ राज्यपाल दो दिवसीय प्रवास पर लैंसडाउन पहुंचे, महिला सशक्तिकरण केंद्रों का किया भ्रमण ■ सैन्य एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून/ पौड़ी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को लैंसडाउन पहुंचे। भ्रमण के दौरान उन्होंने गढ़वाल राइफल रेजिमेंट सेंटर (जीआरआरसी) में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए सैन्य गतिविधियों, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, पर्यावरण संरक्षण तथा जनपद पौड़ी की प्रशासनिक व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों की जानकारी प्राप्त की।

लैंसडाउन स्थित शहीद भवानी दत्त जोशी परेड ग्राउंड पहुंचने पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत एवं गढ़वाल राइफल रेजिमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने राज्यपाल का स्वागत किया। इस अवसर पर सुरक्षा बलों द्वारा राज्यपाल को आकर्षक गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया।

राज्यपाल ने सर्वप्रथम पूर्व सैनिकों एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित "पूर्व सैनिक पर्यावरण उद्यान" का उद्घाटन किया। कैंट बोर्ड के अधिकारियों द्वारा राज्यपाल को उद्यान की संकल्पना, संरचना एवं पर्यावरणीय महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई।

उद्यान भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों से भी आत्मीय संवाद किया। बच्चों ने राज्यपाल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया, जिस पर राज्यपाल ने उन्हें अनुशासन, शिक्षा एवं राष्ट्र सेवा के मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद राज्यपाल ने "ऑल वुमेन कैफे" का भ्रमण किया। यहां उन्होंने स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार किए गए पहाड़ी एवं पारंपरिक उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान राज्यपाल ने "भुल्ली सशक्तिकरण केंद्र" का भ्रमण किया। केंद्र में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण एवं उत्पादन इकाइयों का अवलोकन करते हुए उन्होंने वहां कार्यरत महिलाओं एवं कार्मिकों से संवाद किया। राज्यपाल ने धातु कला अनुभाग, वीर नारी कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, ब्लॉक प्रिंटिंग अनुभाग, नन्ही कली केंद्र, हस्तनिर्मित कागज अनुभाग, ऊनी टोपी अनुभाग, शॉल अनुभाग, स्टोर कक्ष, मोनाल ब्यूटी पार्लर तथा मसाला केंद्र का निरीक्षण किया।

राज्यपाल ने केंद्र में स्थापित विभिन्न मशीनों एवं प्रशिक्षण उपकरणों का निरीक्षण करते हुए वहां कार्यरत महिलाओं से उनके अनुभव एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान छोटे बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए राज्यपाल भावुक एवं अभिभूत नजर आए। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई, खेलकूद एवं उनके भविष्य के सपनों के बारे में बातचीत की तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कमान हॉल में जिलाधिकारी द्वारा राज्यपाल को जनपद की कानून व्यवस्था, विकास कार्यों, पर्यटन, आधारभूत सुविधाओं एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। राज्यपाल ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। इसी क्रम में रॉय हट में आयोजित स्टेशन ब्रीफिंग के दौरान राज्यपाल को क्षेत्र की सैन्य गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा संबंधी विषयों की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल विजय तोमर, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, सीओ निहारिका मौजूद रहे।

# चंपावत प्रकरण को लेकर महानगर भाजपा ने फूंका कांग्रेस का पुतला



■ महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की जनविरोधी एवं भ्रामक राजनीति के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। भाजपा द्वारा महिला विरोधी रवैए और मातृ शक्ति के विषयों पर झूठ फैलाकर भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाली कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया।

महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल और महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में पटेल नगर में यह प्रदर्शन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह जोरदार प्रदर्शन, उत्तराखंड कांग्रेस द्वारा चंपावत में बिना किसी विषय में बेवजह भ्रम एवं प्रोपेगेंडा फैलाए जाने के विरोध में किया गया। इस दौरान नारेबाजी के साथ कांग्रेस का प्रतीकात्मक पुतले का दहन कर उनकी जनविरोधी राजनीति का विरोध किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष ने बताया कि आज पुतला दहन से भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि जनता को गुमराह करने एवं असत्य तथ्यों के आधार पर राजनीति करने का प्रयास किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। राष्ट्रहित, विकास एवं जनभावनाओं के साथ मातृ शक्ति के सम्मान के लिए भाजपा सदैव प्रतिबद्ध है।इस दौरान अनिल गोयल, आशीष शर्मा सोरभ थपलियाल मेयर, श्याम अग्रवाल, राजेश बडोनी, महिपाल सिंह, विजय जयपुरिया, मनोज कांबोज, अजेय सिंह, सुनिल शर्मा, राजेश कांबोज, बिजेन्द्र थपलियाल, राजेन्द्र ढिल्लो, पुनम ममगांई, जगदीश सेमवाल, मोहित शर्मा, ज्योति गैरोला, दिनेश चौहान, संदीप बिजल्वान, बब्लू बंशल, विपिन खंडूडी अंजू बिष्ट समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अग्निवीर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़: नेगी



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल रतन नेगी के नेतृत्व में अग्निवीर भर्ती योजना के विरोध में चलाया गया उत्तराखण्ड कांग्रेस का राज्यव्यापी आंदोलन शनिवार को अपने चौथे चरण में जनपद ऊधमसिंह नगर, चम्पावत एवं चमोली में सम्पन्न हुआ।

इस राज्यव्यापी आंदोलन के प्रथम चरण में गढ़वाल मंडल के कोटद्वार एवं लैंसडाउन में कार्यक्रम आयोजित किए गए। द्वितीय चरण में कुमाऊँ मंडल के रामनगर, रानीखेत, अल्मोड़ा एवं हल्द्वानी में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ। तृतीय चरण में देहरादून, विकासनगर, चकराता, बड़कोट, उत्तरकाशी, नरेंद्रनगर एवं मसूरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में आंदोलन आयोजित किए गए। वहीं चतुर्थ एवं चरण में खटीमा, चम्पावत, बाजपुर, रुद्रपुर, नैनीताल एवं अन्य स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पूर्व सैनिकों ने जोरदार प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित प्रदेश कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व सैनिक, युवा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता विभिन्न स्थानों पर शामिल हुए।आंदोलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कर्नल रतन नेगी ने कहा कि उत्तराखण्ड को वीर सैनिकों की भूमि कहा जाता है तथा राज्य के लगभग 75 प्रतिशत परिवारों का सेना से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष जुड़ाव रहा है। प्रदेश के युवाओं का सपना देश की सेना में भर्ती होकर राष्ट्र सेवा करना रहा है, किन्तु केंद्र सरकार द्वारा सेना भर्ती की अवधि को मात्र चार वर्ष तक सीमित कर देने से प्रदेश के युवाओं में भारी निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी, कैप्टन गोपाल सिंह गढ़िया, सूबेदार बलबीर सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, कैप्टन कुशाल सिंह राणा, जयदीप सिंह, हवलदार रणबीर लाल, डॉ आर पी ध्यानी आदि उपस्थित रहे।

## कहासुनी के बाद महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

बागेश्वर। काफलीगैर तहसील के बोहाला गांव निवासी 35 वर्षीय महिला ने घरेलू कहासुनी के बाद जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे शुक्रवार देर रात जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार कमला देवी पत्नी कुंदन राम का किसी बात को लेकर परिवार में विवाद हो गया था। इसके बाद महिला ने कथित तौर पर शीतल पेय में नवान मिलाकर पी लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिस पर परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल ले आए। जिला अस्पताल में डा. रिया ने महिला का प्राथमिक उपचार किया। बाद में उसे फिजिशियन की निगरानी में भर्ती किया गया। फिजिशियन डा. गौरव कैड़ा ने बताया कि महिला की हालत में सुधार हो रहा है।

# महापौर सौरभ ने किया सुशीला बलूनी स्मृति द्वार का लोकार्पण






■ कहा, सुशीला बलूनी संघर्ष,समर्पण और उत्तराखण्ड के प्रति प्रेम आने वाली पीढियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। महापौर सौरभ थपलियाल ने राज्य आंदोलनकारी स्व. सुशीला बलूनी की पुण्यतिथि पर राजपुर रोड वार्ड सं-12 बकरालवाला में नगर निगम द्वारा निर्मित "सुशीला बलूनी स्मृति द्वार" का व लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह एवं गौरव का वातावरण देखने को मिला।

महापौर सौरभ थपलियाल द्वारा कार्यक्रम के दौरान स्व. सुशीला बलूनी को भावपूर्ण श्रद्वांजलि अर्पित करते हुए उत्तराखण्ड आंदोलन मे दिये गये उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। उन्होने कहा कि उनका संघर्ष,समर्पण और उत्तराखण्ड के प्रति प्रेम आने वाली पीढियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा ।

महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के समग्र विकास के साथ-साथ राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान एवं उनकी स्मृतियों को संरक्षित करने हेतु निरंतर कार्य कर रहा हैं।

कार्यक्रम में दायित्व धारी सुभाष , पूर्व महापौर सुनील उनियाल गामा सहित वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी और भाजपा नेता रविंद्र जुगरान, राज्य आंदोलनकारी, क्षेत्रीय पार्षद, स्थानीय नागरिक एवं निगम के अधिकारी मौजूद रहें।

# चंपावत प्रकरण की सच्चाई से तिलमिलाई कांग्रेस बेचैन और उग्र: चौहान



■ कोटद्वार कमल रावत भाजपाई नहीं, लेकिन कांग्रेस का षड्यंत्रकारियो को सरंक्षण उजागर ■ दुष्प्रचार की आंधी से विकास को अवरुद्ध करने के सभी मंसूबे होंगे असफल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस चंपावत प्रकरण की सच्चाई सामने आने से तिलमिला गयी है और बेचौन है। कांग्रेस का व्यवहार उस बाघ के जैसे है जिससे उसका शिकार छीन लिया गया हो और वह अधिक आक्रामक हो जाए।

पार्टी कार्यालय मे पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए चौहान ने कहा कि दुराचार की झूठी पटकथा गढ़ कर भाजपा के खिलाफ एक एजेंडा चलाने का एजेण्डा गढ़ने का सपना कांग्रेस का धूमिल हो गया और यह उसके लिए एक बड़ा आघात है। उन्होंने कहा कि न भाजपा का व्यक्ति षड्यंत्र मे शामिल था और न ही जेल गया। लेकिन कांग्रेसी जरूर षड्यंत्रकारियों के समर्थन मे रहे है यह सामने आ चुका है। षड्यंत्र के आरोप मे जेल गया कमल रावत का भाजपा से कोई लेना देना नही है। संदिग्ध गतिविधियों के कारण उसे दिसंबर 2022 में पार्टी से निकला गया और वह तब से कांग्रेस में सक्रिय है। सब जानते हैं कि वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही रहता है। पुलिस जांच मे यही मुख्य साजिशकर्ता के रूप मे सामने आया।

चौहान ने कहा कि जब सच्चाई सामने आ गयी तो कांग्रेस की हालत खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे जैसी हो गयी। हालांकि मामले मे उसकी असलियत सामने आने के बाद वह माफी मांगने के बजाय भाजपा पर ही तोहमत लगा रही है।

चौहान ने कहा कि एक नही आधा दर्जन से अधिक उदाहरण हैं जहाँ पर कांग्रेस ने दुष्प्रचार की असफल कोशिश की और जनता के सामने उसकी सच्चाई उजागर हो गयी। कानून व्यवस्था पर रोना धोना कर रही कांग्रेस का चेहरा तब देखने लायक था जब शिकायत कर्ता किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने सार्वजनिक माफी मांगी। गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे की फर्जी चिट्ठी वायरल करने अथवा विगत सप्ताह चंपावत प्रकरण मे कांग्रेस का चेहरा फिर सामने दिखा।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस सत्ता का सफर नैतिक सिद्धांतों की बलि चढ़ाकर झूठ और फरेब से पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा मातृ शक्ति के अपमान को बर्दाश्त नही करेगी और जनता का आशीर्वाद उसे प्राप्त है। उन्होंने कहा कि राज्य सीएम पुष्कर सिंह धामी की पारदर्शी और जीरो टॉलरेंस की नीति पर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

ऐसे मे दुष्प्रचार की आंधी विकास के रास्ते को नही रोक सकती है। कांग्रेस को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका का निर्वहन कर आगे बढ़ने की जरूरत है, लेकिन उसके नकारात्मक कारनामों की लम्बी फेहरिश्त जनता के पास पहुँच चुकी है और उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# बाबा साहेब के सपनों का भारत बना रही कांग्रेस: गौतम

■ आज का दिन उत्तराखंड कांग्रेस परिवार के लिए गर्व व सम्मान का दिन: हरीश रावत

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की अध्यक्षता में शनिवार को हरिद्वार रोड स्थित एक हाल में आयोजित कार्यक्रम में नानक. चंद ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित विभाग में राष्ट्रीय संयोजक का कार्यभार संभाला, इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने भी शिरकत की।

इस अवसर पर हरीश रावत ने कहा कि आज का दिन उत्तराखंड कांग्रेस परिवार के लिए गर्व और सम्मान का दिन है। हमारे वरिष्ठ एवं समर्पित साथी नानक चंद को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की और से अनुसूचित जाति विभाग का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया जाना पूरे उत्तराखंड के लिए सम्मान की बात है। मुख्य अतिथि राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सामाजिक न्याय, समान अवसर और संवैधानिक मूल्यों की पक्षधर रही है। बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के सपनों का भारत बनाने का कार्य कांग्रेस निरंतर करती रही है। संचार विभाग के सचिव वैभव वालिया ने राजेंद्र पाल गौतम का उत्तराखंड आगमन पर स्वागत किया। नवनियुक्त राष्ट्रीय संयोजक नानकचंद ने कहा कि वे अनुसूचित जाति समाज की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती से उठाएंगे। इस अवसर पर उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि आज का यह समारोह केवल पदभार ग्रहण नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के संघर्ष को और तेज करने का संकल्प है। कार्यक्रम में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह भोजक, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मदन लाल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुलेमान अंसारी, संजय शर्मा, मोहन काला, दर्शनलाल, पीयूष गौड़, राव नसीम, डिंपल आदि मौजूद रहे।

## सुभारती ने आयोजित किया कार्डियोलॉजी कैंप

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। डॉ. केकेबीएम सुभारती अस्पताल की और से शनिवार को उत्तराखंड ग्रामीण बैंक में एक निःशुल्क कार्डियोलॉजी, सुपर स्पेशलिटी मेडिकल हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का बैंक कर्मचारियों व उनके परिवारजनों को उनके कार्यस्थल में ही विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श और जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। कैंप का शुभारंभ अजय शर्मा अध्यक्ष, दीपक शर्मा रीजनल प्रबंधक, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक व डॉ अंजली शर्मा कार्डियोलॉजिस्ट, सुभारती अस्पताल ने किया। शिविर में सुभारती अस्पताल के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमृत राज, जनरल सर्जन डॉ. चंचल शर्मा, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अंबर कर्णवल, दंत चिकित्सक डॉ. संगमित्रा जसवाल, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ जर शमन, डायटीशियन डॉ प्रज्ञा शर्मा सहित प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहें। शिविर में हेड मार्केटिंग डॉ. प्रशांत कुमार भटनागर नर्सिंग स्टाफ विक्रम, वंदना, राहुल रावत, अभिषेक, आशीष, सन्नी धीमान, धर्मपाल वर्मा, अक्षित बहुगुणा, आकाश, ऋतु पाल, सुशील कुमार अग्रवाल, ,शोभित कपूर सचिन, राकेश पवार, आरती रावत, पंकज नरूला, सचिन चंद्र शर्मा व राजेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा के साथ अखलाक व इंसानियत भी जरूरी: ख्वाजा शाहिद

■ संस्कारों को मजबूत किए बिना समाज में सुधार संभव नहीं: डॉ. एस फारूक

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। ऑल इंडिया एजुकेशनल मूवमेंट की ओर से शनिवार को तस्मिया एकेडमी, इंदर रोड में 'अमन और तालीम' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के मौजूदा स्वरूप, समाज में बढ़ती नैतिक गिरावट, पारिवारिक मूल्यों और इंसानी अखघ्लाक पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि केवल डिग्रियां और बड़े पैकेज हासिल करना ही तालीम का मकसद नहीं होना चाहिए, बल्कि शिक्षा ऐसी हो जो बेहतर इंसान और जिम्मेदार समाज तैयार करे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया एजुकेशनल मूवमेंट के संरक्षक डॉ. एस. फारूक ने की। जबकि संचालन राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल राशिद ने किया।

इंडियन कैंब्रिज स्कूल के निदेशक सय्यद मौहम्मद यासिर ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. एस. फारूक ने कहा कि स्कूलों में संस्कार और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने की आवश्यकता है। बच्चों को केवल किताबों की शिक्षा नहीं, बल्कि परिवार, पड़ोस और समाज के अधिकारों की पहचान और उन्हें निभाने की सीख भी दी जानी चाहिए।

ऑल इंडिया एजुकेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष ख्वाजा एम. शाहिद ने कहा कि आज शिक्षा संस्थानों की कामयाबी का पैमाना केवल बड़े पैकेज और नौकरियां बनकर रह गया है।

तालीम का दायरा तो बढ़ा है, लेकिन समाज में अमन, भाईचारा और इंसानियत कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि आज मां-बाप का सम्मान कम हो रहा है, पड़ोसियों के हक अदा नहीं किए जा रहे और सामाजिक रिश्तों में दूरी बढ़ती जा रही है।

जरूरत इस बात की है कि पैगंबर मोहम्मद साहब के अखघ्लाक और सीरत को सामने रखकर तालीम का ऐसा निजाम तैयार किया जाए, जो एक सभ्य और जिम्मेदार समाज बना सके।

इदारा इल्म-ओ-खिदमत के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल खालिक ने कहा कि आज शिक्षा को प्राथमिकता तो दी जा रही है, लेकिन अखघ्लाक और तरबियत को नजरअंदाज किया जा रहा है। काजी दारूल कजा देहरादून मुफ्ती सलीम अहमद कासमी ने कहा कि तालीम ही तरक्की और कामयाबी का सबसे बड़ा जरिया है। राष्ट्रीय सचिव डॉ. इलियास सैफी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मौलाना रिसालुद्दीन हक्कानी, मुफ्ती नाजिम अशरफ, मौलाना अब्दुल रब नदवी, सय्यद फर्रूख, डॉ. इलियास सैफी, सय्यद अर्शी, मौलाना सलमान नदवी, इजहार अहमद खान, हाजी इकबाल हुसैन, मास्टर अब्दुल सत्तार, डॉ. असगर अली, मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, फिरोज अहमद एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, ममदुहा मजीद आदि मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित

नई टिहरी। धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर के वाणिज्य एवं कंप्यूटर विभाग के द्वारा 2026 वित्तीय साक्षरता पर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट एवं सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के सहयोग से ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं से बीमा, बैंक, शेयर बाजार, म्युचुअल फंड एवं साइबर क्राइम से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में 80 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया एवं 70 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस प्रतियोगिता में वाणिज्य, कला, प्रबंधन, पर्यटन कंप्यूटर, पत्रकारिता, गृह विज्ञान एवं विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मुंबई के निदेशक द्वारा स्व हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र ऑन लाइन माध्यम से वितरित किए गए।

# उत्तराखंड की जनता को सिर्फ कांग्रेस से उम्मीद: शैलजा



शाह टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। उत्तराखंड कांग्रेस की प्रभारी कुमारी शैलजा ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में अब बदलाव की बयार बहने लगी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के शासन से त्रस्त जनता अब श्परिवर्तनश के मूड में है और बड़ी उम्मीद के साथ कांग्रेस की ओर देख रही है।

जनता के बीच छटपटाहट, भाजपा से उम्मीद खत्म

जिला मुख्यालय गोपेश्वर में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमारी शैलजा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने को लेकर लोगों में एक छटपटाहट है। उन्होंने कहा, भाजपा से अब लोगों को कोई उम्मीद नहीं रह गई है। यह वक्त कांग्रेस के मजबूती से खड़े होने का है। भाजपा सरकार सरकारी मशीनरी के दम पर लोकतंत्र को कुचल रही है और क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व को समाप्त करने पर तुली है।

शैलजा ने राष्ट्रीय मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब जनता के सवालों पर सरकार को आईना दिखाते हैं, तो भाजपा उन्हें संसद में बोलने तक नहीं देती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी निडर होकर सरकार को ललकार रहे हैं, जिससे सत्तापक्ष घबराया हुआ है।

भाजपा को श्सत्ता के मद में चूरश बताते हुए कांग्रेस नेत्री ने कहा कि आज बेरोजगारी और महंगाई ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। सरकार को जनसरोकारों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आम लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं के लिए संघर्ष करें और कांग्रेस की पैठ मजबूत करें।

बैठक में प्रदेश के तमाम बड़े नेताओं ने एक सुर में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान किया। इस अवसर पर गणेश गोदियाल प्रदेश अध्यक्ष,हरक सिंह रावत,प्रीतम सिंह अध्यक्ष, चुनाव संचालन समिति, एआईसीसी सदस्य सुरेंद्र शर्मा, मनोज यादव, बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला, पूर्व विधायक डॉ. जीत राम, जिलाध्यक्ष सुरेश डिमरी सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और विभिन्न नगर पालिकाओं के अध्यक्ष व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संदीप झिंक्वाण ने किया।

# बंगाल का सीएम बनने पर सुवेन्दु को महाराज ने दी शुभकामनाएं



शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने सुवेन्दु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और देवतुल्य कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप आज बंगाल में भगवान लहरा रहा है।

महाराज ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। भाजपा की ऐतिहासिक जीत ष्कश्मीर से कन्याकुमारी, गंगोत्री से गंगासागर" तक फैलते उस भारत की तस्वीर है जो भ्रष्टाचार मुक्त, तुष्टिकरण मुक्त, विकास युक्त होना चाहता है।

महाराज ने कहा कि आज गंगा मैया के उद्गम गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक, कमल ही कमल है। यह सिर्फ एक जीत ही नहीं, भारत के राजनीतिक मानचित्र पर भगवा विस्तार की ऐतिहासिक तस्वीर है।

**सूचना**

मैं आर्मी नं0-4071381P रैंक-नायक (से०नि०) अनिल कुमार तिर्थवाल पुत्र स्व० ओतार सिंह तिर्थवाल,निवासी-रामनगर डाण्डा, पोस्ट आफिस-थानों, जिला-देहरादून, उत्तराखण्ड, मेरे सैन्य अभिलेखों में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम कुसुम लता व जन्मतिथि **01.03.1973** गलत दर्ज है, जबकि मेरी पत्नी का सही नाम **कुसुम देवी (KUSUM DEVI)** व सही जन्मतिथि **19.11.1972** है। भविष्य में मेरी पत्नी को सही नाम व सही जन्मतिथि से जाना जाये।

# मानसून से पहले आपदा तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट, 30 मई तक नालों की सफाई के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मानसून सत्र से पूर्व आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। वैभव गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन सभागार में गूगल मीट के माध्यम से बैठक आयोजित की गई, जिसमें लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग हरिद्वार एवं रुड़की, लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण विभाग, पेयजल निगम, सभी विकासखंडों के विभागाध्यक्षों, नोडल अधिकारियों एवं आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने विगत वर्ष आपदा न्यूनीकरण, नॉन एसडीआरएफ तथा अनटाइड फंड के तहत लंबित प्रस्तावों का पुनः परीक्षण कर उन्हें अद्यतन करते हुए आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर एक सप्ताह के भीतर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान और जनहानि को कम करने के लिए प्रस्तावों एवं आगणनों को टुकड़ों में विभाजित न किया जाए तथा शासन की गाइडलाइन के अनुरूप ही प्रस्ताव भेजे जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यूनीकरण, नॉन एसडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं अनटाइड फंड से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर समय पर प्रस्ताव उपलब्ध कराए जाएं ताकि मानसून से पहले सभी आवश्यक कार्य पूरे किए जा सकें।



अपर जिलाधिकारी ने नगर निगम हरिद्वार एवं रुड़की, विकासखंडों तथा लोक निर्माण विभाग को अपने-अपने क्षेत्रों के सभी छोटे-बड़े नालों और कलवर्टों की विधिवत सफाई कर 30 मई तक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही आपदा प्रबंधन अधिकारी से जलभराव वाले संवेदनशील क्षेत्रों, पंपसेट एवं अन्य संसाधनों का विवरण प्रस्तुत करने को कहा गया।

बैठक में आपदा के दौरान उपयोग होने वाले उपकरणों और संसाधनों की जांच, मरम्मत एवं खोज-बचाव सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा नगर निगम हरिद्वार और रुड़की में कंट्रोल रूम सक्रिय करने तथा जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागों और स्थानीय निकायों को नालों की सफाई की दैनिक रिपोर्ट प्रतिदिन शाम 4 बजे तक आपदा प्रबंधन कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए। वहीं वर्तमान आंधी-तूफान की स्थिति को देखते हुए सड़कों और आवासीय क्षेत्रों में जर्जर पेड़ों की कटाई एवं शाखाओं की छंटाई समय से कराने के निर्देश भी जारी किए गए।

# अमेरिका से आए संतों ने की अखाड़ा परिषद अध्यक्ष से भेंट

## विश्व की सर्वश्रेष्ठ है सनातन धर्म संस्कृति : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अमेरिका से आए संतों ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी से भेंटकर सनातन धर्म संस्कृति को पूरे विश्व में प्रचारित प्रसारित करने पर चर्चा की। अवधूत मंडल आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद के संयोजन में निरंजनी अखाड़े पहुंचे संतों का श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने मां मनसा देवी की चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम् की बात करने वाली सनातन धर्म संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है। उन्होंने कहा कि मोहन फाउंडेशन के संस्थापक स्वामी मोहन 24 देशों में सनातन का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। सनातन को विश्व के सभी देशों में प्रचारित प्रसारित करने में अखाड़ा परिषद स्वामी मोहन का सहयोग करेगा। महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद ने कहा कि संत महापुरूष सनातन के वाहक व संरक्षक हैं। संत महापुरूषों के प्रयासों से पूरा विश्व सनातन को अपना रहा है। साध्वी नेहा आनंद ने कहा कि सनातन संस्कृति को शिखर पर ले जाने के लिए संत समाज एकजुट होकर प्रयास करेगा। स्वामी मोहन ने कहा कि अगले वर्ष हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले में अखाड़ा परिषद का सहयोग करते हुए विभिन्न सेवा शिविरों का संचालन किया जाएगा।



इस अवसर पर मनसा देवी मंदिर के पुजारी महेश दुबे, राजेश वर्मा, थैया मोहन, नंदकुमार मोहन, स्वामी प्रमोद, फिल्म मेकर सुनील कुवेरी सहित कई संत व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विवाहिता ने ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर पुलिस से लगाई कार्रवाई की गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सलेमपुर निवासी विवाहिता ने ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगायी है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते रूबी पुत्री मजाहिर हसन ने 2 वर्ष पूर्व उनकी शादी इमरान पुत्र गुलफाम निवासी ग्राम बसेड़ी थाना लक्सर से हुई थी। विवाह में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार अच्छा खासा खर्च किया था। कुछ समय तक ससुराल में सब ठीक चलता रहा। लेकिन कुछ समय बाद पति इमरान के परिवारजन लड़ाई झगड़ा और मारपीट करने लगे। पति भी परिवार वालों की बातों में आकर मार पिटाई करता है। पूरा परिवार मिलकर घर से निकालना चाहता है। रूबी ने बताया कि उन्होंने लकसर पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद एसएसपी शिकायत प्रकोष्ठ में पत्र दिया। उस पर भी कोई



कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि मारपीट और मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर वह अपने मायके में सलेमपुर आ गयी। रूबी ने पुलिस ने जानमाल की सुरक्षा और ससुराल पक्ष पर कार्रवाई करने की गुहार लगाते हुए न्याय दिलाने की मांग की है।

# धारीवाला में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण

## कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी और प्रदीप बत्रा के साथ स्वामी यतीश्वरानंद ने किया अनावरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धारीवाला में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण कैबिनेट ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी, परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा के साथ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाओं से उनके बलिदान और शौर्य के प्रति आगामी पीढ़ी प्रेरित होती है। ग्राम धारीवाला में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के सौजन्य से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की गई। जिसका शनिवार को भव्य समारोह में अनावरण हुआ। अनावरण करते हुए कैबिनेट ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी और परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे शूरवीर योद्धा हुए जिन्होंने समझौता करने के बजाय संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के बलिदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे महापुरुषों के बलिदान से ही आज देश में लोकतंत्र और जनता का शासन है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाओं से उनके बलिदान की जानकारी युवा पीढ़ी को मिलती है और उनके बलिदानों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का साहस मिलता है।



उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन को संघर्षमयी जीवन बताते हुए कहा कि यदि विपरित परिस्थितियों में वे समझौता कर लेते तो देश में विदेशी ताकतों की सत्ता होती। उन्होंने युवाओं को उन्हें अपना प्रेरणास्रोत बनाकर देशहित में कार्य करने को आह्वान किया। इस अवसर पर चौहान राजपूत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलवंत सिंह चौहान, चौहान क्षत्रिय कल्याण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जयपाल सिंह, महामंत्री रविंद्र चौहान, चेयरमैन साधुराम चौहान, विजय चौहान, महंत राममुनि, राज्यमंत्री डॉ जयपाल सिंह चौहान, सुनील सैनी, नेत्रपाल सिंह चौहान, ग्राम प्रधान शिवानी चौहान, ज्योति चौहान, सतीश चौहान, वेदपाल राणा, कृष्णपाल चौहान, यशपाल चौहान, अशोक राणा, नरेश भगत, जिपं उपाध्यक्ष अमित चौहान, सोनी चौहान, शीषमा चौहान, विशेष चौहान, आदेश चौहान, सुशील पंवार, संजय सरदार, ऋषिपाल कश्यप, सरदार करण सिंह, सुभाष चौहान,आदि क्षेत्रवाणीगण शामिल हुए।

# ट्यूशन के लिए निकली किशोरी लापता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। परिवार के अनुसार 15 वर्षीय किशोरी बृहस्पतिवार शाम करीब चार बजे घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजन ट्यूशन सेंटर पहुंचे तो पता चला कि किशोरी उस दिन पढ़ने पहुंची ही नहीं थी। इसके बाद रिश्तेदारियों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। एसएसआई हर्ष अरोड़ा ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# कॉल रिसीव करते ही खाते से उड़ाए लाखों

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठग नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को चूना लगा रहे हैं। निरंजनी अखाड़ा रोड रामधाम आश्रम निवासी गया प्रसाद गैरोला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार मई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। कॉल रिसीव करने के करीब 10 मिनट उनके अलग-अगल बैंकों से करीब 3 लाख रुपये की रकम निकाल लीग गई। रुपये कटने के मैसेज आने पर उन्हें साइबर ठगी का पता चला। इसके बाद उन्होंने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दी।

दूसरे मामले में भूपतवाला स्थित गायत्री विहार निवासी प्रो. मोहमचंद्र बलोदी को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी का झांसा देकर 3 लाख 88 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। प्रोफेसर ने पुलिस को बताया कि सात जनवरी 2026 को उनके मोबाइल पर कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को एसबीआई मुख्यालय मुंबई के वित्त विभाग का कर्मचारी बताया और कहा कि उनकी पॉलिसी पर करीब 17 लाख 96 हजार की राशि बनती है। आरोपियों ने उन्हें भरोसे में लेते हुए कहा कि यह रकम जारी कराने के लिए कुछ प्रोसेसिंग फीस जमा करनी होगी। पहले 38 हजार रुपये जमा कराए गए। इसके बाद अलग-अलग बहाने बनाकर दो लाख और फिर डेढ़ लाख दूसरे खातों में ट्रांसफर करा लिए गए। बाद में जब दोबारा ढाई लाख जमा कराने का दबाव बनाया गया तो उन्हें शक हुआ। इसके बाद वह रानीपुर स्थित एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कार्यालय पहुंचे, जहां अधिकारियों ने बताया कि उनके नाम की कोई ऐसी प्रक्रिया लंबित नहीं है। तब उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ज्वालापुर विधानसभा के विकास की अनदेखी कर रहे विधायक : अमित कुमार बिट्टू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता एवं विधानसभा चुनाव के प्रबल दावेदार अमित कुमार बिट्टू ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस विधायक क्षेत्र के विकास की अनदेखी करने में लगे हुए है। आलम यह है कि मूलभूत सुविधाओं को भी दूर करने में विधायक के पसीने छूट रहे है।

रुड़की के एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए युवा नेता अमित कुमार बिट्टू ने कहा कि भाजपा सरकार में जहां विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है, वही ज्वालापुर विधानसभा विकास के मामले में पिछड़ती जा रही है, आलम यह है कि विधायक अपनी पूरी निधि भी विकास कार्यों में नहीं लगा पा रहे है, यही कारण है कि विधानसभा क्षेत्र की सड़के गड्ढा मुक्त नहीं बल्कि गड्ढों में सड़के तब्दील है। उन्होंने कहा कि विधायक चहेते ठेकेदारों को काम देते है और विधानसभा क्षेत्र के ठेकेदारों से वह द्वेष रखते है। एक जनप्रतिनिधि का कर्त्तव्य क्षेत्र का विकास होना चाहिए, लेकिन यहां के जनप्रतिनिधि अपने विकास में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे है। उनके आने से अपने को जमीनी स्तर का नेता समझने वाले नेताओं की राजनीतिक जमीन भी खिसकना शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा जरूरत शिक्षा को क्षेत्र को बढ़ाने, उसे ओर ज्यादा विकसित करने, खेल के मैदान डेवलप कराने, स्वास्थ्य सुविधाओं से जन जन को लाभ दिलाने, छात्र छात्राओं के लिए रिसर्च लैब आदि की सुविधाएं होनी चाहिए, जो उनकी प्राथमिकता और विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति खुशहाल होगा। एक सवाल में उन्होंने कहा कि वह भाजपा के



में है, यदि भाजपा पार्टी ने उन्हें आशीर्वाद दिया, तो वह इन मुद्दों को प्राथमिकता में शामिल रखेंगे कार्यकर्ता है, टिकट के अन्य दावेदार भी है, वह भी टिकट के मजबूत दावेदार है।

# नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनहित संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष राहुल चौधरी ने धर्मनगरी में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की है। प्रेस क्लब में पत्रकार से वार्ता करते हुए राहुल चौधरी ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है और युवा पीढ़ी का जीवन बर्बाद कर रहा है। युवाओं में नशे की लत के चलते कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। राहुल चौधरी ने कहा कि धर्मनगरी में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए बड़े नशा माफियाओं पर नकेल लगाने की आवश्यकता है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए धर्मनगरी में गांजा, स्मैक, शराब के अवैध कारोबार को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाए। राहुल चौधरी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भी प्रदेश को नशा मुक्त करना चाहते हैं। युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए सभी को आगे आकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि नशे का धंधा करने वाले छोटे कारोबारियों के साथ बड़े कारोबारियों पर भी पुलिस को कार्यवाही करनी चाहिए। जाट महासभा के अध्यक्ष देवपाल सिंह राठी एवं सामाजिक कार्यकर्ता जेपी बडोनी ने कहा कि नशे को समाप्त करने के लिए सरकार को ठोस नीति बनानी होगी। नशे का अवैध करोबार करने वालों को चिन्हित कर पुलिस को समान रूप से कार्यवाही करनी चाहिए। पंडित अधीर कौशिक, जेपी बड़ोनी, एडवोकेट पुनीत कंसल, अशोक शर्मा, संजीव कुमार, योगेंद्र राणा, मोहित चौहान, कन्हैया चंचल, उदित भारद्वाज आदि ने भी राहुल चौधरी की मुहिम का समर्थन किया।

## हरिद्वार में साइबर ठगी का बढ़ता जाल

# कई लोगों से लाखों की ठगी, 4 केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में अलग-अलग चार मामलों में महिलाओं और बुजुर्गों समेत कई लोगों से करीब 15 लाख से अधिक की ठगी कर ली गई। राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद साइबर सेल से जांच कर मामले ज्वालापुर कोतवाली ट्रांसफर किए गए, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुभाषनगर ज्वालापुर निवासी विमला देवी पत्नी रामाशंकर ने साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल को उनके बैंक खाते से 1 लाख 83 हजार रुपये की रकम धोखाधड़ी कर निकाल ली गई। रकम निकलने की जानकारी मिलने पर उनके होश उड़ गए। काफी प्रयास के बाद भी जब खाते से निकली रकम वापस नहीं मिली तो उन्होंने साइबर पोर्टल पर शिकायत की। दूसरे मामले में जगदीश नगर सेक्टर-2 बैरियर ज्वालापुर निवासी सुशील कुमार गुप्ता साइबर ठगी का शिकार हो गए। शिकायत में उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को ठगों ने किसी तरह उनके बैंक खाते तक पहुंच बनाकर 1 लाख 40 हजार रुपये की रकम उड़ा ली। रकम कटने का पता चलने पर उन्होंने बैंक और साइबर हेल्पलाइन से संपर्क किया। तीसरे मामले में पूर्वी नाथ नगर निवासी बुजुर्ग लक्ष्मण दास गुलाटी को साइबर अपराधियों ने अपना शिकार बनाया। ठगों ने उनके खाते से 1 लाख 49 हजार 205 रुपये की रकम निकाल ली। पीड़ित ने साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं, पूर्वी नाथ नगर निवासी 60 वर्षीय दलजीत सिंह के साथ सबसे बड़ी ठगी हुई। साइबर ठगों ने उनके खाते से 10 लाख 80 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल फोन पर लगातार रकम कटने के मैसेज आने के बाद उन्हें धोखाधड़ी की जानकारी मिली। इसके बाद वह बैंक पहुंचे और खाते की जानकारी ली। मामले की शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज कराई गई। जांच के दौरान करीब 4 लाख 7 हजार रुपये की रकम पर लियन लगवाया गया है, जिससे रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोका जा सके। चारों मामलों में साइबर सेल ने तकनीकी जांच के बाद केस ज्वालापुर कोतवाली भेजे हैं। एसएसआई हर्ष अरोड़ा ने बताया कि सभी मामलों में मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और ट्रांजेक्शन डिटेल की जांच की जा रही है।

# एटीएम फ्रॉड गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

## अलग-अलग बैंकों के 17 एटीएम कार्ड बरामद, बुजुर्गो, महिलाओं व कम पढ़े लिखे लोगों को बनाते थे निशाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** पुलिस ने एटीएम फ्रॉड गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 2 शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 17 संदिग्ध एटीएम कार्ड व बाइक बरामद की गयी है। आरोपी एटीएम बूथ के आसपास रेकी कर बुजुर्गो, महिलाओं व कम पढ़े लिखे लोगों को निशाना बनाते थे। एटीएम फ्रॉड की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एसआई हेमदत्त भारद्वाज पुलिस टीम के साथ पीपल चौक स्थित एसबीआई के एटीएम बूथ के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बिना नंबर प्लेट की काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर बाइक



मोड़कर पुराना पथरी पावर हाउस की ओर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों का पीछा किया। भागने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिसके बाद दोनों युवक झाड़ियों की ओर भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में बाइक चला रहे युवक ने अपना नाम शिवा उर्फ शिव पुत्र राजेश निवासी फेरुपुर महाराणा प्रताप कालोनी थाना पथरी बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से मोबाइल फोन, 200 रूपए, पर्स तथा अलग-अलग बैंकों के 10 एटीएम कार्ड बरामद हुए। दूसरे युवक ने अपना नाम मधुसूदन उर्फ मनोज पुत्र चरण सिंह निवासी गढ़मीरपुर थाना रानीपुर बताया। उसकी तलाशी में मोबाइल फोन, 700 रूपए, पर्स तथा 7 एडीएम कार्ड बरामद हुए। बरामद एटीएम कार्ड के संबंध में पूछने पर दोनों कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने बताया किया कि वे पहले भी एटीएम बदलकर ठगी करने के मामलों में जेल जा चुके हैं। आरोपियों ने बताया कि दोनों शिकार की तलाश में एटीएम बूथ के पास घूम रहे थे और बुजुर्ग, महिला एवं कम पढ़े-लिखे लोगों की मदद करने के बहाने उनका एटीम कार्ड बदल कर खातों से पैसे निकाल लेते थे। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह, एसआई हेमदत्त भारद्वाज, कां. बिरेन्द्र सिंह, मुकेश नेगी, नितुल यादव शामिल रहे।

## मदरसों की जांच को लेकर राजनीतिक विवाद, विधायक मोहम्मद शहजाद ने आरोपों को बताया साजिश

# विधानसभा में मुखर होकर उठाते हैं सामाजिक और विकास से जुड़े मुद्दे

अहसान अंसारी

**हरिद्वार।** प्रदेश के सभी जनपदों में संचालित मदरसों की जांच भारत सरकार के निर्देश पर की जा रही है, लेकिन जनपद में मदरसों के खिलाफ चल रही कार्रवाई को लेकर एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। पिछले दिनों जिस प्रकार कुछ समाचार पत्रों में यह दर्शाने की कोशिश की गई कि मदरसों की जांच बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद की शिकायत पर कराई जा रही है, उससे राजनीतिक हल्को के साथ-साथ अल्पसंख्यक क्षेत्रों में भी एक नई बहस ने जन्म ले लिया है।

इस प्रकार की कथित खबरें सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और इसका शिकार बना है वह विधायक जो विधानसभा से लेकर सार्वजनिक मंचों तक मदरसों के खिलाफ चल रही कथित उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के विरोध में खुलकर आवाज उठाता रहा है। अब ऐसी आवाज उठाने वाले विधायक मोहम्मद शहजाद के समर्थकों और राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह उनके राजनीतिक कद को नुकसान पहुंचाने की साजिश है।



बताया जा रहा है कि हाल ही में जनपद के 23 मदरसों की जांच में अनियमितताओं का खुलासा होने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इसके बाद कुछ लोगों ने पूरे मामले को विधायक शहजाद से जोड़ते हुए सोशल मीडिया पर आरोपों की झड़ी लगा दी।

मोहम्मद शहजाद ने बताया कि यह सब उन्हें बदनाम करने की सुनियोजित साजिश है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मदरसों की समस्याओं को लेकर उन्होंने मदरसा संचालकों की एक बैठक समाज कल्याण मंत्री के साथ कराई थी, ताकि समस्याओं का समाधान निकल सके।

विधायक शहजाद ने आगे बताया कि उनके द्वारा किसी भी मदरसे की शिकायत नहीं की गई है। कुछ लोग राजनीतिक प्रोपगेंडा के तहत उनका नाम जोड़कर भ्रम फैलाने और उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

हालांकि प्रदेशभर में मदरसों की जांच एक व्यापक सरकारी प्रक्रिया का हिस्सा है, जो भारत सरकार के निर्देशों के तहत सभी जनपदों में चल रही है। ऐसे में केवल एक विधायक को इसका जिम्मेदार ठहराना राजनीतिक प्रोपेगेंडा से ज्यादा कुछ नहीं माना जा रहा। प्रदेश की राजनीति में मोहम्मद शहजाद एक मजबूत और बेबाक जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी अलग पहचान रखते हैं। लक्सर की जनता के बीच उनकी पकड़ और सक्रियता ही उन्हें प्रदेश में बसपा के इकलौते मुस्लिम विधायक के रूप में खास बनाती है।

विधानसभा से लेकर जनता के बीच उठने वाले मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखने वाले मोहम्मद शहजाद को एक जुझारू और जमीनी नेता माना जाता है।फिर चाहे सामाजिक मुद्दे हों या अल्पसंख्यकों की आवाज हो या क्षेत्र के विकास से जुड़े सवाल उन्होंने हमेशा मजबूती से अपनी बात रखी है।

# मदद के बहाने महिला की स्कूटी की चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मदद के बहाने स्कूटी चोरी का मामला भी सामने आया है। सत्यम विहार कॉलोनी भूपतवाला निवासी नीरू सैनी पत्नी दिनेश सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अप्रैल को दोपहर करीब 12:30 बजे उनकी स्कूटी भूपतवाला सर्विस रोड स्थित एक ढाबे के पास अचानक बंद हो गई थी। इस दौरान वहां मौजूद एक युवक से उन्होंने स्कूटी स्टार्ट कराने में मदद मांगी। आरोप है कि युवक ने स्कूटी स्टार्ट करने के बाद मौका पाकर वाहन लेकर फरार हो गया। महिला ने आरोपी युवक की फोटो भी पुलिस को दी है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज और फोटो के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पीएनबी पॉलिसी के नाम पर एक लाख की ठगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र में साइबर ठगों ने पीएनबी पॉलिसी की किस्त जमा कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से एक लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवालिक नगर निवासी नेकीराम पुत्र अन्तु सिंह ने पुलिस को बताया कि 26 अप्रैल को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को पीएनबी से जुड़ा कर्मचारी बताते हुए उनकी बीमा पॉलिसी की जानकारी दी। संयोग से उसी दिन पॉलिसी की किस्त जमा करने की अंतिम तारीख थी, जिस कारण उन्हें कॉल पर भरोसा हो गया। ठग ने उन्हें बातों में उलझाकर दूसरे मोबाइल नंबर के जरिए दो ट्रांजेक्शन में कुल एक लाख रुपये डलवा लिए। कुछ देर बाद उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। रानीपुर कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मोबाइल नंबरों और बैंक खातों की जांच की जा रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# सीतापुर पार्किंग में अवैध वसूली पर भड़का होटल एसोसिएशन

## 48 घंटे में कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

■ तीर्थयात्रियों से मनमाना शुल्क वसूले जाने का आरोप
■ मोबाइल चार्जिंग तक के लिए लिए जा रहे पैसे

**शाह टाइम्स संवादादाता**

**गुप्तकाशी/रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग स्थित सीतापुर पार्किंग में कथित अवैध वसूली, अव्यवस्थाओं और यात्रियों के शोषण को लेकर अब स्थानीय व्यापारियों और होटल व्यवसायियों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। केदार धाम होटल ओनर्स एसोसिएशन ने उत्तराखंड पर्यटन सचिव को ज्ञापन भेजते हुए पार्किंग संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं और चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रीय जनता और होटल व्यवसायी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

एसोसिएशन का आरोप है कि पार्किंग संचालक एग्रीमेंट की शर्तों को दरकिनार कर वाहन चालकों और तीर्थयात्रियों से मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं। ज्ञापन के अनुसार बड़े वाहनों के लिए 8 घंटे तक पार्किंग शुल्क ₹300 निर्धारित है, लेकिन एक-दो घंटे अतिरिक्त होने पर वाहन चालकों से तीन गुना तक शुल्क लिया जा रहा है। कई चाल. कों से 2 घंटे से 24 घंटे तक वाहन खड़ा करने के नाम पर ₹900 तक की वसूली किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

होटल एसोसिएशन ने यह भी कहा कि पार्किंग परिसर में यात्रियों के लिए बनाए गए वेटिंग एरिया को



सोने के अड्डे में तब्दील कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा पार्किंग स्थल पर शुल्क संबंधी कोई स्पष्ट सूची प्रदर्शित नहीं की गई है, जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को भ्रम और आर्थिक शोषण झेलना पड़ रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पार्किंग संचालकों द्वारा यात्रियों से मोबाइल चार्जिंग के लिए भी पैसे वसूले जा रहे हैं। वहीं एग्रीमेंट के अनुसार एक रजाई और गद्दे के लिए प्रति व्यक्ति ₹100 शुल्क निर्धारित होने के बावजूद यात्रियों से ₹250 तक वसूले जाने का आरोप लगाया गया है।

एसोसिएशन ने पार्किंग परिसर में फैली गंदगी, सुरक्षा इंतजामों की कमी और सीसीटीवी कैमरों के अभाव को भी गंभीर चिंता का विषय बताया है। उनका कहना है कि यात्रा सीजन में हजारों श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं और पारदर्शिता का अभाव प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

ज्ञापन में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि यदि आगामी 48 घंटे के भीतर प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्रीय जनता, होटल व्यवसायी और एसोसिएशन के सदस्य सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेश नौटियाल एवं सचिव मनोज सेमवाल के हस्ताक्षर दर्ज हैं।

# लाखामंडल में एचपीवी वैक्सीन अभियान का शुभारंभ

■ छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चकराता। राजकीय इंटर कॉलेज लाखामंडल में शुक्रवार को एचपीवी वैक्सीन अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही राजकीय बालिका आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाखामंडल में एचपीवी वैक्सीन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानथात के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मयंक भट्ट ने छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के



लाभ, इसके प्रभाव एवं समय पर टीकाकरण की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और सभी पात्र बालिक. ाओं को समय पर यह टीका अवश्य लगवाना चाहिए।

इस अवसर पर इंटर कॉलेज लाखामंडल में 14 वर्ष आयु वर्ग की 8 छात्राओं का टीकाकरण किया गया। वैक्सीनेशन कार्यक्रम में एएनएम कुसुम लेखवार एवं किरण ठाकुर ने टीकाकरण की जिम्मेदारी निभाई। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीक्षा रावत, अमित लेखवार, आशा फैसिलिटेटर निशा रावत तथा आशा कार्यकत्री सरोज, ममता, अमृता और पुलमा भी मौजूद रहे।

# ओबीसी मोर्चा शिवालिक ग्रामीण की परिचय बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शाहपुर कल्याणपुर में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा, देहरादून ग्रामीण द्वारा शिवालिक ग्रामीण मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचय बैठक एवं सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीकाराम (मंडल अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा शिवालिक ग्रामीण) ने की।

इस अवसर पर शिवालिक ग्रामीण मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों में मंडल उपाध्यक्ष ईश कुमार, मुकेश कुमार, कृष्णा यादव, बिल्लू कुमार, मिथुन सिंह, अजय कश्यप, नीरज कश्यप, प्रमोद, नरेश पाल, सागर, विकास, दीपक, शिवम कुमार, आसाराम, कुर्बान, कुसुम, रीना एवं योगेंद्र सहित अन्य पदाधिकारियों को ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण की



ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वीरता गुरूंग (जिला अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण) ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करें।

एडवोकेट गुरुमेल सिंह राठौड़ (जिला महामंत्री, ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण) ने पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में गुंडाराज समाप्त हो चुका है और "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के संकल्प के साथ जन-जन की सरकार बनी है।

इसके अतिरिक्त विनोद क्षेत्री (जिला मीडिया प्रभारी) एवं विनोद चौहान (प्रधान, शाहपुर कल्याणपुर) ने भी सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में रवि कश्यप (भाजपा मंडल अध्यक्ष, शिवालिक ग्रामीण), उपासना (मंडल प्रभारी, शिवालिक ग्रामीण भाजपा), डॉ. रमेश सैनी (मंडल महामंत्री, शिवा. लिक ग्रामीण भाजपा), सुनील कश्यप (मंडल महामंत्री, शिवालिक ग्रामीण भाजपा), एडवोकेट अभिनंदन थापा, नीरज पुंडीर (महामंत्री, किसान मोर्चा विक. ासनगर ग्रामीण), ओमवीर पुंडीर (पूर्व उपप्रधान), अभिषेक कश्यप, नरेश कुमार, विजय शर्मा, गंगा सिंह, विजय चौहान, गुलाब सिंह, राज. कुमार ओझा, अमन चौधरी, मामन, सियाराम चौहान एवं सुषमा राणा (क्षेत्र पंचायत सदस्य) सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटे वाद

**रुद्रप्रयाग( शाह टाइम्स संवाददाता )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायालय रुद्रप्रयाग एवं बाह्य न्यायालय ऊखीमठ में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माननीय अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग की अध्यक्ष नीना अग्रवाल के मार्ग-दर्शन में संपन्न हुआ। सिविल जज (सी०डि०) एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पायल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकों से संबंधित प्री-लिटिगेशन वादों सहित विभिन्न मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण किया गया। इस दौरान कुल 23 प्री-लिटिगेशन मामलों का निपटारा करते हुए 18,97,248 की समझौता राशि वसूल की गई।

लोक अदालत में गठित विभिन्न पीठों द्वारा भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या-01, जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीना अग्रवाल एवं सदस्य अधिवक्ता सूरत सिंह बिष्ट शामिल रहे, ने 07 मामलों का निस्तारण कर 16,82,000 की समझौता राशि वसूल की। वहीं पीठ संख्या-02 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अशोक कुमार एवं सदस्य अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह नेगी द्वारा कुल 41 मामलों का निस्तारण करते हुए 27,06,158 की समझौता राशि वसूल की गई। इसके अतिरिक्त बाह्य न्यायालय ऊखीमठ में आयोजित पीठ संख्या-03 में सिविल जज (जू०डि०)/न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सन्तोष पच्छिमी एवं सदस्य अधिवक्ता राजेन्द्र देव भट्ट द्वारा 15 मामलों का निस्तारण कर 2,08,500 की समझौता राशि वसूल की गई।राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान कुल 86 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया तथा कुल 64,93,906 की समझौता राशि वसूल हुई।

## एक नजर .......

### औली में आयोजित सैनिक सम्मेलन में हुए शामिल राज्यपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को औली, चमोली में आयोजित सैनिक सम्मेलन में प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को सम्मानित किया। सैनिक सम्मेलन में राज्यपाल ने भारतीय सेना की 7वीं बटालियन असम रेजिमेंट "औली बटालियन" तथा आईटीबीपी के माउंटेनियरिंग एवं स्कीइंग इंस्टिट्यूट के जवानों को संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना एवं आईटीबीपी के जवान प्रतिकूल परिस्थितियों में भी राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं, जिस पर पूरे देश को गर्व है। राज्यपाल ने 7वीं बटालियन असम रेजिमेंट के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए ऑपरेशन पवन सहित विभिन्न अभियानों में जवानों द्वारा प्रदर्शित वीरता को स्मरण किया तथा मातृभूमि की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में माणा सब सेक्टर में "ऑपरेशन स्नो लेपर्ड" के अंतर्गत सीमा सुरक्षा का दायित्व निभा रहे जवान कठिन हिमालयी परिस्थितियों में अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दे रहे हैं। राज्यपाल ने आईटीबीपी के माउंटेनियरिंग एवं स्कीइंग इंस्टिट्यूट , औली की उपलब्धियों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर ब्रिगेडियर गौरव बत्रा, कमांडर 9 (इंडिपेंडेंट) माउंटेन ब्रिगेड ग्रुप, कर्नल शिवेश तिवारी, कमांडिंग ऑफिसर, 7वीं असम रेजिमेंट तथा रतन सिंह सोनल, कमांडेंट, आईटीबीपी (सीओ ट्रेनिंग) उपस्थित रहे।

### सेपियंस स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम किए पेश

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर में परम्परा को कायम रखते हुए 'मातृत्व दिवस' नर्सरी से कक्षा एक तक के छात्रों एवं अभिभावकों के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, सेक्रेटरी रविकांत सपरा, विद्यालय प्रबंधक रशिता सपरा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, विकास नगर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सेपियंस विद्यालय विकास नगर में कक्षा एक की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात कक्षा नर्सरी तथा एल के जी के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसने वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। सेपियंस क्वीन मदर का एवार्ड इंदिरा रानी को देकर उनका अभिनंदन किया गया। साथ ही बेस्ट पर्सनेलिटी, बेस्ट हेयर स्टाइल, बेस्ट ट्वीनिंग , बेस्ट डेस अप का अवॉर्ड भी दिया गया।

## 175 मामलों का निस्तारण

**श्रीनगर।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार शनिवार को बाह्य न्यायालय श्रीनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। सविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अलका ने पीठ की अध्यक्षता करते हुए 175 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। इनमें 161 फौजदारी वाद, 8 एनआईएक्ट के मामले, 1 सिविल वाद, 2 अंतिम रिपोर्ट तथा 3 डीबी एक्ट के मामलों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, संरक्षक अनूप श्री पांथरी, महासचिव ब्रह्मानंद भट्ट, विकास पंत, देवी प्रसाद खरे, प्रदीप थपलियाल सहित आदि मौजूद थे।

# द अल्टस इंटरनेशनल स्कूल में छात्र समिति का गठन

■ स्कूल में मातृ दिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** विकासखंड सहसपुर के क्षेत्र रामपुर स्थित द अल्टस इंटरनैशनल स्कूल में प्रधानाचार्या अनु गुप्ता के मार्गदर्शन में छात्र समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अनु गुप्ता तथा स्कूल कोऑर्डिनेटर्स के करकमलों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

उसके बाद चारों सदनों जिसमें अंबर हाउस, वसुंधरा हाउस, पावक



हाउस तथा मारूत हाउस के छात्र-छात्राओं ने बैंड की धुन के साथ एक जोशीला वातावरण विद्यालय में बनाते हुए मार्च पास किया। तदोपरांत छात्र समिति के चुने हुए विद्यार्थियों जिनका चयन नामांकन तथा मतदान प्रक्रिया द्वारा किया गया। जिसमें सबसे ज्यादा मत प्राप्त कर हेड बॉय शिवम कुमार शर्मा और हेड गर्ल प्रतिष्ठा बलाना को बनाया गया, स्कूल कैप्टन मौ0 सैफ व जोया मिर्जा बनें जबकि वाइस स्कूल कैप्टन उत्कर्ष और आफरिन अंसारी को बनाया गया। वहीं स्पोर्ट्स कैप्टन प्रशांत त्रिपाठी और रिया वर्मा तथा वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन चिराग तथा सन्ना को बनाया गया।

मारूत हाउस' के कैप्टन पृत्यक्ष चौहान व सलोनी झा तथा वाइस कैप्टन मौ.सुहान तथा मिस्बा बने और प्रीफेक्ट्स के रूप में अभिषेक नेगी, अब्दुल हादी, अफजल अंसारी, आंशिक, नव्या शर्मा, अंशिका राणा, सुमैया तथा चाहत चुने गए। 'अंबर हाउस' से कैप्टन चुने गए उमंग जुगलान व रागिनी जबकि वाइस कैप्टन तनिष्क गोयल व निहिर निगम बनाए गए जबकि कार्तिक खत्री, हमजा अंसारी, प्रत्यक्ष, विक्रांत, शिवानी सोलंकी, आसिफा, अदिति नेगी और अर्पिता गंगवार प्रीफेक्ट्स चुने गए।

'वसुंधरा हाउस' से राम प्रकाश व सुदीक्षा प्रुस्टी कैप्टन तथा वाइस कैप्टन अंश नौटियाल तथा पारूल चुने गए जबकि प्रीफेक्ट्स के रूप में हर्षित, अभि गंगवार, अंश रावत, आरोही मेहरा, विभा सिंह, शनाया ,दिव्या रावत चुने गए। 'पावक हाउस' से सार्थक शर्मा तथा शुभग त्यागी कैप्टन चुने गए जबकि वाइस कैप्टन अमन कुमार राणा तथा जिज्ञासा मुद्गल बनाए गए जबकि शौर्य, पंकज सिंह, रूद्र, हिमांशु बिष्ट, नमराह हयात, अक्षरा, गौरी राणा तथा जिया हयात प्रीफेक्ट्स बनाए गए। सभी नए सदस्यों को पूर्व स्कूल कैप्टन अनुष्का वशिष्ठ द्वारा शपथ दिलाई गई। साथ ही आज मातृ दिवस के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मां के लिए सुंदर-सुंदर रंग-बिरंगे ग्रीटिंग कार्डस बनाकर उन्हें भेंट किया और उनकी अध्यापिकाओं के मार्ग दर्शन में मातृ दिवस के अवसर पर अपनी मां के लिए डांस, सॉन्ग व रैंप वॉक की प्रस्तुति की।

## सैनिक स्कूल परीक्षा में शिशु मंदिर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

■ दो छात्रो ने की सैनिक स्कूल की परीक्षा पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** सरस्वती शिशु मंदिर श्रीकोट गंगानाली के छात्रों ने विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता हासिल कर विद्यालय, क्षेत्र और अपने परि. जनों का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के मेधावी छात्र 'अर्पित भंडारी ने एक साथ राजीव नवोदय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय तथा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की प्रवेश परीक्षाएं उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अर्पित वर्तमान में विद्यालय की कक्षा पांचवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार और परिजन बेहद गौरवान्वित हैं। अर्पित के पिता अतोल सिंह होमगार्ड विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने बेटे की सफलता का श्रेय उसकी मेहनत, अनुशासन और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। वहीं विद्यालय के एक अन्य छात्र अभिनवदीप ने भी राजीव नवोदय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षाएं उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। अभिनवदीप भी कक्षा पांचवीं के छात्र हैं। उनके पिता सुनील कुमार पेशे से ड्राइवर हैं।

विद्यालय प्रबंध समिति के हयात सिंह झिक्वाण ने भी दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# पछवादून के विद्यालयों में 'मातृ दिवस' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

■ 'तू कितनी अच्छी है कितनी प्यारी है ओ मां' आदि गीतों पर नृत्य पेश कर समा बांधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** अंबारी विकासनगर स्थित प्रगति शिक्षा मंदिर जूनियर हाई स्कूल, सेपियंस स्कूल विकासनगर, द एलटस इंटरनेशनल स्कूल सहसपुर में मातृ दिवस का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ



मनाया गया।

इस अवसर पर प्रगति शिक्षा मंदिर जूनियर हाईस्कूल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेशमा अंसारी, स्वीटी सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा अनेक प्रस्तुतियां दी गई जिसमें मां ओ मेरी मां मैं तेरा लाडला, तुझ में रब दिखता है यारा मैं क्या करूं, तू कितनी अच्छी है कितनी प्यारी है ओ मां आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सभी माताओ के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेशमा अंसारी ने कहा कि माँ बच्चों के लिए प्रथम शिक्षिका भी होती है इसलिए बच्चों को अपनी माता का अनुसरण करना चाहिए।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सोनम माथुर ने कहा कि ईश्वर हर जगह नहीं हो सकता था, इसलिए उसने 'मां' बनाई।

मां हमारे जीवन की पहली शिक्षक, सबसे अच्छी दोस्त और सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। इस अवसर पर एडवोकेट सुमित सिंह, प्राजंलि सिंह, श्रव्या माथुर,सुनीता देवी, सुमित्रा तोमर, प्रीति नेगी, अंकिता तोमर, निशा सिंह, अदिति, किरण भाटी, मनीष खन्ना, शैला शेख, रानी चंदेल, नवीन, मनीशा वर्मा, मंजू आदि शिक्षक तथा अभिभावक गण मौजूद रहे।

# विश्वनाथ-जगदीशिला डोली के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

■कमलेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद अगले पड़ाव के लिए रवाना हुई डोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** 27वीं बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली रथयात्रा के श्रीनगर पहुंचने पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। डोली के नगर आगमन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान कमलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर परिसर जय बाबा विश्वनाथ



और जय मां जगदीशिला के जयकारों से गूंज उठा। डोली के श्रीनगर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री प्रसाद नैथानी ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वित. रित कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। हर वर्ष प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भ्रमण करने वाली यह पावन डोली यात्रा इस बार अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। यात्रा के संयोजक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि बिशोन पर्वत से आरंभ हुई यह धार्मिक यात्रा उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों के प्रमुख देवालयों और सिद्धपीठों का भ्रमण कर रही है। कहा कि यात्रा का उद्देश्य प्रदेश में स्थित सिद्धपीठों को धाम स्वरूप विकसित करने के साथ-साथ विश्व शांति, सुख, समृद्धि और लोककल्याण की कामना करना है। कार्यक्रम में समिति के सदस्य भरत सिंह रावत, भगवान सिंह राणा, चंद्र सिंह रावत, मनोज राणा, मनोज रावत, मोहना नंद डोभाल, जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, श्यामलाल आर्य, सुरेश नेगी, प्रधान लछमोली सुनील कुमार, कविता देवी, उदय रावत, बिपिन पंवार, पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेस बीरेंद्र सिंह नेगी, प्रो. बीपी नैथानी, डॉ. गांधी चौहान, सूरज घिल्डियाल, दिनेश असवाल, राजेंद्र बुटोला, दीपक थपलियाल, एडवोकेट चंद्रभूषण तिवारी, लाल सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहें।

# बच्चों को अपनी मां का सम्मान करने के लिए किया प्रेरित

■ एंजल्स हेवन स्कूल में हर्षोल्लास से मना मातृ दिवस

**शाह टाइम्स संवादादाता**

**श्रीनगर।** एंजल्स हेवन स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने अपनी माताओं के लिए स्वयं तैयार किए गए सुंदर शुभकामना कार्ड भेंट किए। जिन्हें प्राप्त कर कई अभिभावक भावुक नजर आए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र गौड़ ने कहा कि बच्चे माता का एहसान



जीवन भर नहीं चुका सकते। उन्होंने बच्चों को अपनी मां का सम्मान करने के लिए प्रेरित किंया। मौके पर बच्चों ने माताओं को समर्पित हिंदी एवं अंग्रेजी कविताओं, गीतों और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों देकर सब का मनमोहा। मातृ दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित इंटर हाउस निबंध प्रतियोगिता में मंदा. कनी हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अलकनंदा हाउस द्वितीय और भागीरथी हाउस तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या विभा भट्ट ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में संस्कार, आत्मविश्वास तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। मौके पर कवि जयकृष्ण पैन्यूली, सामजसेवी अमृता, सीमा के साथ ही विद्यालय के प्रबंधक आरपी भट्ट, शिक्षक विवेक, शशिकला, गीता, पूनम, सुभाष सहित आदि मौजूद थे।

# ऐतिहासिक हॉकी टूर्नामेंट 4 जून से

## शताब्दी वर्ष: आयोजकों ने कहा- यादगार होगा टूर्नामेंट, झांकी निकाली जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनताल में डीएसए और एनटीजी की ओर से आयोजित होने जा रहे 100वें ऑल इंडिया ट्रेड्स कप हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर आयोजकों ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर प्रतियोगिता की जानकारी दी। इस दौरान डीएसए के महासचिव मनोज जोशी ने कहा कि इस बार टूर्नामेंट का यह शताब्दी वर्ष है और इसके आयोजन की प्राथमिकता से तैयारियां की जा रही हैं। कहा कि 4 जून वीरवार से प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा और इस दिन तल्लीताल से मल्लीताल तक झांकी निकाली जायेगी जिसमें सभी खिलाड़ी अपनी किट में आयेंगे और साथ ही महिला समूह और शहर के गणमान्य लोग भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। त्रिभुवन सिंह फर्त्याल ने कहा कि यह प्रतियोगिता विश्वयुद्ध के



दौरान भी निर्बाध रूप से चलती रही और इस बार प्रतियोगिता अपने गौरवमय 100वें वर्ष में प्रवेश कर रही है जो कि सभी के लिए गर्व की बात है। डा. मनोज सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रतियोगिता के लिए आने वाली टीमों के लिए यहां पर 25 मई सोमवार तक सभी आधारभूत सुविधाएं व्यवस्था सही से करने का प्रयास रहेगा साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कही पर कोई कमी पेशी लगे तो उसके लिए आयोजकों को सूचित करें ताकि इसमें सुधार किया जा सके और टूर्नामेंट को और बेहतर किया जा सके। पत्रकार वार्ता में प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रतियोगिता में आने वाली टीमों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं करने के प्रयास किये जा रहे हैं। कहा कि भारत की प्रतिष्ठित प्रतियोगिताएं भी कई बार किसी न किसी कारण से रुकी हैं लेकिन यह प्रतियोगिता निरंतर चलती आई है। बीच में कोविड के दौरान यह प्रतियोगिता नहीं हो सकी थी। हॉकी सचिव चन्द्रलाल साह ने बताया कि इस बार विजेता टीम के लिए कैश मनी 75 हजार रूपए से बढ़ाकर 1 लाख 5 हजार रुपए कर दी गई है। रनर अप टीम के लिए 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख कैश प्राइज और बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए नैनी अवार्ड 10 हजार रुपए रखा गया है। आवेदन की अंतिम तारीख 20 मई राखी जगाई है अभी तक 31 टीमें कंफर्म हो गई हैं और 9 टीम वेटिंग है। करीब 40 टीमें इसमें प्रतिभाग करेंगी। पहले दिन एक मुक.ाबला होगा जिसके बाद प्रतिदिन दो मुकाबले होंगे। इस दौरान धर्मेंद्र शर्मा, खीमराज सिंह देऊपा, किशन नेगी, शैलेन्द्र बर्गली, पवन खनायत, सन्तोष कुमार, हरीश जोशी, रवि प्रकाश जोशी तथा एमसी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## एआरओ बिष्ट ने किया नैनी फिलिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन को देखते हुए जिले के एरिया राशनिंग ऑफिसर सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट स्थित नैनी फिलिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पंप प्रबंधक डीसी पंत भी मौजूद रहे। बिष्ट के मुताबिक निरीक्षण में पाया गया कि पंप पर प्रबंधक सहित चार सेल्समैन और साफ सफाई के लिए एक कर्मचारी तैनात है। पंप में ईंधन संग्रहण के लिए तीन टैंक बने हुए हैं जिनकी कुल क्षमता डीजल और पेट्रोल मिलाकर 50 केएल है। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों द्वारा वाहनों को नियमित रूप से ईंधन मुहैया कराया जा रहा था। शिकायत पुस्तिका का अवलोकन करने पर कोई शिकायत दर्ज नहीं मिली। निरीक्षण के समय पंप में पेट्रोल 2370 लीटर, पेट्रोल स्पीड 7167 लीटर और डीजल 1505 लीटर पाया गया वहीं अभिलेखों के अनुसार निरीक्षण तक पेट्रोल 2413 लीटर, पेट्रोल स्पीड 117 लीटर और डीजल 1505 लीटर वितरित किया जा चुका था साथ ही पंप पर डीजल 87.78 प्रति लीटर, पेट्रोल 93.02 प्रति लीटर और पेट्रोल स्पीड 101.38 रुपया प्रति लीटर की दर से बेचा जा रहा था। उपभोक्ताओं के लिए निशुल्क पेयजल और वाहनों में हवा भरने की सुविधा भी पाई गई। निरीक्षण के दौरान शौचालय की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। एआरओ बिष्ट ने पंप प्रबंधन को निर्देशित किया कि पर्यटन सीजन में बढ़ने वाली वाहनों की आवाजाही को देखते हुए पर्याप्त ईंधन भंडारण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी उपभोक्ता या पर्यटक को असुविधा का सामना न करना पड़े।



## एक नजर...

### हरिनगर वार्ड में विशेष सफाई अभियान

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड नंबर 5 हरिनगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत तल्लीताल मस्जिद क्षेत्र से लेकर हरिनगर रईस होटल तथा वार्ड के विभिन्न हिस्सों में सफाई की गई। नगर पालिका द्वारा चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना है। अभियान का नेतृत्व सभासद शीतल कटियार ने किया। इस दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक अमित चौधरी, सफाई नायक संजय भगत, हवलदार कमल सिलेनाल सहित पालिका के पर्यावरण मित्र मौजूद रहे। सभासद शीतल कटिहार ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डालें और गधेरे व नालियों में कचरा न फेंकें। यदि कोई व्यक्ति नालियों में कूड़ा डालते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ पालिका द्वार तहत कार्रवाई की जाएगी।

### परिजनों के भरोसे पर खरी उतरी पुलिस

**कालाढूंगी।** कोटाबाग क्षेत्र से दो नाबालिग बच्चों के साथ लापता हुई महिला को कालाढूंगी पुलिस ने रिकॉर्ड समय में सकुशल बरामद कर परि.जनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार महिला अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ घर से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने पूरे जिले की पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। कालाढूंगी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी विश्लेषण और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर पुलिस टीम महिला और बच्चों की लो.केशन जनपद ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर तक ट्रेस करने में सफल रही। एसएसपी के निर्देश पर विशेष पुलिस टीम को तुरंत रुद्रपुर रवाना किया गया, जहां से महिला और दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया। वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस पूरे अभियान में प्रभारी निरीक्षक कालाढूंगी के नेतृत्व में उपनि.रीक्षक देवेंद्र सिंह राणा, कांस्टेबल प्रकाश, महिला कांस्टेबल हेमलता और टेक्निकल सेल की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

### मां तुझे प्रणाम थीम पर प्रोगाम आज

**नैनीताल।** नैनीताल बैंक के सहयोग से लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा रविवार (आज) मातृ दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कामयबी के लिए शनिवार को क्लब की बैठक कलब की अध्यक्ष कविता त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा सचिव डा. प्रगति जैन ने संचालकत्व में आयोजित हुई। क्लब की अध्यक्ष कविता त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता हेतु ज्योति ढौंढियाल को संयोजक एवं कंचन जोशी एवं अनुराधा भट्ट को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। सचिव डा. प्रगति जैन ने बताया कि कार्यक्रम ठीक 12 बजे से नैनीताल क्लब में आयोजित किया जाएगा जिसमें 20 संघर्षशील महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की थीम मां तुझे प्रणाम पर रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में उपाध्यक्ष दीपा पांडे, हेमा भट्ट, रानी शाह, आभा शाह, रमा लो.हनी, रमा भट्ट, गीता शाह, मंजू बिष्ट, विनीता पांडे, मीनाक्षी कीर्ति, डा. पल्लवी, जीवंती भट्ट, नीरू शाह, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, तनु सिंह, सीमा सेठ, सविता, लारा, दया कुंवर, अमिता शाह, अमिता शेरवानी, मानसी गर्ग, जूही अग्रवाल, विमलेश गोस्वामी, रमा तिवारी, सोनू शाह, तुसी शाह, ज्योति वर्मा, जया वर्मा, लीला राज, सरस्वती चिराला व मधुमिता थे।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में मातृ दिवस मनाया

**नैनीताल।** सेंट जेवियर्स स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के जूनियर छात्र-छात्राओ ने मा के लिए कार्ड बनाये। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य नईम खान ने छात्रों को मातृ दिवस पर माता-पिता का सम्मान करने की सीख दी। पूरे विद्यालय में इस अवसर पर माता के प्रति भावनात्मक माहौल बना रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य, शिक्षक तथा छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

### ईद मिलादुन्नबी कमेटी के चुनाव होंगे 17 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी कमेटी नैनीताल के चुनाव अधिकारी अधिवक्ता सैय्यद काशिफ जाफरी ने कमेटी के चुनाव कार्यक्रम की शनिवार को घोषणा की। उन्होंने बताया कि 10 मई आज को प्रत्याशी अपना



नामांकन फार्म इस्लाम भाई के प्रतिष्ठान से सुबह 10 बजे से रात 7 बजे तक ले सकते हैं। बताया कि नामांकन पत्र का शुल्क 300 रुपया है। कहा कि 11 मई नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि है यह कार्य सुबह 10 से लेकर शाम 7 बजे तक होगा जबकि 12 मई को नामांकन वापसी होगी वहीं 13 मई को नामांकन पत्रों की जांच व चुनाव चिंहों का आवंटन होगा। 13 मई को ही मेंबरशिप की बुकें वापस करने की अंतिम तिथि है। 15 मई को वोटर लिस्ट जारी की जाएगी जबकि 17 मई को कमेटी के चुनाव रजा कलब में सुबह 11 बजे से लेकर शाम को 5 बजे तक होंगे। चुनाव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव व कोषाध्यक्ष पदों के लिए होंगे। चुनाव कमेटी में शाहनवाज खान, शानू अहमद तथा नसीम भाई को शामिल किया गया है।

## भुजियाघाट-डोलमार के बीच 20 फीट खाई में गिरी कार, यात्री सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** बरेली से जागेश्वर जा रहे जिमनी कार नंबर यूके 07एसएन-8221 शनिवार को तड़के भुजियाघाट डोलमार के बीच अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगभग बीस फीट नीचे जा गिरी। ज्योलीकोट के चौकी इंचार्ज श्याम सिंह बोरा ने मामले में बताया कि वाहन में सवार तीनों लोगों को हल्की फुल्की चोटें आई थी।

### ज्योलीकोट क्षेत्र में गुलदार के आतंक से बढ़ी दहशत

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट ग्राम सभा के घनी आबादी वाले अमर निवास मुहल्ले में देर रात्रि में गुलदार आबादी के बीच से मुर्गे को दरबे से निकाल ले गया जिसका सीसीटीवी वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। दूसरी ओर शनिवार को पांच बजे गुलदार ने ज्योलिकोट-बेलूवाखान मोटर मार्ग में भ्रमण में निकले वरिष्ठ नागरिक गो.विंद पाठक और शेर सिंह बिष्ट के साथ मौजूद पालतू कुत्ते को अपना निवाला बनाने की कोशिश की हालांकि गुलदार इसमें सफल नहीं हो पाया। इन दो घटनाओं के बाद लोगों में दहशत और भय व्याप्त है। ग्राम प्रधान नवल कुमार, मनोज बरगली मन्नू, मनीष कुमार तथा गोविंद पाठक आदि ने पिंजरा लगा गुलदार को पकड़ने की मांग की है। रेंज अधिकारी नितिन पंत ने लोगों से सावधानी और सतर्क रहने की अपील की करते बताया कि विभागीय टीम को भेजा दिया गया है और पिंजरा लगाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

# अनुशासन ही उत्कृष्टता का आधार: डा. संजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता, आश्वासन प्रकोष्ठ तथा अनुप्रयुक्त जीव विज्ञान एवं पारिस्थितिकी अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के इंदिरा मिरी सभागार में एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. जितेन हजारिका एवं पद्मश्री प्रो. डा. बीकेएस संजय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ऑर्थोपीडिक सर्जन प्रो. डा. बीकेएस संजय उपस्थित रहे। उन्होंने अनुशासन, नैतिकता और उत्कृष्टता एक शल्य चिकित्सक के जीवन से



सीख विषय पर प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अनुशासन और नैतिकता ही उत्कृष्टता की ओर ले जाते हैं तथा जीवन में स्थायी सफलता प्राप्त करने के लिए समर्पण तथा ईमानदारी और सामूहिक सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति की सफलता व्यवहार, ज्ञान और कौशल इन तीनों पर निर्भर करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि अच्छा व्यवहार, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों के साथ अर्जित ज्ञान ही व्यक्ति को वास्तविक उत्कृष्टता तक पहुंचाता है। चिकित्सा क्षेत्र के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित श्रोताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुप्रयुक्त जीवविज्ञान एवं पारिस्थितिकी अध्ययन केंद्र की निद.ेशक डा. पल्लवी डेका बुजरबरुआ ने की तथा स्वागत भाषण भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विश्व.विद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निदेशक डा. अंगशुर भटाचार्य ने किया। डा. जादब बोरा सेंटर फॉर स्टडीज इन परफॉर्मिंग आर्ट्स के सहायक प्रोफेसर ने कार्यक्रम के आयोजन में समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. परमानंद सोनोवाल समेत विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# टेनिस: हल्द्वानी ने नैनीताल को हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रानीखेत क्लब में आयोजित कुमाऊं स्तरीय टेनिस टीम चैम्पियनशिप रोमांचक मुकाबलों के साथ आगे बढ़ रही है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में हल्द्वानी चैलेंजर्स और रामनगर टाईगर्स ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में पहुंचने की दावेदारी मजबूत कर दी है। प्रतियोगिता के सचिव अरविंद साह और प्रबंधक गौरव पांडेय ने बताया कि तीन दिवसीय इस चैम्पियनशिप में शनिवार को कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। हल्द्वानी चैलेंजर्स ने नैनीताल रेड के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ टीम की फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें मजबूत हो गई है। वहीं ए पूल में लगातार दो टाई जीतकर रामनगर टाईगर्स ने भी फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाए है। हल्द्वानी के विकास पांडेय और देवेंद्र सिंह बिष्ट की जोड़ी ने नैनीताल सिटी के अमर जगाती और अमित जोशी को 6-4 से हराया। इसके अलावा सहर्ष पांडेय और रजत कुमार सती ने नैनीताल रेड की मजबूत जोड़ी अमित



खुल्वे और रवि तेजा को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से शिकस्त दी। रामनगर की ओर से मानस तिवारी और मोहित सिंह राठौर ने रुद्रपुर हिमालयंस के डा. रितेश शर्मा और हेमंत सिंघल को 6-3 से हराया। वहीं नमित तिवारी और प्रखर तिवारी की जोड़ी ने रानीखेत गुलदार के अनुज अग्रवाल और कृष्णा को 6-0 से मात देकर दमदार जीत दर्ज की। आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार देर शाम बारिश के कारण फ्लड लाइट में खेले गए निर्णायक मुकाबले में रामनगर ने रुद्रपुर को 6-4 से हराकर मैच 2-1 से अपने नाम किया था। टूर्नामेंट डायरेक्टर सुमित गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले रविवार को खेले जाएंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल मोहन चंद्र भंडारी होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि आईजी एसएसबी अमित कुमार शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता के दौरान उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन देहराद.ून के वाइस प्रेसिडेंट देवेन्द्र सिंह रावत, ज्वाइंट सेक्रेटरी हेम कुमार पांडेय, एग्जीक्यूटिव मेंबर अमर जगाती, बीएमएस बिष्ट, एसडी सती, अनिल जोशी थे।

# आदि कैलाश यात्रियों का स्वागत

## हिमालय बचाओ अभियान के तहत किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित पवित्र आदि कैलाश यात्रा 2026 का 20 सदस्यीय प्रथम यात्री दल का स्वागत किया गया। कुमाऊं मंडल विकास निगम के पूर्व प्रबंधक व उत्तराखंड क्रांति दल के विधानसभा डीडीहाट से प्रत्याशी दिनेश गुरुरानी ने पौधारोपण अभियान के 663वें दिन हिमालय बचाओ अभियान के तहत यात्रियों को उच्च हिमालय क्षेत्र में पॉलीथिन प्लास्टिक सहित पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली सामग्री का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई, साथ ही उच्च हिमालय क्षेत्र में स्थित गुजी में पौधारोपण हेतु पौधे दिए गए।



दिनेश गुरुरानी द्वारा विगत कई वर्षों से हिमालय बचाओ अभियान के तहत उच्च हिमालय क्षेत्र में यात्रियों के माध्यम से पौधे लगाए जाते हैं व कूड़ा निस्तारण करवाया जाता है। यात्रियों ने दिनेश गुरु रानी की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे यात्रा पूरी करने के उपरांत अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे। कार्यक्रम में यात्रा दल के कोऑर्डिनेटर पदम सिंह रावल, प्रबंधक उमेश पांडे हसी, रचना, नरेंद्र थापा, गोपाल सिंह, सौरव खोलिया, विजय बोरा, सुनील शाह तथा त्रिभुवन व देवेंद्र उपस्थित रहे।

# जतिन नेगी से सीखे फिल्म निर्माण, एक्टिंग के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज केके टावर कारगी रोड देहरादून में आज फिल्म और मीडिया जगत से जुड़ी एक अत्यंत प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र में मुंबई से आए प्रसिद्ध अभिनेता और फिल्म निर्माता तथा देहरादून निवासी जतिन नेगी ने विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण और अभिनय की बारीकियों से अवगत कराया। जनसंचार और पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जिज्ञासा के साथ कार्यशाला में सहभागिता की। जतिन नेगी जो कि भारत फिल्म और टेलीविजन संस्थान के पूर्व छात्र हैं ने विद्यार्थियों को अभिनय, उच्चारण कला, कैमरे के सामने प्रस्तुति, कैमरा कोण, स्क्रीन पर उपस्थिति, संपादन और फिल्म निर्माण के तकनीकी तथा रचनात्मक पक्षों पर विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि कैमरे के सामने केवल संवाद कहना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करना और हर दृश्य को जीवंत बनाना भी एक कला हैउन्होंने कहा कि अभिनय केवल एक पेशा नहीं, बल्कि भावनाओं को जीवन देने वाली कला है और फिल्म निर्माण कल्पनाओं को वास्तविकता में बदलने का माध्यम है। कार्यशाला के दौरान जतिन नेगी ने अपनी संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायी जीवन यात्रा भी विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक बीटेक विद्यार्थी से उन्होंने अपने सपनों का पीछा करते हुए फिल्म जगत तक का सफर तय किया। उन्होंने अपनी फिल्मों, विज्ञापनों और धारावाहिकों में किए गए कार्यों का अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को अपने जुनून के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर संस्थान की संस्थापक और निदेशक डा. कंचन नेगी ने जतिन नेगी का स्वागत करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उन्हें उद्योग जगत का अनुभव, व्यावहारिक ज्ञान और विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को नई दिशा प्रदान करती हैं। बता दें कि डा. कंचन नेगीए उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज की संस्थापक और निदेशक हैं। वे अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षाविद् व अनुसंधान एवं विकास विशेषज्ञ, मीडिया और संचार विशेषज्ञ, प्रेरक वक्ता, दूरदर्शन उत्तराखंड की समाचार वाचिका और शिक्षण प्रशिक्षण क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्ती हैं। मीडिया और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें कई अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उनके नेतृत्व में संस्थान में जनसंचार और पत्रकारिता के डिप्लोमा एवं उच्च डिप्लोमा कोर्स संचालित किए जाते हैं जहां विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में नियुक्ति के अवसर भी प्रदान किए जाते हैं। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने इस सत्र को अत्यंत प्रेरणादायी, ज्ञानवर्धक और करियर मार्गदर्शन से भरपूर बताते हुए संस्थान का आभार व्यक्त किया।

# डामरीकरण की गुणवत्ता पर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर-7 में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए सड़क निर्माण और डामरीकरण कार्य पर स्थानीय लोगों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं बरती गईं, जिसके चलते नई बनी सड़क कुछ ही समय में उखड़ने लगी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई। लोगों के अनुसार सड़क पर डामर बिछाने से पहले उचित आधार तैयार नहीं किया गया और कई स्थानों पर मिट्टी के ऊपर ही डामरीकरण कर दिया गया। यही वजह है कि सड़क आगे से बनती रही और पीछे से उखड़ती नजर आई। नगरवासियों ने आरोप लगाया कि



निर्माण कार्य में मानकों के विपरीत नालों का रेता इस्तेमाल किया गया और सड़क में पर्याप्त भरान भी नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों ने निर्माण कार्य शुरू होने से पहले और बाद में मौके का निरीक्षण तक नहीं किया, जिसका खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। आरोप यह भी हैं कि निर्माण की खामियों को छिपाने के लिए ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे बनी दीवार को तोड़ा जा रहा है, ताकि सड़क की वास्तविक स्थिति सामने न आ सके। कई जगहों पर सड़क टूटती और बिखरती साफ दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि विभाग कथित अनियमितताओं को लेकर क्या कदम उठाता है।

# नैनीताल के स्कूलों में मदर्स-डे की रही धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर नगर के विभिन्न स्कूलों में कई कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया गया। नगर के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स विद्यालय में कार्यक्रम की शुरुआत माताओं के अभिनन्दन के साथ की गई, साथ ही अनेक खेलों के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। खेलो में म्यूजिकल चेयर, ब्लाइंड फोल्ड, स्पून रेस, लकी मॉम आदि अनेक खेल थे। लकी ड्रा द्वारा लकी मॉम को चुना गया तथा सभी विज.ेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि डा. वीके मिश्रा (वरिष्ठ शल्य चिकित्सक बीडी पांडे हॉस्पिटल नैनीताल) तथा विशिष्ठ अतिथि आलोक जोशी (समन्वयक शिक्षा विभाग) एवं कर्नल वीरेंद्र तिवारी रहे।

बच्चों द्वारा अनेकों रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। छोटे बच्चों की





प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। विद्यालय द्वारा बनाया गए सेल्फी प्वॉइंट ने सभी माताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मदर्स डे पर केक भी काटा गया।अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता रावत द्वारा सभी को धन्यवाद कहा गया एवं सभी माताओं को जलपान देकर कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य उप प्रधानाचार्य पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी, अनीता बोरा, आशा जोशी, लता फर्त्याल, रूचि साह, विक्रम सिंह रावत, किरन मेर, पल्लवी जोशी, किरन रतूड़ी, रीमा पवार, लवी जोशी, तुलसी, पूनम, रेनू एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

दूसरी ओर ऑल सेंट्स कॉलेज के प्री. प्राइमरी विंग में कार्यक्रम में नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों की माताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की मधुर प्रस्तुतियों, मुस्कान और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने वाली हिंदी एवं अंग्रेजी कविताओं से हुआ। नन्हे बच्चों ने मधुर गीत प्रस्तुत कर सभी माताओं का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा हाथों से बनाए गए सुंदर शुभकामना कार्ड माताओं को भेंट किए गए जिन्हें पाकर माताएं भावुक हो उठीं।

इस अवसर पर माताओं के लिए कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं एवं खेलों का आयोजन भी किया गया। म्यूजिकल चेयर, बैलेंसिंग गेमस तथा अन्य रोचक गतिविधियों में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जबकि बच्चे तालियाँ बजाकर और उत्साहवर्धन कर उनका हौसला बढ़ाते रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर आनंद व उल्लास और पारिवारिक स्नेह से गूंजता रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजिना रिचड्र्स ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माँ बच्चों के जीवन की प्रथम गुरु होती है और उनके प्रेम, त्याग एवं संस्कारों का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने सभी की सहभागिता को कार्यक्रम की सफलता का मुख्य आधार बताया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या द्वारा माताओं को पौधे भेंट किए गए।

# विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कौशलम जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में जिले के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने हुनर और स्टार्टअप आइडिया का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 34 विद्यालयों के छात्रों ने स्थानीय उत्पादों और नवाचार आधारित बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने हिमालयी औषधियों से बने साबुन, शैंपू, इत्र, जैविक अचार, मडुवा बिस्किट, जूट और रिंगाल से बनी सजावटी वस्तुएं, धूपबत्ती, कालीन और अन्य उपयोगी





उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य सुरेश चंद्र आर्य ने किया। प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज चौरलेख प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज ताड़ीखेत द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज हलसो कोरड़ तृतीय स्थान पर रहा। वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम समन्वयकों ने बताया कि यह पहल आत्मनिर्भर भारत और नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# इटेलियन ओपन के दूसरे दौर में जोकोविच बाहर

**रोम, वार्ता।** छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को इटेलियन ओपन के दूसरे राउंड में क्रोएशियाई युवा खिलाड़ी डिनो प्रिजिमक के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी बाहर हो गए,

जबकि पूर्व चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव, एलेना रायबाकिना और इगा स्वियाटेक तीसरे राउंड में पहुंच गए। 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद जोकोविच और प्रिजिमक के बीच यह पहली भिड़ंत थी। जोकोविच ने शुरुआती सेट में ही बढ़त बना ली, छठे गेम में उन्होंने एक बेहतरीन ड्रॉप शॉट और वॉली के मेल से पॉइंट बनाया और फिर एक जोरदार फोरहैंड विनर के साथ गेम जीत लिया, जिसके बाद उन्होंने सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में प्रिजिमक ने जोरदार वापसी की, क्योंकि जोकोविच की पहली सर्विस की धार थोड़ी कम हो गई थी। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तेजी से 4-0 की बढ़त बना ली और 6-2 से सेट जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तीसरे सेट के पांचवें गेम में उन्होंने एक निर्णायक ब्रेक हासिल किया और 6-4 से जीत दर्ज करते हुए जोकोविच को अंतिम 32 में जगह बनाने से रोक दिया। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने कुल मिलाकर खराब खेला, सर्बियाई खिलाड़ी ने प्रिजिमक के प्रदर्शन की भी तारीफ की और कहा कि क्रोएशियाई खिलाड़ी ने निश्चित रूप से उच्च स्तर का टेनिस खेला है और पिछली भिड़ंत के मुकाबले उनके फोरहैंड में काफी सुधार हुआ है। पुरुष एकल के राउंड ऑफ 64 के अन्य मैचों में, दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने अपने हमवतन जर्मन खिलाड़ी डैनियल अल्तमायर को 7-5, 6-3 से हराया।

# GT ने RR को दिया 230 रन का लक्ष्य

**सूर्यवंशी ने सिराज की पहली बाल पर छक्का लगाया, टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया, राजस्थान 26/0**

**जयपुर, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में शनिवार को राजस्थान रायल्स के खिलाफ 230 रन का टारगेट सेट किया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान के कप्तान यशस्वी जायसवाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 2 ओवर में बिना नुकसान के 26 रन बना लिए हैं। कप्तान यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी क्रीज पर है। सूर्यवंशी ने मोहम्मद सिराज की पहली बाल पर छक्का लगाया।



इसी के साथ उन्होंने टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 100 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। कप्तान शुभमन गिल ने 44 बाल पर 9 चौकों और 3 छक्कों से सजी अर्धशतकीय पारी खेली। साई सुदर्शन ने 36 बाल पर 55 रन बनाए। साई ने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। राजस्थान के बृजेश शर्मा को 2 विकेट मिले। दूसरे ओवर में वैभव सूर्यवंशी ने कगिसो रबाडा की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने दूसरी बाल को फाइन लगे और तीसरी बाल पर मिड विकेट पर सिक्स लगाए। पहले ओवर की तीसरी बाल पर वैभव सूर्यवंशी के पैर में लगी।

सिराज की मिडिल और आफ स्टंप पर बेहद फुल गेंद अंदर की ओर आई। सूर्यवंशी ने किसी तरह बल्ला नीचे लाकर गेंद को रोका, लेकिन गेंद अंदरूनी किनारा लेकर सीधे उनके टखने में लगी। ऐसे में मेडिकल टीम को मैदान पर आना पड़ा। कुछ देर के लिए खेल रोकना पड़ा है। वैभव सूर्यवंशी ने मैदान पर आते ही मोहम्मद सिराज की पहली गेंद पर छक्का जड़ दिया। वैभव ने शार्ट गेंद पर शानदार शाट खेलते हुए गेंद को लान्ग आन के ऊपर से स्टैंड में पहुंचा दिया। इसी के साथ वह टी-20 क्रिकेट में 100 छक्के लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज भी बन गए। गुजरात की पारी के 20वें ओवर में तुषार देशपांडे ने 21 रन खर्च कर दिए। उनके इस ओवर में 3 छक्के पड़े। तेवतिया ने पहली और दूसरी बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। फिर चौथी बाल पर सुंदर ने सिक्स लगाया। 19वें ओवर में बृजेश शर्मा ने जेसन होल्डर (7 रन) को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल (84 रन) को भी आउट किया। 18वें ओवर में गुजरात ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। तुषार देशपांडे की पहली गेंद पर जेसन होल्डर ने चौका लगाया। इसी चौके के साथ टीम ने 200 का आंकड़ा पार किया। 17वें ओवर की दूसरी बाल पर गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान शुभमन गिल 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बृजेश शर्मा ने तुषार देशपांडे के हाथों कैच कराया। बृजेश के इस ओवर की पहली और आखिरी बाल पर सिक्स पड़े।

**खेल विशेष**

## भारत के साहिल ने कंपाउंड स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

**शंघाई (चीन), वार्ता।** भारत के साहिल जाधव ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप 2026 स्टेज 2 में पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। आज यहां 25 साल के भारतीय तीरंदाज ने कांस्य पदक मुकाबले में डेनमार्क के अनुभवी मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर अपना पहला तीरंदाजी विश्वकप पदक जीता। साहिल जाधव पहले सेट के आखिर में 30-29 से पीछे चल रहे थे, लेकिन अगले चार सेट में धीरे-धीरे वापसी करते हुए जीत पक्की कर ली। इससे पहले क्वार्टर-फाइनल में, आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय ने ऑस्ट्रिया के निको वीनर, जो 2021 के वर्ल्ड चैंपियन हैं, को शूट-ऑफ में हराया, जब दोनों तीरंदाज 147 पर बराबर थे। हालांकि, साहिल सेमीफाइनल में फ्रांस के निकोलस गिरार्ड - जो मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन हैं, से 147-145 से हार गए और कांस्य पदक प्लेऑफ में जगह बनाई।

## विश्व कप ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी नोरा फतेही

**टोरंटो, वार्ता।** बॉलीवुड में अपने आइटम नंबर से तहलका मचा चुकी नोरा फतेही फुटबॉल विश्व कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार, 12 जून को, किक-ऑफ से 90 मिनट पहले होगी। 12 जून को, स्थानीय समय 13:30 बजे, कनाडा फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी की मेजबानी करते हुए केंद्र-मंच पर होगा, यह अपने समुदायों, समृद्ध विविधता और फुटबॉल की जोड़ने वाली शक्ति से प्रेरित एक जीवंत उत्सव के साथ दुनिया का स्वागत करेगा। अलानीस मोरिसेत्ते, अलेसिया सारा, एलयाना, जेस्सी रएध, माइकल बबल, नोरा फतेही, संजोय, वेजेड्रीम, विलियम प्रिस और अन्य ग्लोबल संगीत सितारे इस कहानी को जीवंत करने में मदद करेंगे।

## अब्बास का पंजा, पाकिस्तान ने बंगलादेश को 413 रन पर रोका

**मीरपुर, वार्ता।** मोहम्मद अब्बास (पांच विकेट), शाहीन शाह अफरीदी (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को बंगलादेश को पहली पारी को 413 रन के स्कोर पर रोक दिया। आज यहां बंगलादेश ने कल के चार विकेट पर 301 रन से आगे खेलना शुरु किया। बंगलादेश ने महज 112 रन जोड़कर आज अपने छह विकेट गंवा दिए। सुबह के सत्र में मोहम्मद अब्बास ने लिटन कुमार दास (33) रन को आउट कर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद मेहदी हसन मिराज (10), तैजुल इस्लाम (17), इबादत हुसैन (शून्य) को भी अब्बास ने आउट किया।

# RCB की नजरें टॉप-2 में जगह बनाने पर

**रायपुर, वार्ता।** महत्वाकांक्षा और गौरव के बीच होने वाले एक रोमांचक मुकाबले में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार को यहां शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 54वें मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) से भिड़ेगी। आरसीबी की नजर प्लेऑफ में जगह बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाने पर है, जबकि मुंबई अपने निराशाजनक अभियान में मुख्य रूप से अपने गौरव और प्रतिठा के लिए खेल रही है।



आरसीबी, जो पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर आराम से बैठी है, ने निडर टॉप-ऑर्डर बल्लेबाजी को अनुशासित गेंदबाजी के साथ मिलाकर टॉप-2 में जगह बनाने के लिए खुद को एक मजबूत दावेदार बनाए रखा है। हालांकि, हाल के मैचों में लगातार मिली हार ने उनके अभियान में थोड़ी बेचैनी पैदा कर दी है। जैसे-जैसे टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर की ओर बढ़ रहा है, बेंगलुरु की टीम के लिए समीकरण सीधा है: लगातार जीत हासिल करें, वरना प्लेऑफ में जगह बनाने की कड़ी दौड़ में पिछड़ने का जोखिम उठाएं। इसके विपरीत, मुंबई इंडियंस पॉइंट्स टेबल के निचले हिस्से में संघर्ष कर रही है, जिसने दस मैचों में से केवल तीन में जीत हासिल की है। हालांकि उनके आगे बढ़ने की गणितीय संभावनाएं बहुत कम हैं, लेकिन अब उनका पूरा ध्यान अपने गौरव को बचाने और इस सीजन का समापन एक मजबूत अंदाज में करने पर है। अपने उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन के बावजूद, मुंबई अपने दिन एक खतरनाक टीम साबित हो सकती है, जिसके पास ऐसे अनुभवी मैच-विनर हैं जो कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। रायपुर की पिच इस मुकाबले में एक और रोमांचक पहलू जोड़ देती है। हाल के आईपीएल सीजनों में अपेक्षाकृत कम इस्तेमाल हुई यह पिच, संतुलित परिस्थितियां प्रदान करने और मध्यम स्कोरिंग के अवसर देने की उम्मीद है। ऐतिहासिक रूप से, यह मैदान बहुत ज्यादा स्कोर वाला नहीं रहा है, यहां अक्सर धैर्य, साझेदारियों और गेंदबाजी में विविधता के समझदारी भरे इस्तेमाल को, विशेष रूप से बीच के ओवरों में, सफलता मिलती है। आरसीबी की बल्लेबाजी इकाई, जिसकी अगुवाई विराट कोहली कर रहे हैं और जिसे फलि सॉल्ट तथा रजत पाटीदार का साथ मिल रहा है, इस सीजन की सबसे सफल बल्लेबाजी लाइन-अप में से एक रही है, खासकर पावरप्ले के दौरान। हालांकि, उनकी 'डेथ बॉलिंग' (अंतिम ओवरों की गेंदबाजी) को लेकर चिंताएं अभी भी बनी हुई हैं, जो दबाव वाले पलों में रन लुटाने के प्रति संवेदनशील रही है। यदि मुंबई इंडियंस का टॉप-ऑर्डर शुरुआत में ही लय पकड़ लेता है, तो यह बात उन्हें एक मौका दे सकती है। मुंबई की बल्लेबाजी मुख्य रूप से रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की अनुभवी तिकड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, ए तीनों ही बल्लेबाज एक बार पिच पर जम जाने के बाद तेजी से अपनी बल्लेबाजी की गति बदलने में सक्षम हैं।

# भारत का क्वार्टर फाइनल में चीन से मुकाबला

**सूझोउ (चीन), वार्ता।** अंडर-17 महिला एशियन कप के क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना मेजबान चीन से होगा।

भारत की क्वार्टरफाइनल में जगह लेबनान के खिलाफ चार गोलों की जीत की बदौलत सुनिश्चित हुई। शुक्रवार को सूझोउ ताइहु फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर पिच 8 पर मैच के बाद गोल करने वाली प्रीतिका बर्मन, अल्वा देवी सेनजम और जोया ने उस दिन पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसने भारत को इस प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार नॉकआउट चरण तक पहुंचाया। 4-0 की जीत में दो गोल करने वाली प्रीतिका बर्मन ने बताया कि उन्होंने मैच से एक रात पहले ही गोल करने की कल्पना कर ली थी। पश्चिम बंगाल की 16 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मैंने दो गोल किए और हमने बहुत अच्छा खेला। हमें यह मैच जीतना था, इसलिए सभी ने अपना सर्वश्रेठ दिया। जब हम अपना सर्वश्रेठ देते हैं, तो प्रदर्शन भी अच्छा होता है और गोल भी आते हैं। भारत को मैच शुरू होने से पहले ही पता था कि आगे बढ़ने के लिए जीत जरूरी है। यंग टाइग्रेस ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 2005 के बाद इस टूर्नामेंट में अपने पहले गोल दर्ज किए। प्रीतिका ने सातवें मिनट में शानदार व्यक्तिगत प्रयास से पहला गोल किया और बाद में दूसरा गोल भी दागा।

# सूर्यकुमार मुंबई-आरसीबी मुकाबले में खेलने के लिए तैयार

**रायपुर, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव रविवार को रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ऐसा नहीं है कि उनके खेलने पर कभी कोई शक था, लेकिन हाल ही में उनकी पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया है,

जिसके चलते थोड़ी अनिश्चितता थी कि क्या वह अपने परिवार में नए सदस्य के आने के ठीक 48 घंटे बाद समय पर रायपुर पहुंच पाएंगे या नहीं। हालांकि, क्रिकबज इस बात की पुटि कर सकता है कि सूर्यकुमार-जो भारत के टी20आई कप्तान हैं और जिन्होंने 4 मई को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी-ने टीम मैनेजमेंट को अपनी उपलब्धता के बारे में बता दिया है। उनके जल्द ही



रायपुर पहुंचने की उम्मीद है। क्या टी20 विश्व कप जीतने वाले यह कप्तान रविवार को फिर से टीम की कप्तानी करेंगे, यह नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या की रिकवरी पर निर्भर करेगा, हार्दिक पीठ की ऐंठन के कारण 4 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच नहीं खेल पाए थे। अब सब कुछ मुंबई टीम के स्पोर्ट्स मेडिसिन हेड बेन लैंगली और फिजियो नितिन पटेल पर निर्भर करता है। जानकारी के अनुसार, पंड्या ने शुक्रवार को फिटनेस टेस्ट दिया और शनिवार को उनकी फिर से जांच की जाएगी। जाहिर है, उन्होंने रायपुर में टीम के साथ अभ्यास नहीं किया, लेकिन उम्मीद है कि वह शाम को बाद में अभ्यास करेंगे।

# केएल राहुल ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर रहे बरकरार

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप तालिका के र्ग 10 या यहां तक कि शीर्ष 20 रन स्कोरर्स की सूची में अधिक बदलाव नहीं हुआ, लेकिन पहले से ही तीसरे स्थान पर मौजूद केएल राहुल ने 23 रन की पारी खेलकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। अब वह 468 रन के साथ तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।



इस मामले में 494 रन के साथ हाइनरिक क्लास शीर्ष पर तथा 475 रन बनाने वाले अभोिक शर्मा दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले मुकाबले में हमेशा की तरह वैभव सूर्यवंशी पर निगाहें रहेंगी। इसके अलावा जीटी के ओपनर बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल भी रेस में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। सूर्यवंशी फिलहाल 404 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जबकि साई सुदर्शन 385 रन के साथ सातवें और गिल 378 रन के साथ दसवें स्थान पर हैं। ऑरेंज कैप तालिका में कार्तिक त्यागी इस सीजन केकेआर के लिए लगातार विकेट निकाल रहे हैं। पिछले चार मैचों में उन्होंने आठ विकेट लिए हैं, जिसमें शुक्रवार को मिले दो विकेट भी शामिल हैं। अब उनके कुल 13 विकेट हो गए हैं। हालांकि वे अभी टॉप खिलाड़ियों से थोड़ा पीछे हैं, लेकिन तेजी से ऊपर बढ़ रहे हैं। इस तालिका में शीर्ष पांच में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भुवनेश्वर कुमार और अंशुल कम्बोज 17.17 विकेट के साथ पहले और दूसरे स्थान पर हैं, जहां दोनों के बीच अंतर इकॉनमी रेट का है। वहीं 16 विकेट के साथ प्रिंस यादव, कगिसो रबाडा और इशान मलिंगा मौजूद हैं। शनिवार को रबाडा मैदान पर उतरेंगे। पिछले छह मैचों में उनके नाम 12 विकेट हैं और अगर उन्होंने यही लय बरकरार रखी, तो शनिवार रात उनके सिर पर पर्पल कैप भी हो सकती है। हालांकि अगर जोफ्रा आर्चर भी अच्छी लय में रहें तो मामला अलग हो सकता है। उनके नाम 15 विकेट हैं और वे टॉप पांच से ज्यादा दूर नहीं हैं।

# लियोनेल मेसी ने वर्ल्ड कप में नेमार की वापसी का समर्थन किया

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लियोनेल मेसी का मानना है कि नेमार अभी भी फुटबॉल के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्राजील का यह फॉरवर्ड अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए समय पर वापसी कर लेगा। ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी नेमार ने अक्टूबर 2023 के बाद से अपने देश के लिए कोई मैच नहीं खेला है।

उस समय उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच के दौरान उनके घुटने का एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) टूट गया था। अपने बचपन के क्लब सैंटोस में लौटने के बाद से उनकी चोटों की समस्याएं जारी रही हैं।



इस वजह से इस साल सभी प्रतियोगिताओं में वह सिर्फ 12 मैच ही खेल पाए हैं, जबकि 2025 में उन्होंने 28 मैच खेले थे। मेसी ने 'लो डेल पोलो' शो में कहा कि हम चाहते हैं कि सबसे बेहतरीन खिलाड़ी (वर्ल्ड कप में) मौजूद हों और नेमार, चाहे उनकी फॉर्म कैसी भी हो, हमेशा उन बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहेंगे। वर्ल्ड कप में उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार होगा, क्योंकि ब्राजील और फुटबॉल के लिए उनका बहुत बड़ा महत्व है। मुझे उम्मीद है कि वह वहां मौजूद होंगे, लेकिन मैं इस मामले में पूरी तरह से निपक्ष नहीं हो सकता, क्योंकि मेरे हिंसाब से उन्हें हमेशा वहां होना ही चाहिए। नेमार और मेसी ने 2013 से 2017 तक बार्सिलोना में एक साथ खेला था, और फिर 2021 से 2023 तक पेरिस सेंट-जर्मेन में भी वे टीममेट रहे थे। मेसी ने माना कि उनकी दोस्ती की वजह से उनके लिए निपक्ष रहना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। मैं पूरी तरह से निपक्ष नहीं हो सकता। नेमार मेरा दोस्त है, जाहिर है, मैं चाहूंगा कि वह वर्ल्ड कप में खेले और उसके साथ सब कुछ अच्छा हो, क्योंकि वह जिस तरह का इंसान है।

# हमारा आत्मविश्वास कभी कम नहीं हुआ था: कैमरून ग्रीन

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स को उसी के मैदान में आईपीएल मुकाबले में आठ विकेट से पराजित करने के बाद कोलकाता नाईट राइडर्स के कैमरून ग्रीन ने कहा कि टूर्नामेंट में निराशाजनक शुरुआत के बावजूद टीम का आत्मविश्वास कभी कम नहीं हुआ था।

केकेआर ठीक सही समय पर अपनी बेहतरीन फॉर्म में आती दिख रही है। टूर्नामेंट की शुरुआत उनके लिए काफी मुश्किल रही, पहले छह मैचों में उन्हें कोई जीत नहीं मिली, लेकिन अब उन्होंने रफ्तार पकड़ ली है और लगातार चार मैच जीत लिए हैं। ग्रीन ने मैच के बाद शुक्रवार को कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारा आत्मविश्वास कभी कम हुआ था। मुझे लगता है कि पूरे टूर्नामेंट में, यहां तक कि कोई मैच जीतने से पहले भी, हमारी टीम का माहौल बहुत अच्छा रहा है।

कुछ खिलाड़ियों ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि हम हर मैच हार रहे हैं, क्योंकि हर कोई बहुत उत्साहित और जोश से भरा हुआ था। ग्रीन से जब टूर्नामेंट में एक बड़ी कीमत पर शामिल होने के बारे में



पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सपोर्ट स्टाफ ने मुझ पर कभी कोई दबाव नहीं डाला। मुझे लगता है कि पहले दिन से ही वे मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। उन्होंने कभी मुझे यह महसूस नहीं कराया कि टीम के किसी और खिलाड़ी के मुकाबले मुझ पर कोई ज्यादा दबाव है। ग्रीन ने अपनी फटिनेस को लेकर जताई जा रही चिंताओं को भी दूर करते हुए कहा कि वह चार ओवर गेंदबाजी करने के लिए 100 फीसदी तैयार हैं।

# विरोधी कर रहे हैं घिनौनी सियासत : शहजाद

## दुष्प्रचार कर रच रहे सामाजिक व सियासी नुकसान पहुंचाने की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लक्सर विधायक हाजी मौ. शहजाद के खिलाफ कुछ लोग दुष्प्रचार कर उनकी सियासी व सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाने की सियासी साजिश कर रहे हैं जिस बाबत लक्सर विधायक हाजी मो. शहजाद ने कहा कि वह हर वर्ग व समाज के जनहित के मुद्दों को पूरी बेबाकी से ईमानदारी जिम्मेदारी से हर प्लेटफार्म पर उठा रहे हैं। विधानसभा से लेकर अधिकारियों के सामने भी हर वर्ग की समस्या को पुरजोर तरीके से हल कराने का प्रयास कर रहे हैं। गरीब, मजदूर, किसान व सभी वर्गों की ईमानदारी से आवाज उठाने से पीछे नहीं हट रहे हैं। लेकिन कुछ लोग उनकी सियासी व सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए जो सियासी साजिश कर रहे हैं वह कामयाब नहीं होगी। हर वर्ग की आवाम उनके किरदार को अच्छी तरह जानती और पहचानती है।

अवगत करा दें कि कि लक्सर बसपा विधायक हाजी मौ. शहजाद उत्तराखण्ड सदन में मेरे द्वारा समाज के सभी वर्गों के व्यापक जनहित के विषय/मुद्दें उठाये जाते रहे हैं जिनका समाधान भी हुआ है। इसी क्रम में धार्मिक अल्पसंख्यक (मुस्लिम समाज) के मदरसों, शिक्षा संस्थानों



से जुड़े मुद्दों को गंभीरता और प्रमुखता के साथ उठाने का कार्य किया है। सर्व समाज के हित में जो भी प्रयास सम्भव हो सके, उन्हें पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कराने का प्रयास

**❖सभी वर्ग व समाज के जनहित के मुद्दों को हर प्लेटफार्म पर उठा रहा हूं : लक्सर विधायक**

किया गया है। 22 मार्च 2026 को हरिद्वार डैम कोठी पर शहजाद विधायक के द्वारा उत्तराखण्ड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जी से मदरसा बोर्ड एवं मदरसों से जुड़े विषयों को लेकर मदरसा संचालकों की मुलाकात कराई गई थी, ताकि अल्पसंख्यक समाज की समस्याओं का सकारात्मक समाधान निकल सके और संबंधित विषयों पर सार्थक चर्चा हो सके। पर अफसोस की बात है कि कुछ राजनैतिक द्वेष से प्रेरित लोग मेरी सामाजिक एवं जनहित की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से लगातार भ्रामक प्रचार एवं दुष्प्रचार फैलाने का कार्य कर षडयंत्र रच रहे हैं। समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया में जिस घटना का उल्लेख किया जा रहा है, उससे मेरा कोई संबंध नहीं, वह बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार द्वारा की गई छापामार कार्यवाही के दौरान सामने आई थी, जिसके आधार पर संबंधित विभाग द्वारा जांच प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है। मैं सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से फैलाए जा रहे सभी भ्रामक और षडयंत्रकारी आरोपों और अफवाहों का स्पष्ट रूप से खंडन करता हूँ। जनता सच्चाई से भली-भांति परिचित है। आगे भी मैं सर्व समाज के साथ साथ, पिछडों, अल्पसंख्यकों के अधिकारों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ उठाता रहूँगा।

# जाली नोट चलाने के आरोप में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुलिस ने जाली नोट चलाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 850 रुपये बरामद हुए हैं। खास बात यह है कि सभी नोटों पर एक ही सीरियल नंबर छपा था।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम उप निरीक्षक नितिन बिष्ट टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि मुंडलाना निवासी अल्ताफ उर्फ इल्ताफ नकली नोट चलाता है। 7 मई को उसने मुंडलाना रोड स्थित पेट्रोल पंप पर 100 रुपये का नकली नोट देकर पेट्रोल भरवाने की कोशिश की थी। इस सूचना पर पुलिस अकबरपुर-सिक्खर रोड स्थित नए स्विमिंग पुल के पास पहुंची। पुलिस को देख आरोपी भागने लगा, जिसे मौके पर ही दबोच लिया गया। तलाशी में उसकी जेब से 100-100 के 8 और 50 रुपये का 1 नकली नोट मिला। पूछताछ में आरोपी ने नोटों के जाली होने की बात कबूली। उसने बताया कि वह दोस्तों के साथ शराब पीता है और उसे याद नहीं कि नोट किसने दिए। आरोपी के पास से एक सैमसंग कीपैड मोबाइल भी बरामद हुआ है। कोतवाली प्रभारी भगवान महर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# अतिक्रमण होने के चलते 80 फुट चौड़ी सड़क रह गई 20 फुट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा के बस अड्डा अमर जवान चौक के आस पास दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने से 80 फुट चौडी सड़क लगभग बीस से पच्चीस फुट ही रह गई है। अतिक्रमण के चलते अमर जवान चौक के आस पास वहां से आने जाने वाले वाहनो से पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है । लोगों का कहना है कि नगर पंचायत कर्मचारीयों द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर दुकानदारों से 100 का चालान काटकर खानापूर्ति कर दी जाती है। यही स्थिति कस्बे के मुख्य बाजार की भी है। कस्बे में क्षेत्र वासियों द्वारा स्थाई रूप से अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई है। कस्बे से होकर निकलने वाले मुख्य सड़क मार्ग की चौड़ाई 80 फीट है। सड़क के दोनों और के दुकानदारों द्वारा सड़क मार्ग पर अतिक्रमण करने से कस्बे के बस अड्डा अमर जवान चौक के आसपास सड़क मार्ग की चौड़ाई घटकर लगभग बीस फीट ही रह गई है। कस्बा व क्षेत्र वासी चौधरी बिरम सिंह बिट्टू चौधरी जयवीर सिंह विक्रम सिंह प्रदीप कुमार सुशील कुमार सुलेमान मलिक शहजाद आदि का कहना है कि अमर जवान चौक के आस पास स्थित सभी दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने फलों की ठेलियां खड़ी करवा रखी है। इन फल ठेली वालो से दुकानदार किराए के नाम पर अच्छा खासा किराया वसूलते हैं। जबकि यह फल ठेलिया पुरी तरह सड़क मार्ग पर खड़ी होती है। दुकानदारों को किराया देने से इसका खामीयाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है

# मदरसों को शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त कराना जरूरी : सुरजीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह गांधी ने आज जनपद हरिद्वार के लक्सर और बहादराबाद के मदरसों के प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों के साथ के०जी०एन० हाई स्कूल, जसोद्दरपुर, ब्लॉक बहादराबाद में महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में डॉ. सुरजीत सिंह गांधी ने कहा कि किसी भी मदरसे को अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान का दर्जा प्राप्त करने के लिए सर्वप्रथम शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त करना आवश्यक होगा। उन्होंने मदरसा प्राचार्यों एवं प्रबंधकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे शीघ्र से शीघ्र शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण करें, जिससे संस्थानों को शासन की योजनाओं एवं प्राधिकरण की सुविधाओं का लाभ सुचारु रूप से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को सशक्त एवं सक्षम बनाने हेतु प्रत्येक बच्चे को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना पहली और सबसे महत्वपूर्ण शर्त है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ विज्ञान, गणित, तकनीकी एवं सामाजिक विषयों की शिक्षा भी बच्चों को दी जानी



चाहिए, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। डॉ. सुरजीत सिंह गांधी ने यह भी जानकारी दी कि उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण द्वारा एक समान धार्मिक पाठ्यक्रम तैयार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इससे पूरे राज्य में धार्मिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में एकरूपता आएगी तथा उत्तराखंड ऐसा अभिनव प्रयास करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल धार्मिक शिक्षा को व्यवस्थित, संतुलित एवं समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। बैठक में मदरसा प्रबंधकों ने भी अपने सुझाव एवं समस्याएं प्राधिकरण अध्यक्ष के समक्ष रखीं, जिनके समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर अनेक मदरसों के प्रबंधक, शिक्षक एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बकरी को कुत्ते के काटने पर झगड़े में 21 लोगों पर मुकदमा

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के बेड़पुर गांव में बकरी को कुत्ते द्वारा काटे जाने की घटना को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट और हंगामा हो गया। पुलिस ने इस मामले में 21 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि 10 अप्रैल को बेड़पुर निवासी शहरान ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की थी कि कुत्ते द्वारा बकरी को काटने के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर डेरी में घुस आए और उसके व परिजनों के साथ मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी दी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे एक आरोपी हयात निवासी बेड़पुर पिरान कलियर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। टीम में एसएसआई देवेंद्र सिंह तोमर, कांस्टेबल प्रकाश मनराल और होमगार्ड ललित कुमार शामिल रहे।

# एसपी ट्रैफिक निशा यादव ने यातायात पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ट्रैफिक पुलिस लाइन में एसपी क्राइम/ट्रैफिक निशा यादव पहुंचीं, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर यातायात प्रबंधन की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से आम जनता की ट्रैफिक से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों से भी उनकी समस्याएं जानीं और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का भरोसा दिलाया। एसपी ट्रैफिक ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी जनता के साथ शालीन और संयमित व्यवहार रखें तथा शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। बिना हेलमेट वाहन चलाने, शराब पीकर ड्राइविंग करने और नो-एंट्री का उल्लंघन करने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा डग्गामार और अवैध वाहनों के खिलाफ अभियान को और तेज




करने को कहा गया। उन्होंने बताया कि शहर में जाम की समस्या से निपटने के लिए पार्किंग व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है और नए पार्किंग स्थलों के चयन की प्रक्रिया जारी है। आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत अलग टीम गठित कर नियमित पेट्रोलिंग कराई जाएगी।एसपी ट्रैफिक ने कहा कि पुलिस आम जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क सुरक्षा सुनि

# मंगलौर पुलिस ने दबोचे दो गैंगस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत मंगलौर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह बनाकर अपराध करने वाले दो गैंगस्टर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लंबे समय से गोकशी की वारदातों में लिप्त थे।

मंगलौर क्षेत्राधिकारी अभिनय ने बताया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के आदेश पर जिले में अवैध गतिविधियों में शामिल अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलौर पुलिस ने ग्राम कुमराड़ी निवासी दो आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट के तहत हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पूर्व में भी गोकशी के कई मामलों में नामजद रह चुके हैं और लगातार आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय थे। इसी आधार पर उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। कोतवाली प्रभारी भगवान महर के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित कर अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने सोनू उर्फ रहमान,और अनीस निवासी ग्राम कुमराड़ी मंगलौर को दबोचकर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# रिश्ता टूटने पर खर्च वापस मांगने पर युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव में शादी का रिश्ता टूटने के बाद अपना सामान और नगदी वापस मांगने गए एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौज के मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। पथरी थाना क्षेत्र के ग्राम घिस्सुपुरा धनपुरा निवासी साकिब उर्फ सलमान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका रिश्ता पाडली गेंदा निवासी मुस्कान के साथ तय होने की बात चल रही थी। रिश्ते के दौरान साकिब ने लड़की पक्ष को एक अलमारी, सिलाई मशीन, टच स्क्रीन मोबाइल फोन सहित 1500 नगद और लगभग 75,000 ऑनलाइन माध्यम से दिए थे। किन्हीं कारणों से जब रिश्ता नहीं हो पाया, तो साकिब बीती 7 मई की शाम करीब 8 बजे अपना सामान और पैसे वापस मांगने मुस्कान के घर पह पहुँचा। जब उसने अपने पैसे और सामान की मांग की, तो युवती मुस्कान, उसके पिता मुन्तयाज, भाई आसिफ और माता फरमाना ने उसे घेर लिया और साकिब को जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों और लात-घूसों से बुरी तरह पीटा और भद्दी-भद्दी गालियां दीं। पीड़ित ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। रास्ते में मिले एक परिचित कादिर ने घायल साकिब को थाने पहुँचाया, जहाँ पुलिस ने उसकी हालत देखते हुए उसे मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। पीड़ित साकिब का कहना है कि आरोपितो ने उसे दोबारा गांव आने पर जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है कोतवाली पर भारी निरीक्षक विजय सिंह ने पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**बुग्गावाला।** क्षेत्र के बंजारेवाला गाँव में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों और युवाओं ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद किया।

इस अवसर पर समाजसेवी सचिन तोमर ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हम सभी को संघर्षों में भी कभी हार न मानने और अपने धर्म व स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अंकित राणा, गौरव चौहान, निशु चौहान, डॉ. सुलेख तोमर, सचिन सैनी, योगेश राणा, अमरीश राणा, दिनेश राणा, जॉनी राणा, डॉ. सुमित राणा सहित सेकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## 115 ग्राम अवैध चरस के साथ युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने एक युवक को 115 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार रात को पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि अब्दाल बस्ती क्षेत्र में एक युवक चरस बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को पकड़ लिया और तलाशी लेने पर उसके पास से 115 ग्राम चरस बरामद हुई पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम शुभम निवासी इमलीखेड़ा बताया है। युवक ने पुलिस पूछताछ में यह भी बताया कि वह स्वयं थोड़ी-थोड़ी मात्रा में हाथ से चरस तैयार करता था और कुछ नशा करने वालों से भी चरस एकत्र कर ज्यादा पैसा कमाने के लिय उसे महंगे दामों में बेचता था। आरोपी मजदूरी का कार्य करता है और नशे की लत व निजी खर्च पूरे करने के लिए इस धंध में शामिल हो गया।पुलिस ने युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## एक फरार आरोपी गिरफ्तार

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के बेड़पुर में हुई मारपीट और बलवा के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि 10 अप्रैल को बेड़पुर निवासी शहरान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि कुत्ते ने बकरी को काटने की घटना को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के बाद एक पक्ष के लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर डेरी में घुस आए और उसके व परिजनों के साथ मारपीट की। साथ ही गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

### ध्वस्तीकरण/नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.05.26 को राजकीय प्राथमिक विद्यालय टान्डा हसनगढ में पुराने विद्यालय भवन के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया होनी है जिस हेतु प्रक्रिया में शामिल होने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाता है। अत: आप सभी से निवेदन है कि इच्छुक व्यक्ति दिनांक 20.05.26 को प्रात: 10 बजे विद्यालय पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। धन्यवाद

**प्रधानाध्यापक**

**रा.प्रा.वि. विद्यालय टान्डा हसनगढ वि.क्षे. भगवानपुर जनपद हरिद्वार।**

# कार्यकर्ता ही हैं भाजपा की रीढ़ : देवयानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** भाजपा लंढौरा मंडल की प्रथम मासिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भाजपा नेत्री रानी देवयानी ने कहा कि भाजपा बिना किसी भेदभाव के सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही भाजपा का लक्ष्य है।

लंढौरा स्थित एक कॉलेज में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेत्री रानी देवयानी ने कहा कि किसी भी पार्टी की रीढ़ उसके कार्यकर्ता होते हैं। जो जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं और पार्टी की विचारधारा को जनता तक पहुंचाते हैं। कार्यकर्ता ही होते हैं जो चुनावी जीत में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं, घर-घर प्रचार अभियान चलाते हैं और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करते हैं। भाजपा नेत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं को नमो ऐप, सरल ऐप, एआई और एसाईआर को लेकर भी जानकारी दी। पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौम्पियन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को पश्चिम बंगाल सहित देश के तीन राज्यों में भाजपा को मिले जनादेश पर बधाई देते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है। बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद के सदस्य रिसालत हैदर, भीम सिंह, तेजपाल मोर्य, गोविंद, दौलत सैनी, सुनील सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# हवन-पूजन के साथ नेहरू स्टेडियम के जीर्णोद्धार का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नेहरू स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शुभारंभ कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने हवन-पूजन के साथ किया। आचार्य रजनीश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना संपन्न कराई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

स्टेडियम परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि नेहरू स्टेडियम के जीर्णोद्धार की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह स्टेडियम आधुनिक सुविधाओं से युक्त "स्पोर्ट्स हब" के रूप में स्थापित होगा। यहां चेंजिंग रूम, पवेलियन, दर्शक दीर्घा समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण और संसाधन मिल सकें। मेयर अनीता अग्रवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नेहरू स्टेडियम के कायाकल्प के लिए मुख्यमंत्री द्वारा 2 करोड़ 28 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। स्टेडियम के आधुनिक



स्वरूप में आने के बाद स्थानीय खिलाड़ियों को बड़ा लाभ मिलेगा और वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पालिकाध्यक्ष दिनेश कौशिक ने किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधु, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलकमल शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विभोर सेठी, संजय अरोड़ा, विवेक चौधरी, कमल चावला, संजीव तोमर, सावित्री मंगला, गौरव कौशिक, शगुन शर्मा, ताहिर अहमद, अनुराग त्यागी, बृजमोहन सैनी, सुमित अग्रवाल, मन्नू सोनकर, इंद्रपाल वेदी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मंगलौर सहकारी संघ के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

# विकास अध्यक्ष व मोनिका बनी उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** सहकारी संघ लिव मंगलौर के चुनाव में सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ जिसमें विकास चौहान अध्यक्ष एवं मोनिका बनी उपाध्यक्ष बनी है।

सहकारी संघ लिव मंगलौर की प्रबंध समिति के चुनाव की प्रक्रिया आज सकुशल सम्पन्न हुई है, राज्य सरकार द्वारा नमित एक संचालक सहित कुल 13 संचालकों से बने बोर्ड में अध्यक्ष पद पर विकास चौहान, उपाध्यक्ष पद पर मोनिका, जिला सहकारी बैंक प्रतिनिधि के 4 पदों पर टीना देवी, नीशू राठी, भारती देवी एवं सुशील राठी तथा जिला सहकारी संघ प्रतिनिधि पद के दो पदों नेहा एवं मसरूर, थोक केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार, क्रय-विक्रय सहकारी समिति समेत सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ,इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील राठी, अवनीश चेयरमैन, हरेन्द्र चेयरमैन, विनोद चेयरमैन, राजू कोटवाल, कुलवीर प्रधान, मांगेराम सिरोही, सचिन प्रधान, रोहित प्रधान, जितेंद्र प्रमुख,प्रधान अजय



चौहान नितिन संसिया, प्रधान अक्षय सैनी समेत सेकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

# युद्ध से पहले परमाणु हथियार बना रहा था ईरान, कोई सबूत नहीं

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र प्रमुख जो केंट ने तथ्यों के साथ किया बड़ा दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र (एनसीसी) प्रमुख जो केंट ने दावा किया है कि हालिया युद्ध से पहले अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का आकलन था कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा था। केंट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सीआईए सहित सभी अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस बात पर सहमत थीं कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा था।

उन्होंने कहा कि किसी भी हमले की स्थिति में यह आशंका थी कि ईरान क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाएगा और होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करेगा। उन्होंने लिखा कि इस युद्ध की कई त्रासदियों में से एक यह है कि युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस बात पर सहमत थीं कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा, जिसमें सीआईए भी शामिल है। केंट ने आरोप लगाया कि इजरायल ने अमेरिकी नीति निर्धारण को प्रभावित किया और इजरायल ने बहस



■ सीआईए सहित सभी अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस बात पर सहमत थीं कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा था: केंट

जीतकर हमें इस युद्ध में धकेल दिया। उन्होंने कहा कि वह सैद्धांतिक रूप से ईरान युद्ध का समर्थन नहीं कर सकते। उनके अनुसार ईरान से अमेरिका को कोई 'तत्काल खतरा' नहीं था और यह स्पष्ट है कि अमेरिका इस युद्ध में 'इजरायल और उसके प्रभावशाली अमेरिकी लॉबी के दबाव' में शामिल हुआ। केंट ने दावा किया कि खुफिया एजेंसियों ने पहले ही आगाह किया था कि ईरानी नेतृत्व को निशाना बनाने से वहां के सत्तारूढ़ तंत्र और कट्टरपंथियों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सटीक खुफिया आकलनों के बावजूद राजनीतिक दबाव के कारण सैन्य कार्रवाई का फैसला लिया गया। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी 2026 को ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताओं का हवाला देते हुए उस पर हमला शुरू किया था। केंट ने आरोप लगाया कि युद्ध के दौरान ट्रम्प प्रशासन अपने घोषित उद्देश्यों को लगातार बदलता रहा। केंट ने कहा कि उन्होंने मार्च में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था क्योंकि वह 'ईरान के खिलाफ अनुचित अमेरिकी-इजरायली आक्रामकता' का विरोध कर रहे थे। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा था कि ईरान अमेरिका के लिए कोई तात्कालिक खतरा नहीं था और कुछ राजनीतिक शक्तियों ने बाहरी प्रभाव में आकर अमेरिका को युद्ध में धकेला। उन्होंने अमेरिकी विदेश नीति की भी आलोचना करते हुए कहा कि राजनीतिक नैरेटिव के कारण खुफिया सूचनाओं को कमजोर किया गया और युद्ध को इजराइल तथा उसके समर्थकों के दबाव में आगे बढ़ाया गया। उन्होंने आशंका जताई कि यह संघर्ष अमेरिका को एक और लंबे पश्चिम एशिया युद्ध में धकेल सकता है और युद्ध तक पहुंचने वाली निर्णय प्रक्रिया की पुनर्समीक्षा की जरूरत है। उन्होंने लिखा कि जून 2025 तक आप समझते थे कि मध्य-पूर्व के युद्ध एक जाल हैं, जिन्होंने अमेरिका के सैनिकों की जान ली और देश की समृद्धि को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने ट्रम्प के पहले कार्यकाल में कासिम सुलेमानी की हत्या और आईएसआईएस के खिलाफ कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय सैन्य शक्ति का उपयोग बिना लंबे युद्ध में फंसे किया गया था।



प्रयागराज। भीषण गर्मी में कपड़ा ढक्कर अपने बच्चे को धूप से बचाती महिला।

## महान विजय की 81वीं वर्षगांठ पर समारोह में भाग लेंगे तोकाएव

**मास्को।** कजाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकाएव मास्को में रूस के विजय दिवस समारोह में शामिल होंगे। कजाखस्तान राष्ट्रपति के प्रेस सचिव ऐबेक स्मादियारव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्मादियारव ने टेलीग्राम पर कहा कि राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकाएव रूस की महान विजय की 81वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मास्को में आयोजित समारोहों में भाग लेंगे। रूस ने कजाख नेता के निर्णय पर संतोष व्यक्त किया है और उनकी मास्को की आगामी कार्य यात्रा को एक 'मैत्रीपूर्ण कदम' बताया है। स्मादियारव ने बताया कि तोकाएव की मास्को यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक बैठक की योजना भी बनाई गई है।

## ब्रिटेन के चुनाव परिणाम सत्तारूढ़ लेबर पार्टी का जनाधार खोने का संकेत

**लंदन।** ब्रिटेन में सात मई को 136 क्षेत्रों में नगर परिषदों की लगभग 5000 सीटों के लिए चुनाव हुए। देश में अभी भी कुछ वोटों की गिनती जारी है लेकिन एक बात स्पष्ट हो चुकी है कि प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की लेबर पार्टी को भारी झटका लगा है। स्कॉटलैंड और वेल्स में क्रमशः 129 और 96 संसदीय सीटों पर एक ही दिन चुनाव हुए। वर्ष 2024 के बाद से यह सबसे बड़ा चुनाव रहा है और इसे व्यापक रूप से स्टारमर के प्रधानमंत्रित्व काल की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। निगेल फराज के नेतृत्व वाली रिफॉर्म यूके को चुनावों का सबसे बड़ा विजेता माना जा रहा है। स्काई न्यूज के अनुसार, इसने अब तक 1422 सीटें जीती हैं। लेबर पार्टी 980 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि लिबरल डेमोक्रेट्स और कंजरवेटिव पार्टी क्रमशः 834 और 754 सीटों के साथ तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। प्लाइड सिमरु, जो वेल्स की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध एक मध्य-वामपंथी पार्टी है, 43 सीटों के साथ वेल्स सेनेड में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। रिफॉर्म यूके 34 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि लेबर पार्टी नौ सीटों के साथ बहुत पीछे तीसरे स्थान पर है।

### अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने राजनयिक प्रयासों को सराहा

# बड़ी ताकत बनकर उभरे मुजतबा खामेनेई

## ईरान के सर्वोच्च नेता जंग की रणनीति और राजनयिक वार्ता दोनों का कर रहे नेतृत्व

**वाशिंगटन।** ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई संघर्ष के दौरान देश की युद्ध रणनीति को आकार देने और युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ राजनयिक बातचीत में शामिल अधिकारियों को निर्देशित करने वाले प्रमुख चेहरे के रूप में उभरे हैं। ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के पहले ही दिन उनके पिता और ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और कई वरिष्ठ ईरानी सैन्य कमांडर मारे गए थे। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के आकलन के अनुसार, उसी हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मुजतबा कथित तौर पर ईरान की युद्धकालीन रणनीति बनाने, सैन्य अभियानों का निर्देशन करने और अमेरिका से समझौते के राजनयिक प्रयासों का मार्गदर्शन करने में गहराई से लगे हुए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मुजतबा के चेहरे, हाथ, धड़ और पैर काफी ज्यादा झुलस गए थे। अमेरिकी खुफिया एजेंसी का मानना है कि वह सार्वजनिक नजरों से दूर रहकर स्वस्थ होने के साथ-साथ अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वह किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक संचार से जानबूझकर बच रहे हैं और केवल व्यक्तिगत मुलाकातों या संदेशवाहकों के जिरए हस्तलिखित नोटों से ही



■ अमेरिका से समझौते के राजनयिक प्रयासों का मार्गदर्शन करने में गहराई से लगे हुए

संवाद कर रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशक्यान ने इस सप्ताह पुष्टि की कि उन्होंने मुजतबा के साथ ढाई घंटे तक आमने-सामने बैठक की। हमले के बाद नए सर्वोच्च नेता और ईरान के किसी वरिष्ठ अधिकारी के बीच यह पहली सार्वजिनक रूप से पुष्ट मुलाकात थी। ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालय में प्रोटोकॉल प्रमुख मजाहिर हुसैनी ने शुक्रवार को कहा कि खामेनेई अपनी चोटों से उबर रहे हैं और अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। सीएनएन के अनुसार, हुसैनी ने सर्वोच्च नेता की स्थिति को लेकर चिंताओं को कम करने की कोशिश की और कहा कि खामेनेई के पैर और पीठ के निचले हिस्से में मामूली चोटें आई थीं। उन्होंने यह भी बताया कि छर्रे का एक छोटा-सा टुकड़ा उनके कान के पीछे लगा था, लेकिन घाव अब भर रहे हैं। ईरान में एक जनसमूह को संबोधित करते हुए हुसैनी ने कहा कि खुदा का शुक्र है कि वह स्वस्थ हैं। दुश्मन हर तरह की अफवाहें फैला रहा है और झूठे दावे कर रहा है। वे उन्हें देखना और ढूंढ़ना चाहते हैं, लेकिन लोगों को धैर्य रखना चाहिए और जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। सही समय आने पर वह आपसे बात करेंगे। अमेरिकी विश्लेषक स्वीकार करते हैं कि वे मुजतबा की मौजूदगी की पुष्टि प्रत्यक्ष तौर पर नहीं कर सकते। कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि ईरान के सत्ता ढांचे के भीतर मौजूद अधिकारी अपने निजी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उन तक अपनी पहुंच को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। ईरान का दैनिक परिचालन प्रबंधन इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ के सहयोग से चलता प्रतीत होता है। गालिबाफ ने ही अमेरिका के साथ परमाणु और युद्धविराम वार्ता के पहले दौर का नेतृत्व किया था।

## ईरान के लगभग दो-तिहाई मिसाइल लॉन्चर अब भी चालू

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, अनिश्चितता के बावजूद युद्ध ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को कम जरूर किया है, लेकिन उन्हें पूरी तरह नष्ट नहीं किया है। खुफिया जानकारी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, ईरान के लगभग दो-तिहाई मिसाइल लॉन्चर अब भी चालू माने जा रहे हैं। यह आंकड़ा पिछले अनुमानों से कहीं अधिक है। इसका आंशिक कारण वर्तमान में जारी युद्धविराम है, जिसने ईरान को संभलने और उन लॉन्चरों को बाहर निकालने का समय दे दिया है, जो पिछले हमलों के दौरान दब गए थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सीआईए के एक आकलन में यह निष्कर्ष भी निकाला गया है कि ईरान भारी आर्थिक संकट का सामना करने से पहले अमेरिका के नेतृत्व वाली वर्तमान नाकेबंदी को अगले चार महीनों तक और झेल सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान के शासन ढांचे को 'पूरी तरह से बिखरा' बताया है। वहीं ह्वाइट हाउस ने इस बात पर जोर दिया है कि सैन्य दबाव, आर्थिक अलगाव और आंतरिक कलह ने ईरानी शासन को काफी कमजोर कर दिया है।

## ईरान के विदेशी सैन्य खरीद नेटवर्क पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के सैन्य खरीद नेटवर्क की सहायता करने के आरोप में कई संस्थानों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें वे कंपनियां भी शामिल हैं जिन पर कथित तौर पर पश्चिम एशिया में अमेरिकी और सहयोगी देशों की सेनाओं के खिलाफ ईरानी हमलों में मदद करने के लिए उपग्रह चित्र (सैटेलाइट इमेजरी) प्रदान करने का आरोप है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी फैक्ट शीट के अनुसार, मिसाइल और ड्रोन संचालन सहित ईरानी सैन्य गतिविधियों को सक्षम बनाने वाली उपग्रह चित्र और संबंधित तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए चार संस्थाओं को प्रतिबंधित किया गया है। अमेरिका ने कहा कि इस तरह की सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है। अमेरिकी वित्त विभाग ने भी 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है, जिन पर ईरान को उसके मानवरहित विमान (यूएवी) और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से संबंधित हथियार और कच्चा माल प्राप्त करने में मदद करने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा

■ इस तरह की सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है
■ अमेरिकी वित्त विभाग ने भी 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया

कि ए उपाय 'नेशनल सिक्योरिटी प्रेसिडेंशियल मेमोरेंडम 2' के तहत ईरान की सैन्य आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित करने और 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के बाद उसके प्रसार-संवेदनशील कार्यक्रमों को फिर से खड़ा करने के किसी भी प्रयास को रोकने के व्यापक अभियान का हिस्सा हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई परमाणु प्रतिबद्धताओं के प्रति ईरान की 'बेहद लापरवाही' दिखाने के बाद सितम्बर 2025 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के प्रतिबंधों को फिर से लागू किए जाने के बाद की गई है। इन उपायों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1929 के तहत ईरान को पारंपरिक हथियारों के हस्तांतरण, तकनीकी सहायता और संबंधित सेवाओं पर प्रतिबंध शामिल हैं।

# पुतिन ने यूक्रेन युद्ध को जायज ठहराया

**मॉस्को।** रूस ने महान देशभक्ति युद्ध में विजय की 81वीं वर्षगांठ लाल चौक पर भव्य परेड के साथ मनाई। इस अवसर पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को नाजी जर्मनी के विरुद्ध सोवियत संघ के संघर्ष और यूक्रेन के साथ रूस के मौजूदा टकराव को जोड़ने की कोशिश की।

इसे उन्होंने एकीकृत पश्चिमी गुट के साथ व्यापक संघर्ष का हिस्सा बताया। पच्चीस वर्षों से अधिक समय से रूस पर शासन कर रहे पुतिन लगातार द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत विजय को राष्ट्रीय पहचान की नींव और अपने नेतृत्व तथा यूक्रेन युद्ध के लिए समर्थन जुटाने के एक मार्गदर्शक उपाय के रूप में प्रस्तुत करते रहे हैं। इस वर्ष रेड स्क्वायर पर विजय दिवस समारोह में अपने संबोधन में, उन्होंने



■ जीत हमेशा हमारी रही

एक बार फिर उस विरासत का हवाला देते हुए वर्तमान सैन्य कार्रवाइयों को परिभाषित किया और रूस को 'पूरे नाटो गुट द्वारा समर्थित आक्रामक शक्ति' का सामना करने वाले देश के रूप में चित्रित किया। पुतिन ने अतीत और वर्तमान के सैन्य संघर्षों के बीच निरंतरता पर जोर देते हुए कहा कि रूसी सेनाएं 'युद्धकालीन पीढ़ी की परंपराओं को आगे बढ़ा रही हैं' और अब 'पूरे नाटो गुट द्वारा समर्थित आक्रामक शक्ति' का सामना कर रही हैं। उन्होंने रूस के रक्षा क्षेत्र पर भी प्रकाश डाला और कहा कि देश 'युद्ध के अनुभव पर आधारित आधुनिक हथियार' बना रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि युद्ध के अनुभवों से मिले सबक वर्तमान सैन्य विकास में किस प्रकार लागू किए जा रहे हैं। पुतिन ने आगे इस बात पर बल दिया कि 'महान देशभक्ति युद्ध' का स्मरण केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि आवश्यक है। उन्होंने इसे 'सम्मान का विषय' बताया। उन्होंने 22 जून, 1941 को सोवियत संघ पर नाजी आक्रमण को राष्ट्रीय इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक बताया और बलिदान और दृढ़ता के भाव को बल दिया।

# ईरान के खिलाफ लापरवाह सैन्य अभियान चला रहा अमेरिका

## ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा: ईरान के लोग दबाव के आगे कभी नहीं झुकेंगे

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि जब कभी राजनयिक समाधान का विकल्प मौजूद होता है तो वह लापरवाह सैन्य अभियान का मार्ग चुनता है। यह जानकारी बीबीसी ने शनिवार को दी।

अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ईरान के लोग दबाव के आगे कभी नहीं झुकेंगे। उनका बयान दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले शुरू करने का आरोप लगाने के एक दिन बाद और अमेरिका द्वारा और अधिक ईरानी जहाजों पर गोलीबारी करने के बाद आया है। झड़पों के बावजूद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि युद्धविराम बरकरार है। इसका उद्देश्य फरवरी में अमेरिका और इजरायल के साथ शुरू हुए ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत को संभव बनाना है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा ईरान

■ इसका उद्देश्य फरवरी में अमेरिका और इजरायल के साथ शुरू हुए ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत को संभव बनाना है



से अमेरिकी प्रस्तावों पर जवाब देने की उम्मीद है। इटली की यात्रा के दौरान रुबियो ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह एक गंभीर प्रस्ताव है और मैं वास्तव में यही चाहता हूं। ईरान, अमेरिका और इजरायल के हमलों के प्रतिशोध में होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए हुए है और खाड़ी में अमेरिकी सहयोगियों पर हमले कर रहा है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस का परिवहन इसी महत्वपूर्ण जलमार्ग से होता है जिसके अवरुद्ध होने से कीमतों में भारी उछाल आया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, ट्रम्प ने फरवरी से इस क्षेत्र में फंसे लगभग 2,000 जहाजों को मुक्त कराने में मदद करने के लिए एक अमेरिकी सैन्य अभियान शुरू किया और फिर उसे रोक दिया। अमेरिका, ईरान पर अमेरिकी शर्तों को मानने के लिए दबाव डालने के उद्देश्य से ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी भी बनाए हुए है और इस कदम से तेहरान नाराज है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में एक ईरानी बंदरगाह में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे दो ईरानी ध्वज वाले खाली तेल टैंकरों को निष्क्रिय कर दिया जो चल रही अमेरिकी नाकाबंदी का उल्लंघन कर रहे थे। बयान में कहा गया कि अमेरिकी सेना ने नियमों का पालन न करने वाले जहाजों के चिमनियों पर सटीक गोलाबारी करके उन्हें ईरान में प्रवेश करने से रोक दिया। सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिकी सेना 70 से अधिक टैंकरों को ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने या बाहर निकलने से रोक रही है। गुरुवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में हुई झड़पों के बाद अमेरिका ने नए हमले किए, जिसके लिए दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को दोषी ठहराया।

# ट्रम्प ने की रूस-यूक्रेन के बीच तीन दिवसीय युद्धविराम की घोषणा

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1000 कैदियों की अदला-बदली का भी किया ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों दौरान रूस और यूक्रेन के बीच तीन दिन के युद्धविराम और 1000 कैदियों की अदला-बदली की घोषणा की है। यह समारोह द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से न केवल सैन्य अभियान रुकेंगे बल्कि युद्ध शुरू होने के बाद से कैदियों की सबसे बड़ी अदला-बदली भी होगी।

रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि रूस ने यूक्रेन के साथ नौ से 11 मई तक युद्धविराम करने और इस अवधि के दौरान यूक्रेन के साथ 'हजार के बदले हजार' कैदियों की अदला-बदली करने की ट्रम्प की पहल पर सहमति व्यक्त की है। यह अस्थाई युद्धविराम नौ मई से 11 मई तक रहेगा और यह चार साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के



■ इस समझौते से न केवल सैन्य अभियान रुकेंगे बल्कि युद्ध शुरू होने के बाद से कैदियों की सबसे बड़ी अदला-बदली भी होगी: डोनाल्ड

लिए अमेरिका के नेतृत्व में जारी राजनयिक प्रयासों के बीच हुआ है। ट्रम्प की घोषणा के कुछ ही समय बाद, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने पुष्टि किया कि यूक्रेन युद्धविराम में शामिल होगा। रूसी सरकारी मीडिया ने भी कहा कि रूस ने प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है। जेलेंस्की ने एक्स पर पुष्टि किया कि युद्धविराम की व्यवस्था अमेरिका के नेतृत्व में युद्ध को समाप्त करने के लिए किए जा रहे वार्ता प्रयासों के अंतर्गत की गई है जो अब चार साल से अधिक समय से चल रहा है। उशाकोव ने बाद में कहा कि अमेरिकी प्रशासन के साथ हमारी टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान इस मामले पर एक समझौता हुआ। अमेरिकी प्रतिनिधि यूक्रेन के संपर्क में भी थे। उशाकोव के अनुसार, यह समझौता रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ट्रम्प के बीच हाल ही में हुई फोन कॉल के बाद हुआ, जिसके दौरान दोनों नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हमारे देश सहयोगी थे और विजय दिवस समारोह के दौरान युद्धविराम की संभावना पर भी चर्चा की। यह घोषणा कई दिनों से बढ़ते तनाव के बाद हुई है,जिसमें रूस और यूक्रेन दोनों एक-दूसरे पर रूस के विजय दिवस समारोह से जुड़े अलग-अलग युद्धविरामों के बावजूद हमले जारी रखने का आरोप लगा रहे हैं। रूस ने इससे पहले नौ मई के विजय दिवस समारोह से जुड़ा एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की थी जबकि यूक्रेन ने कहा कि उसने पहले ही छह मई से व्यापक युद्धविराम का प्रस्ताव रखा था, लेकिन दावा किया कि रूस ने इस प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया।लगभग दो दशकों में पहली बार, रूस में विजय दिवस परेड में सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा क्योंकि यूक्रेन द्वारा समारोहों को बाधित करने के प्रयास की आशंकाओं के कारण अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। अधिकारियों ने मास्को और सेंट पीटर्सबर्ग दोनों शहरों के निवासियों को चेतावनी दी है कि सुरक्षा कारणों से आयोजनों के दौरान मोबाइल इंटरनेट की सुविधा प्रतिबंधित हो सकती है।

## रूस-सऊदी अरब ने ईरान तथा अरब देशों के बीच सामान्य संबंधों का समर्थन किया: लावरोव

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और उनके सऊदी समकक्ष फैसल बिन फरहान अल सऊद के बीच फोन पर बातचीत में दोनों पक्षों ने ईरान और अरब राजतंत्रों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का समर्थन किया। रूसी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरान और अरब देशों (जहां राजशाही है) के बीच लंबे समय के लिए रिश्ते सुधारने और सामान्य बनाने की कोशिशें दोबारा शुरू करना सही माना गया है। मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों का आवागमन संघर्ष-पूर्व की स्थितियों में बहाल किया जाना चाहिए।

## इम्फाल: मणिपुर में नौ उग्रवादी और ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में 7 और 8 मई को चलाए गए अभियानों के दौरान नौ सक्रिय उग्रवादियों, जबरन वसूली करने वालों और नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि इनके पास से हथियार, गोला-बारूद, भारी मात्रा में ड्रग्स, नकदी और वाहन जब्त किए गए हैं। गत 7 मई को चुराचांदपुर थाना क्षेत्र के जोउ वेंग इलाके में सुरक्षा बलों ने केएनए (बी) के एक सक्रिय उग्रवादी लालथांगजॉन को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक 9 एमएम पिस्तौल, मैगजीन, सात कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। उसी दिन, इंफाल पूर्वी जिले के पोरमपत थाना क्षेत्र से एक महिला उग्रवादी को भी हिरासत में लिया गया। गत 8 मई को सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिमी जिले के हियांगथांग इलाके से एक अन्य उग्रवादी को गिरफ्तार किया। इसी दिन, कांगपोकपी जिले के पांगमौल गांव से जबरन वसूली करने वाले दो युवकों-थांगजामंग हाओकिप और हेनमिनलुन उर्फ बोइलुन मिसाओ को पकड़ा गया। ये दोनों कथित तौर पर मार्ग में ट्रकों को रोककर चालकों से पैसे वसूल रहे थे। ड्रग्स के खिलाफ की गई कार्रवाई में 8 मई को पुलिस ने चुराचांदपुर के हिलटाउन क्षेत्र से नेखोलुन हांगशिंग को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1-360 किलोग्राम संदिग्ध 'ब्राउन शुगर' से भरे 118 डिब्बे बरामद किए गए। इससे पहले 7 मई को सेनापति जिले के टी खुल्लेन नाका चेकपोस्ट पर सुरक्षा बलों ने दो वाहनों को रोककर तीन संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया।



# दिशा पाटनी का दिखेगा एक्शन अवतार

# द पोर्टल ऑफ फोर्स का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के पहले इंटरनेशल प्रोजेक्ट द पोर्टल ऑफ फोर्सष का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिशा जेसिका के किरदार में नजर आती हैं, जो इस एपिक सुपरनैचुरल कहानी का इमोशनल और नैरेटिव सेंटर है।

कहानी दो प्राचीन गुटों स्टैटिंगाड्र्स वर्सेस होलीगाड्र्स सागा के बीच चल रही जबरदस्त टक्कर पर आधारित है। द पोर्टल ऑफ फोर्स की पहली फिल्म है, जो एक नए सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करती है, जिसे लाडो ओखोटनिकोव ने बनाया है। कहानी के मूल में है दो पुरानी ताकतों की भिड़ंत। स्टैटिंगाड्र्स, जो दुनिया को बैलेंस में रखने वाले नियम और व्यवस्था के पक्ष में हैं, और होलीगाड्र्स, जो



बिल्कुल अलग विचारधारा पर चलते हैं।

जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, जेसिका का अलौकिक परिवर्तन देखने को मिलता है। दिशा पाटनी ने कहा, मैं इस खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर के लिए काफी एक्साइटेड थी। मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट करना एक साथ थ्रिलिग और डराने वाला एक्सपीरियंस था, लेकिन सीखने के मौके बहुत बड़े थे। इतने अनुभवी कास्ट के साथ काम करना अपने आप में एक लर्निंग था।



## दर्शन ने गाना ओनली माइन किया रिलीज

**मुंबई।** दर्शन रावल ने आज अपना नया गाना 'ओनली माइन रिलीज किया, जो गहरे और सच्चे प्यार की भावना को दिखाता है। इस गाने को दर्शन रावल ने खुद गाया और कंपोज किया है। इसके बोल उन्होंने सिद्धार्थ अमीर भावसार और यंगवीर के साथ मिलकर लिखे हैं। वहीं, मिर देसाई ने इसका म्यूजिक तैयार किया है। दर्शन रावल ने कहा, यह मेरे बाकी गानों से काफी अलग है। यह एक एक्सपेरिमेंटल और बहुत पैशनेट गाना है। मैंने इसकी धुन बनाई और जब मिर देसाई को सुनाई, तो उन्हें यह बहुत पसंद आई। उन्होंने कहा कि यह मेरे पहले के गानों से काफी अलग है। इसके बाद हमने इसे पूरी तरह लाइव रिकॉर्ड करने का फैसला किया।

## बाबिल खान शूटिंग के बीच संगीत में ढूंढते हैं सुकून

**मुंबई।** अभिनेता बाबिल खान अपनी अगली प्रोजेक्ट की व्यस्त शूटिंग के बीच अपने सबसे बड़े शौक में से एक संगीत की ओर लौट रहे हैं, ताकि खुद को सुकून दे सकें, तरोताजा कर सकें और खुद से दोबारा जुड़ सकें।

लंबे शूटिंग घंटों के बीच बाबिल अपना खाली समय अपनी वैनिटी वैन में गिटार के साथ बिताते नजर आते हैं और शॉट्स के बीच के शांत पलों का भरपूर आनंद ले रहे हैं। संगीत के प्रति अपने प्यार और स्वाभाविक गायन प्रतिभा के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता अक्सर सामाजिक माध्यमों पर अपने संगीत से जुड़े पल प्रशंसकों के साथ साझा करते रहते हैं - कभी सहज संगीत सत्र तो कभी अपनी आवाज की छोटी झलकियां। बाबिल के लिए ए पल व्यस्त दिनचर्या के बीच थोड़ा रुकने और खुद के साथ समय बिताने का एक खास तरीका बन गए हैं। कैमरे से परे भी संगीत उनकी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बना हुआ है।

बाबिल खाान ने कहा, जब भी मुझे काम के बीच थोड़ा समय मिलता है, मैं अपने आप संगीत की तरफ खिच जाता हूं। गिटार बजाना और गाना हमेशा से मुझे बेहद पसंद रहा है। यह मजेदार भी है, सुकून देने वाला भी और खुद के साथ समय बिताने का मेरा तरीका भी। जहां बाबिल अपनी अगली प्रोजेक्ट पर काम में जुटे हुए हैं, वहीं उनके ए सहज संगीत भरे पल प्रशंसकों को खूब पसंद आ रहे हैं। यह न सिर्फ एक अभिनेता के रूप में उनकी विविधता दिखाते हैं, बल्कि कला के प्रति उनका सच्चा प्रेम भी सामने लाते हैं। हर सुर और हर गीत के साथ बाबिल खान यह साबित कर रहे हैं कि खुद को जमीन से जुड़ा रखने का सबसे अच्छा तरीका वही है, जिसे आप सबसे ज्यादा प्यार करते हैं।

## हेली शाह की लोकप्रिय सीरीज गुल्लक 5 में एंट्री



**मुंबई।** अभिनेत्री हेली शाह अब टीवीएफ की बेहद पसंदीदा सीरीज गुल्लक के सीजन 5 में नजर आने वाली हैं। मिडिल क्लास भारतीय परिवार की सादगी, अपनेपन और रोजमर्रा की चुनौतियों को खूबसूरती से दिखाने वाली इस सीरीज ने पिछले कुछ वर्षों में दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। फिलहाल मिश्रा परिवार की भावुक और मजेदार कहानियों से जुड़ाव महसूस करने वाले फैंस अब नए सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हेली शाह, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है, इससे पहले भी गुल्लक की दुनिया में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं। उनके किरदार को दर्शकों ने काफी भी पसंद किया था, खासकर उनकी सादगी और शो की नैचुरल कहानी के साथ उनकी सहज केमिस्ट्री को। हाल ही में रिलीज हुई हेली शाह की नई तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर फैंस के बीच उत्साह और बढ़ा दिया है। कैजुअल एथलीजर लुक में नजर आ रहीं हेली के चेहरे के इमोशनल एक्सप्रेशंस इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार उनकी कहानी सीजन में एक नया भावनात्मक पहलू जोड़ सकती है। तस्वीरों में एक ऐसा सीन भी देखने को मिल रहा है, जो काफी भावुक नजर आता है और दर्शकों के मन में मिश्रा परिवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर उत्सुकता बढ़ा रहा है। अपने पुराने अंदाज, हल्के-फुल्के हास्य और दिल छू लेने वाली स्लाइस-ऑफ-लाइफ कहानी के साथ गुल्लक सीजन 5 एक बार फिर जहां दर्शकों को यादगार सफर पर ले जाने के लिए तैयार है।

# भोपाल में 16 मई को होगा पेड्डी का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च



**मुंबई।** ग्लोबल स्टार रामचरण की आने वाली फिल्म पेड्डी का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च 16 मई को भोपाल में हो सकता है। फिल्म पेड्डी पहले ही साल 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में अपनी जगह बना चुकी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे। सूत्रों के अनुसार पेड्डी का ट्रेलर अगले वीकेंड शनिवार 16 मई को भोपाल में होने वाले भव्य लॉन्च इवेंट में रिलीज किया जा सकता है। इस खास मौके पर राम चरण, निर्देशक बुची बाबू साना, निर्माता वेंकट सतीश किलारू, सुकुमार और जान्हवी कपूर के शामिल होने की उम्मीद है। इस इवेंट की भव्यता को और खास बनाने के लिए ए- आर- रहमान के भी मौजूद रहने और लाइव परफॉर्मेंस देने की संभावना है। बड़े स्तर पर प्लान किया जा रहा यह लॉन्च इस साल के सबसे बड़े फिल्म इवेंट्स में से एक साबित हो सकता है। फिल्म की एडवांस बुकिंग को अमेरिका में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। वहीं हाल ही में सुकुमार ने पेड्डी के सेट्स का दौरा किया था और फिल्म के ओवरऑल कंटेंट की काफी सराहना की। फिल्म का अब तक सामने आया हर कंटेंट दर्शकों तक शानदार तरीके से पहुंचा है और हर तरफ लोगों से मजबूत जुड़ाव बना रहा है। बुची बाबू सना द्वारा लिखित और निर्देशित, पेड्डी में राम चरण मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ शिव राजकुमार, जान्हवी कपूर, दिव्एंदु शर्मा और जगपति बाबू नजर आएंगे। वेंकट सतीश किलारू द्वारा उनके बैनर वृद्धि सिनेमाज के तहत और प्रमुख प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स के सहयोग से निर्मित, तथा उत्तर भारत में जियो स्टूडियोज द्वारा रिलीज की जा रही यह फिल्म चार जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**इस इवेंट की भव्यता को और खास बनाने के लिए ए. आर. रहमान के भी मौजूद रहने और लाइव परफॉर्मेंस देने की संभावना है। बड़े स्तर पर प्लान किया जा रहा यह लॉन्च इस साल के सबसे बड़े फिल्म इवेंट्स में से एक साबित हो सकता है। फिल्म की एडवांस बुकिंग को अमेरिका में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है।**

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

## कुब्रा सैत ने गोल्डन टेंपल में टेका माथा

**मुंबई।** अपने लगातार व्यस्त शूटिंग शेड्यूल, ट्रैवल और निजी जिदंगी के बीच अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में आध्यात्मिक सुकून के कुछ पल बिताए। कुब्रा ने अमृतसर के प्रसिद्ध गोल्डन टेंपल पहुंचकर न सिर्फ माथा टेका, बल्कि वहां से अपनी एक शांत और खूबसूरत तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। इस तस्वीर में सादगी भरे पारंपरिक लुक में, सिर ढके हुए कुब्रा बेहद शांत और भावुक नजर आ रही हैं। पवित्र स्थल पर खिचवाई गई तस्वीर के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है, समर्पण करने आई थी, लेकिन जिंदगी की सबसे बड़ी नेमत मिल गई। ऐसा हमेशा होता है। इसके साथ ही उन्होंने वाहेगुरु, गोल्डन टेम्पल और पवित्र जैसे हैशटैग भी इस्तेमाल किए हैं, जिससे उनके शब्दों में आस्था, शांति और आध्यात्मिक संतोष साफ झलक रहा था। गौरतलब है कि अपने दमदार अभिनय और बेबाक अंदाज के लिए पहचानी जाने वाली कुब्रा अक्सर



फैंस के साथ अपनी निजी जिदगी की झलकियां साझा करती रहती हैं। लेकिन इस बार उनका एक बेहद शांत, भावुक और आध्यात्मिक रूप देखने को मिला है। साथ ही फैंस ने भी कुब्रा की पोस्ट पर खूब प्यार बरसाया है।